NBT नवभारत टाइम्स




PTI

# प्रदूषण गंभीर, सर्वे में 82% ने कहा, करीबी बीमार पड़े

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

दिल्ली और NCR के ज्यादातर हिस्सों में प्रदूषण सोमवार को भी गंभीर बना रहा। दिल्ली में प्रदूषण की निगरानी से जुड़े 40 में से 28 केंद्र रेड जोन में रहे। हालात इस कदर खराब हैं कि दिल्ली-NCR के 82% लोगों ने माना कि उनके जानने वालों में एक या एक से ज्यादा लोग इस प्रदूषण के कारण सेहत से जुड़ी गंभीर समस्याओं का सामना कर रहे हैं। LocalCircles के इस सर्वे में शामिल 73% लोग इस कारण चिंतित दिखे कि वे परिजनों की देखभाल पर होने वाले खर्च को वहन कर पाएंगे भी या नहीं। वहीं, 8% तो दिल्ली-NCR छोड़ने पर विचार कर रहे हैं। इस बीच दिल्ली सरकार ने 5वीं तक के स्कूलों को पूरी तरह 'ऑनलाइन मोड' में चलाने का निर्देश जारी कर दिया है। पेज 3


**दिल्ली में 5वीं तक के स्कूल ऑनलाइन, आदेश जारी**



महानगरों में एक वर्ग ऐसा है, जिनकी लाइफस्टाइल प्रदूषण की समस्या पैदा करती है, खमियाजा गरीबों को झेलना होता है। - सुप्रीम कोर्ट

### कोहरे से कई हादसे, 5 मौतें

दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेसवे पर सोमवार सुबह घने कोहरे की वजह से फरीदाबाद और नूंह में हुए हादसों में CISF इंस्पेक्टर समेत 5 लोगों की मौत हो गई। गाजियाबाद में ईस्टर्न पेरिफेरल एक्सप्रेसवे (KGP) पर 10 गाड़ियां टकराईं। ग्रेनो में 2 जगह गाड़ियां भिड़ीं। देखें अंदर



## फुटबॉलर बोले - थैंक्यू, फिर मिलेंगे!

# दिल्ली ने जीता मेसी का दिल

■ फुटबॉल के सुपरस्टार लियोनेल मेसी (Lionel Messi) ने सोमवार को दिल्ली में अपने भारत टूर का समापन धमाकेदार अंदाज में किया। अरुण जेटली स्टेडियम में उन्होंने अपने फैन्स को नौजवान की यादें दीं और फिर लौटने का वादा भी किया। इस दौरान स्टेडियम में 25 हजार से ज्यादा दर्शक अर्जेंटीना की नीली-सफेद जर्सी (नंबर 10) पहने हुए थे और लगातार 'मेसी-मेसी' के नारे लग रहे थे। मेसी का 72 घंटों का 'GOAT' टूर कोलकाता में अफरा-तफरी से शुरू हुआ था, लेकिन दिल्ली से वह गदगद होकर लौटे।

AP



**वेलकम मेसी** दिल्ली की सीएम रेखा गुप्ता और ICC के चेयरमैन जय शाह ने मेसी का स्टेडियम में स्वागत किया।

### स्टेडियम में धमाकेदार एंट्री...

मेसी की उड़ान कुछ देरी से दिल्ली पहुंची। फैन्स का इंतजार तब खत्म हुआ, जब मेसी ने स्टेडियम में एंट्री ली। साथ में दो अन्य दिग्गज फुटबॉलर लुईस सुआरेज और रोड्रिगो डी पॉल थे।

**फैन्स संग फुटबॉल** दिल्ली के अरुण जेटली स्टेडियम में मेसी ने मिनरवा की अंडर-14 टीम संग फुटबॉल खेलकर माहौल बना दिया। PTI

### दीवाने फैन्स के लिए सपने जैसे रहे 35 मिनट

**मेसी सिर्फ** 35 मिनट के लिए स्टेडियम में थे, लेकिन वह थोड़ा समय भी उनके लिए किसी सपने से कम नहीं था। सबसे रोमांचक क्षण तब आया जब बेहद महंगे टिकट खरीदकर आए फैन्स के सामने मेसी ने स्पैनिश में छोटा-सा, लेकिन दिल छू लेने वाला संबोधन दिया। उन्होंने आखिर में कहा, 'Gracias Delhi! Hasta pronto (धन्यवाद दिल्ली, जल्द मिलते हैं)।' मेसी, रोड्रिगो डी पॉल और लुईस सुआरेज ने स्टेडियम का पूरा चक्कर लगाया और दर्शकों के उत्साह के बीच एक दर्जन से अधिक फुटबॉल्स को किक मारकर स्टैंड्स में उछाला, जिससे फैन्स खुशी से झूम उठे। पेज 5,12

PTI



**ताजपोशी:** दिल्ली में BJP मुख्यालय में सोमवार को केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और पार्टी अध्यक्ष जे.पी. नड्डा ने कार्यकारी अध्यक्ष नितिन नवीन को कुर्सी पर बिठाया।

## नितिन नवीन ने संभाला पदभार, IGI से पार्टी मुख्यालय तक स्वागत

# BJP में 'नवीन' अध्याय की शुरुआत

Bhupender.Sharma@timesofindia.com

■ **नई दिल्ली:** बीजेपी के नवनियुक्त राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष नितिन नवीन ने सोमवार को केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जे.पी. नड्डा और धर्मेंद्र प्रधान व पीयूष गोयल जैसे वरिष्ठ नेताओं की मौजूदगी में सोमवार को पार्टी मुख्यालय में पदभार संभाला। साल 2026 में होने वाले पांच राज्यों के विधानसभा चुनाव उनके कार्यकाल की सबसे पहली और बड़ी चुनौती होंगे। खासकर पश्चिम बंगाल में बीजेपी कैसा प्रदर्शन करती है, इस पर सबकी निगाह रहेगी। पांच बार के विधायक, बिहार सरकार में मंत्री और कई राज्यों के प्रभारी 45 वर्षीय नितिन नवीन ने अपने राजनीतिक जीवन में नई सोच वाली नेतृत्व क्षमता का परिचय दिया है। उनकी नियुक्ति से बीजेपी ने अपने हर कार्यकर्ता को संदेश दिया है कि मेहनत और रिजल्ट देने वालों को बड़े से बड़ा पद भी दिया जा सकता है। माना जा रहा है कि नितिन नवीन अंततः नड्डा के उत्तराधिकारी के रूप में राष्ट्रीय अध्यक्ष पद की जिम्मेदारी संभालेंगे। हो सकता है कि 14 जनवरी या इसके बाद उन्हें पूर्णकालिक कमान दे दी जाए।

इससे पहले IGI पर दिल्ली की सीएम रेखा गुप्ता ने अपने मंत्रियों और कई बीजेपी सांसदों की मौजूदगी में उनका स्वागत किया। फिर पार्टी मुख्यालय में उनके स्वागत में फूल बरसाए गए। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने जय श्रीराम के नारे भी लगाए। पेज 11

**2026 में पांच राज्यों में चुनाव होंगे सबसे बड़ी चुनौती**

**GOOD न्यूज़**

गुड न्यूज से जुड़ी खास खबरें देखें पेज 9


### मोदी जॉर्डन पहुंचे, भारतवंशियों से मिले

PTI



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी सोमवार को जॉर्डन के अम्मान पहुंचे। वहां मोदी भारतवंशियों से मिले। किंग अब्दुल्ला से मुलाकात में मोदी ने कहा कि आतंकवाद पर भारत और जॉर्डन की सोच एक जैसी है। पेज 14

# मनरेगा से महात्मा गांधी को राम-राम, केंद्र ला रहा कानून, भड़का विपक्ष



MGNREGA की जगह लेगा विकसित भारत-जी राम जी विधेयक

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

केंद्र MGNREGA यानी महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी कानून को खत्म कर नया कानून ला रहा है। इस विधेयक की कॉपी सोमवार को लोकसभा के सदस्यों में बांटी गई। बिल का नाम - विकसित भारत-गारंटी फॉर रोजगार ऐंड आजीविका मिशन (ग्रामीण) यानी (VB-G RAM G) बिल 2025 रखा गया है। इस कानून के तहत ग्रामीण परिवारों को हर साल 100 के बजाय 125 दिन के रोजगार की कानूनी गारंटी देने का प्रस्ताव है। पेज 11

**केंद्र में सहयोगी टीडीपी भी इस बिल से चिंतित**

विपक्ष ने मनरेगा का नाम बदलने के सरकार के फैसले का विरोध किया है। इनका कहना है कि यह महात्मा गांधी का अपमान और मनरेगा को खत्म करने की साजिश है। केंद्र सरकार में सहयोगी तेलुगु देशम पार्टी (TDP) ने विधेयक के इस प्रावधान पर चिंता जताई, जिसमें कहा गया है कि राज्यों को भी मजदूरी भुगतान का भार साझा करना होगा।

**हैपी मॉर्निंग**

बॉस ने जोक सुनाया तो पूरी टीम हंसने लगी, बस पिंकू नहीं हंसा।
**बॉस ने पूछा:** क्या तुम्हें मेरा जोक समझ नहीं आया?
**पिंकू:** सर, मेरा सिलेक्शन दूसरी कंपनी में हो गया है।

### पाक की मदद से हुआ था पहलगाम अटैक: NIA

■ **NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली:** जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में 22 अप्रैल को हुए आतंकी हमले के केस में NIA ने सोमवार को कोर्ट में चार्जशीट दाखिल की। इसमें मारे गए तीनों पाकिस्तानी आतंकियों समेत 7 आरोपी बनाए गए। इनमें पाक के संगठन लश्कर-ए-तैयबा, इससे जुड़े TRF, पाकिस्तानी हैंडलर सजाद जट्ट का नाम है। पेज 8




**उधमपुर में आतंकियों से मुठभेड़, सिपाही शहीद** पेज 14

**गोवा अग्निकांड**

### लूथरा ब्रदर्स आज आ सकते हैं दिल्ली


■ **आईएएनएस, नई दिल्ली:** गोवा पुलिस ने बताया कि बिर्च बाय रोमियो लेन नाइटक्लब के मालिक सौरभ और गौरव लूथरा मंगलवार को थाईलैंड से दिल्ली पहुंच सकते हैं। दिल्ली पहुंचते ही दोनों भाइयों को गोवा पुलिस हिरासत में ले लेगी। थाई अधिकारियों ने इंटरपोल ब्लू कॉर्नर नोटिस पर लूथरा भाइयों को हिरासत में लिया था। हिरासत में लिए जाने के बाद, दोनों को ट्रांजिट रिमांड के लिए दिल्ली की कोर्ट में पेश किया जाएगा। पेज 8



लूथरा ब्रदर्स

### श्रीराम जन्मभूमि आंदोलन के नेता वेदांती नहीं रहे

■ **पीटीआई, रीवा/अयोध्या:** श्रीराम जन्मभूमि आंदोलन के अग्रणी नेता रहे BJP के पूर्व सांसद राम विलास वेदांती (67) का हार्ट अटैक से सोमवार को मध्यप्रदेश में रीवा के अस्पताल में निधन हो गया। वेदांती के शिष्य छोटे दास महाराज ने बताया कि उनका अंतिम संस्कार अयोध्या में होगा। वेदांती को एयर एंबुलेंस से भोपाल एम्स ले जाने का प्रयास हुआ, पर खराब मौसम से संभव नहीं हुआ।



**अर्थसार**

| | |
|---|---|
| सेंसेक्स | 85,213.36 (-54.30) |
| निफ्टी | 26,027.30 (-19.65) |
| रु/यूएस डॉलर | 90.76 (+0.33) |
| रु/यूरो | 106.60 (+0.41) |

**सर्राफा**

| | |
|---|---|
| सोना स्टैंडर्ड (99.5 शुद्धता) प्रति 10 ग्राम दिल्ली | ₹1,37,600 (+4,000) |
| चांदी .999 टंच प्रति किलो दिल्ली | ₹1,99,500 (00) |

**मौसम**

अधिकतम तापमान 23.7°
10° न्यूनतम तापमान
सूर्यास्त 5:27 मंगलवार | सूर्योदय 7:07 बुधवार

कोहरे से उड़ानें प्रभावित। इंडिगो बोली, फ्लाइट की स्थिति जांच कर निकलें।

**परंपरा को चुनौती** वृंदावन के बांके बिहारी मंदिर में परंपराओं में बदलाव को दी गई चुनौती

# बांके बिहारी में 'स्पेशल पूजा' पर SC ने कहा, यह तो भगवान का शोषण है

Rajesh.Choodhary@timesofindia.com

■ **नई दिल्ली:** सुप्रीम कोर्ट ने मंदिरों में पैसे लेकर अमीर लोगों के लिए 'स्पेशल पूजा' कराने की प्रथा पर असंतोष जताया। वृंदावन के बांके बिहारी जी मंदिर से जुड़ी याचिका पर सोमवार को सुनवाई के दौरान कोर्ट ने यह टिप्पणी की। चीफ जस्टिस सूर्यकांत ने कहा, 'दोपहर 12 बजे दर्शन बंद करने के बाद वे भगवान को एक मिनट के लिए भी आराम नहीं करने देते और उनका शोषण करते हैं। तथाकथित धनी लोग जो भारी रकम चुका सकते हैं, उन्हें विशेष पूजा करने की अनुमति दी जाती है।' सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि अगली सुनवाई अब 7 जनवरी को होगी।



**सुप्रीम कोर्ट** ने कहा कि भगवान को आराम भी नहीं करने देते हैं।

**देहरी पूजा का मुद्दा भी कोर्ट में उठा**

सुप्रीम कोर्ट में याचिकाकर्ताओं ने कहा कि सदियों पुरानी 'देहरी पूजा' बंद कर दी गई है, जो गुरु-शिष्य परंपरा का एक अभिन्न हिस्सा है। उन्होंने दलील दी कि क्राउड मैनेजमेंट के आधार पर इसका निलंबन निराधार है, क्योंकि यह अनुष्ठान तब किया जाता है, जब मंदिर आम जनता के लिए बंद होता है।



TIMES interact
Connecting People, Connecting Needs.
To book your ad | Logon to: ads.timesofindia.com or Call: 18001205474 (Toll Free) | Scan QR Code

## टेंडर और नोटिस

### सार्वजनिक सूचना (नोटिस)

IT is for general information that I, AADISH KUMAR son of RAMESH KUMAR, residing at H.NO-327, VILLAGE BEGUMPUR, NORTH WEST DELHI, DELHI-110086, declare that name of mine has been wrongly written as AADISH KUAMR in my caste certificate no. OBC/06/63/16650/15/9/2009/95 31018849. The actual name of mine is AADISH KUMAR.

I, Shyam Sunder Agarwal S/o Late Shri Laxman Dass R/O 2087/6A/3, Prem Nagar Delhi-110008 my son Ankur Aggarwal and Soni Aggarwal I debarred my both sons from my all moveable & immovable Property.

**Public Notice**

FORM NO. NCLT. 3A

BEFORE THE NATIONAL COMPANY LAW TRIBUNAL, BENCH AT NEW DELHI

CP (CAA) NO. 55/ND/2025

In the matter of the Companies Act, 2013
AND
In the matter of Section 230 to 232 and other applicable provisions of the Companies Act, 2013
AND
In the matter of Composite Scheme of Arrangement Between the following Companies and their respective shareholders

1. VINMAN HEALTH PVT. LTD.
CIN: U24232DL2012PTC-242545
M-134, 2ND FLOOR CONNAUGHT PLACE, NEW DELHI, DELHI, INDIA, 110001
EMAIL: account@quadlifesciences.com
PAN: AAECV2159A
..Transferor Company No. 1

2. VIVAAR EXIM PVT. LTD.
CIN: U24233DL2013PTC-247135
M-134, 2ND FLOOR OPP. SUPER BAZAR, CONNAUGHT PLACE, CENTRAL DELHI NEW DELHI, DELHI, INDIA 110001
EMAIL: account@quadlifesciences.com
PAN: AAECV3142K
... Transferor Company No.2

3. AALOHA LIFESCIENCES PVT. LTD.
CIN: U24232CH2012PTC03-4176
S.C.O. 333-334, SECTOR 35-B, CHANDIGARH-160035
EMAIL: account@quadlifesciences.com
PAN: AAACQ2750L1
..Transferor Company No. 3

4. GIRISHA LIFESCIENCES PVT. LTD.
CIN: U24303DL2018PTC33-9088
M-255, GREATER KAILASH-11 SOUTH DELHI, NEW DELHI, DELHI, INDIA-110048
account@quadlifesciences.com
PAN: AAHCG4638A
...Transferor Company No. 4

5. QUAD LIFESCIENCES PVT. LTD.
CIN: U24232CH2012PTC033-660
#6KM, NEAR IND-SWIFT FACTORY, VILLAGE BHAGWANPUR, DERABASSI, MOHALI, PUNJAB- 140507
EMAIL: account@quadlifesciences.com
PAN: AALCA2308M
...Transferee Company

NOTICE OF PETITION

A Petition under Section 230-232 and other applicable provisions of the Companies Act, 2013, for sanctioning of the Composite Scheme of Arrangement Between Vinman Health Pvt. Ltd., Vivaar Exim Pvt. Ltd., Aaloha Lifesciences Pvt. Ltd., and Girisha Lifesciences Pvt. Ltd. (hereinafter referred to as "Transferor Companies") with Quad Lifesciences Pvt. Ltd. (hereinafter referred to as "Transferee Company") was presented by Petitioner Companies namely Vinman Health Pvt. Ltd., Vivaar Exim Pvt. Ltd. and Girisha Lifesciences Pvt. Ltd., before the New Delhi Bench of the National Company Law Tribunal on 04.12.2025 and the said petition is fixed for hearing before National Company Law Tribunal, Chandigarh on 05.02.2026. Any person desirous of supporting or opposing the instant petition should send to the Petitioner's advocate, notice of his intention, signed by him or his advocate, with his name and address, so as to reach the Petitioner's advocate not later than two days before the date fixed for the hearing of the petition. Where he seeks to oppose the petition, the grounds of opposition or a copy of his affidavit shall be furnished with such notice. A copy of the petition will be furnished by the undersigned to any person requiring the same on payment of the prescribed charges for the same.

VARSHA BANERJEE,
UDITA SINGH
Counsel for the Petitioner Companies
Dhir and Dhir Associates
D-55, Defence Colony, New Delhi-110024
E-mail: varsha.banerjee@dhirassociates.com; udita.singh@dhirassociates.com

**हंसराज महाविद्यालय**
**HANSRAJ COLLEGE**
University of Delhi/ दिल्ली विश्वविद्यालय
Mahatma Hansraj Marg, Malkaganj, Delhi – 110007

**PUBLIC NOTICE**

No. HRC/Public Notice/2025/01 28.10.2025

Sh. Raju, S/o Late Bhagwan Das, employed as Chowkidar in Hans Raj College, University of Delhi, has been unauthorisedly absent from his duty since 20.08.2024.

Despite repeated memoranda and show-cause notices, no response has been received from him. Consequently, he has been placed under suspension w.e.f. 28.04.2025 and an Enquiry Committee has been constituted by the Disciplinary Authority to inquire into the charges of wilful and unauthorised absence.

Through this public notice, Sh. Raju is hereby directed to report for duty and appear before the Enquiry Committee within fifteen (15) days from the date of publication of this notice, to submit his statement of defence. Failure to comply shall result in ex-parte proceedings, and the Disciplinary Authority shall take a decision for termination of his services without further notice in terms of University Non-Teaching Employees (Terms & Conditions of Service) Rules, 2013.

Issued with the approval of the Competent Authority.

Sd/-
(Principal)
Hans Raj College, Delhi

**PUBLIC NOTICE**

This public notice is being issued in the light of the directions of the Hon'ble Delhi High Court dated 03.12.2025 in L.P.A. No. 329 of 2021 (SP Singh Dhillon v Delhi Capital Badminton & Ors.)

Applications are invited from registered badminton-promoting societies from each District of Delhi for seeking membership of the Delhi Capital Badminton Association (DCBA) in order to strengthen and promote the sport of badminton across the National Capital Territory of Delhi.

Eligible and interested District-level societies may submit their applications, along with supporting documents, to the undersigned at "B-41, Sector-30, Noida- 201301" along with a soft copy of the said documents emailed to "officeofjusticepankajnaqvidcba@gmail.com" within 60 days of publication of this notice.

A non-refundable fee of **Rs. 20,000 (Rupees Twenty Thousand only)** shall be deposited in favour of the DCBA, **proof of payment** must be submitted along with the application.

**Note:** Mere filing of an application shall not in itself entitle the applicant to become a member of the DCBA.

For detail information kindly check our website **www.badmintondelhi.org**

**Justice Pankaj Naqvi (Retd.), Administrator, DCBA**

### निविदाएं (टेंडर्स)

[illegible] ई-नीलामी, नई दिल्ली

[illegible] 2.7 की [illegible] 2016 एवं 2017 [illegible] 2018 [illegible] सोमवार, 22 दिसंबर 2025 को प्रातः 11:30 बजे [illegible] 18 दिसंबर 2025 को प्रातः 11:00 बजे से सायं 4:00 बजे [illegible] ₹1,00,000/- [illegible]

[illegible]
सरकारी नीलामकर्ता एवं मूल्यांकन
एक्यूरेट ऑक्शनियर्स
मोबाइल: 09868215515, 8076863359
वेबसाइट: www.accurateauctioneers.in

इंडिया एग्जिम बैंक
India Exim Bank
पूर्व अर्हता हेतु आमंत्रण

भारतीय निर्यात-आयात बैंक द्वारा पात्र भारतीय संस्थाओं से EPC कॉन्ट्रैक्टर की अर्हता के लिए बिड आमंत्रित है।

प्रयोजन: रवांडा में कृषि मशीनीकरण में उत्कृष्टता केंद्र की स्थापना संबंधी बकाया काम को पूरा करना।

विवरण: https://www.eximbankindia.in/lines-of-credit पर उपलब्ध है।

आगामी सभी परिशिष्ट/शुद्धिपत्र बैंक की वेबसाइट पर सूचित किए जाएंगे।

### न्यायालय सूचना

**IN THE HIGH COURT OF DELHI AT NEW DELHI (TESTAMENT INTESTATE, JURISDICTION)**
**CITATION U/s 283, INDIAN SUCCESSION ACT, 1925**
In the matter of
**TEST. CAS. No. 102/2025.**
**RAJIV DEWAN** ...Petitioner
Versus
**THE STATE & ORS.** ...Respondents

To,
**All Concerned.**

In the matter of estate of **Late Sh. Raj Gopal S/o. Late Sh. Dewan Swarup Lal, R/o. P-22/90, Connaught Circus, New Delhi.**

Whereas **Sh. Rajiv Dewan S/o. Late Sh. Raj Gopal, R/o. C 4/4080, First Floor, Vasant Kunj, New Delhi-110070,** have filed a Petition **under Section 276 of Indian Succession Act, 1925** for grant of Probate of the Will dated 01.08.2016 in respect of estate of **Sh. Raj Gopal, Deceased.**

And whereas the aforesaid case is fixed for hearing on **19.01.2026 at 11:00 a.m. before Joint Registrar (Judicial) of this Court.** This Citation is issued in terms of Section 283 of the said Act to all persons claiming to have any interest in the property/properties of the said deceased to come to this Court, file objections, if any, and take part in the proceedings on the date specified above for the grant of Probate.

Given under my hand and the seal of this Court, in terms of the orders dated 13.11.2025.

**Assistant Registrar (O)**
**For REGISTRAR GENERAL**
**SPS**

### भर्ती

### भर्ती-रिक्त पदों की स्थिति

### आईटी संबंधित

### डीटीपी ऑपरेटर

**जाह्नवी** हिंदी मासिक पत्रिका को चाहिए फर्टफुल डाटा DTP ऑपरेटर पेजमेकर/कोरलड्रा जानने वाला WZ 41 [illegible] नि.दि.12 ☎ [illegible], 011-[illegible]

### अन्य रिक्तियां

### चालक

**आवश्यकता** है लग्जरी गाड़ियों हेतु कार रेंटल कंपनी को कमर्शियल लाइसेंसधारी ड्राइवरों की, मासिक वेतन रु 24,000 संपर्क करें Tes Travels महिपालपुर दिल्ली, 995-3590510, 9953590560, 9999666615

### व्यक्तिगत

### नाम परिवर्तन

I, Meenu Vij W/o Sh. Biplab Dutta R/o B-1/375, 3rd Floor, Sector-17, Rohini, Delhi-89 have changed my name to Meenu Vij Dutta for all future purposes.

I, Aftaba Begum W/o Mohammad Tariquzzama R/o M-47, Abul Fazal Enclave-1, Jamia Nagar, Delhi-110025 Have changed My name form Agtabah Begum to Aftaba Begum for all purpose.

I, Shantosh Kumar S/o Paras Singh R/o Gram Kapur Pakari, Post- Kapur Pakdi Dhaka East Champaran, Bihar- 845418 have Changed my name to Santosh Kumar for all purposes.

I, Tabassum Khatoon W/o Mohd Yusuf R/o F-37/6, Shaheen Bagh, Jamia Nagar, Delhi-110025 Have changed My name form Tabassum Begum to Tabassum Khatoon for all purpose.

I, Kanak D/o Sh Biplab Dutta R/o B-1/375, 3rd Floor, Sector-17, Rohini, Delhi-89 have changed my name to Kanak Vij Dutta for all future purposes

I, Priya Shokeen W/o Rohit Singh Dhankhar R/o H.No 2026 Gali no 35 Surat Nagar ph-2 Gurgaon have changed my name to Priya for all purposes

I Sapna Devi W/o Vipin Singh Chauhan r/o Navada Khurd kala vidhipur bidhipura chakarnagar etawah UP-206127 have changed my name to Sapna

I, Raju S/o Hari Singh R/o H.No.117, Gali no.10, Laxmi Narayan Mandir, Krishan Kunj Extension, Laxmi Nagar, Delhi 110092 have changed my name to Raj Kumar Verma.

I, Gaurv Kumar S/o Braj Pal R/o House No.-72, Bandevi-1, Saharanpur, U.P.- 247342 have changed my name to Gaurav Kumar for all purposes.

### खोया एवं पाया

LOST Original Conveyance Deed, duly registered in the office of the Sub Registrar, New Delhi on 14th March 2000 as Doc. No. 3536 in Addl. Book No. I, Vol. No. 1868 on Pages from 80 to 83 executed by Land & Development Office, Nirman Bhawan, New Delhi, in respect of Property bearing No. B - 127, measuring 196 Sq. Yds., situated at Chittranjan Park, New Delhi-110019 in favour of Sh. Moni Dey . A Complaint has also been filed/ lodged with P.S. Crime Branch, vide LR No. 3422880/ 2025 dated 12.12.2025. If anyone found please contact the undersigned Shalini Sharma, W/o Sh. Ajay Sharma R/o B-15, Pamposh Enclave, New Delhi - 110048

BOOK YOUR CLASSIFIED ADS
• FOR PROPERTY ADS PLEASE CONTACT SUNIL : 9999499496
• FOR RECRUITMENT ADS PLEASE CONTACT AMIT : 9811790649

BOOK YOUR PROPERTY ADS
PLEASE CONTACT SUNIL : 9999499496
TO BOOK ONLINE LOG ON TO Ads.timesofindia.com

TIMES interact
HEALTH & WELLNESS

36 वर्षों के अनुभवी
सैक्स समस्याएँ
मर्दाना कमजोरी, शीघ्र पतन, शुक्राणु की कमी, गुप्त रोगी मिलें
आजाद क्लीनिक
मेन रोहतक रोड, भूतोवाली गली, नांगलोई, दिल्ली-41
9873144909
9821124909


Sex Problems
बचपन की गलतियों के कारण आयी सभी सेक्स समस्याओं के समाधान के लिए हमारी सलाह द्वारा दवा का सेवन करें
अजय हैल्थ क्लीनिक
9810381974

IVF क्यों? जब है Ayurved
निसन्तान शुक्राणु कमी
SEX रोगी मिलें
बवासीर, सफेद दाग/सोरायसिस
आकाश दवाखाना
एक्सप्रेस टावर आकाश सिनेमा के पीछे आजादपुर दिल्ली
9953396533
8860003863

सैक्स समस्याएँ
मर्दाना कमजोरी शीघ्र पतन शुक्राणु की कमी गुप्त रोगी मिलें:
नवीन क्लीनिक
PNB BANK [illegible] दिल्ली-110041
9811564909
9210990444

SEX PROBLEMS?
सैक्स समस्याएं कैसी भी स्त्री-पुरुष-कमजोरी (सफेद पानी)
बे-औलाद? मिलें-सलाह लें
Since-1986
कौशिक क्लिनिक
मैट्रो पोल नं.671, उत्तमनगर, दिल्ली-59
9810-272-172

सैक्स समस्याएँ
बचपन की गलतियों के कारण आयी सभी सेक्स समस्याओं के समाधान के लिए हमारी सलाह द्वारा दवा का सेवन करें
मीता आयुर्वेदा
9899612422
8700470488



सेहत बनायें वजन बढ़ायें
अगर आप खाते पीते बहुत हैं, फिर भी सेहत नहीं बनती, तो हमारी सलाह द्वारा औषधि का सेवन करें और 15 ही दिन में फर्क देखें
सिर्फ ₹655
घर बैठे दवा मंगवायें
सन्यासी आयुर्वेदा
• मंगोलपुरी • कालकाजी
फ्री सलाह: 8527001155

Readers are recommended to make appropriate enquiries and seek appropriate advice before sending money, incurring any expenses, acting on medical recommendations or entering into any commitment in relation to any advertisement published in this publication. All creatives marked as Advertorial, Spotlight and Promotional Features are to be treated as Advertisements. The Times of India Group doesn't vouch for any claims made by the Advertisers of the products and services. The Printer, Publisher, Editor, and the owners of The Times of India Group publications shall not be held liable for any consequences, in the event such claims are not honoured by the Advertisers.

TIMES interact
TO ADVERTISE IN THE CLASSIFIEDS SECTION, FOR ANY OF THE BELOW MENTIONED CATEGORIES
MATRIMONIAL · PROPERTY · BUSINESS · RECRUITMENT, EDUCATION · CHANGE OF NAME, LOST & FOUND · SHOPPING · TENDER, PUBLIC NOTICE · SERVICES, VEHICLES, TRAVEL · BIRTHDAY/ ANNIVERSARY ADS
Please call us at the below mentioned nos.

| Area / Zone | Contact Person | Mobile No. |
|---|---|---|
| Central Delhi1 + North Delhi | Amit Ghosh | 98117 90649 |
| Central Delhi2 + Ghaziabad + East Delhi | Sunil Srivastava | 99994 99496 |
| South Delhi + Faridabad + Noida | Raghav Arora | 99999 95460 |
| West Delhi + Dwarka + Gurgaon | Aman Pasricha | 93126 33518 |



# पहलगाम हमले में दायर की गई चार्जशीट
# मारे गए थे 25 टूरिस्ट, NIA ने लश्कर को भी बनाया आरोपी

NBT 3 मिनट में पढ़ें

Maneesh.Aggarwal
@timesofindia.com



File
पहलगाम में 22 अप्रैल को हुए आतंकी हमले में 25 टूरिस्ट मारे गए थे।

■ नई दिल्ली : जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में 22 अप्रैल को हुए आतंकवादी हमले में एनआईए ने सोमवार को कोर्ट में चार्जशीट दाखिल की। चार्जशीट में पाकिस्तानी आतंकी संगठन लश्कर-ए-तैयबा (LeT) और इसके सैडो संगठन द रेजिस्टेंस फ्रंट (TRF) के खिलाफ भी आरोप लगाए गए हैं।

चार्जशीट में पाकिस्तानी हैंडलर आतंकवादी साजिद जट उर्फ हबीबुल्लाह मलिक उर्फ साजिद लंगड़ा को भी आरोपी बनाया गया है, जो पाकिस्तान के इस्लामाबाद में बैठा हुआ है। एजेंसी अधिकारियों ने बताया कि साजिद पीओके में आतंकवादी संगठन लश्कर-ए-तैयबा का ऑपरेशनल कमांडर है। वह जम्मू-कश्मीर में लश्कर के सैडो संगठन टीआरएफ की कमान संभाल रहा है। यह पाकिस्तान में नौजवानों को बरगलाकर आतंकी ट्रेनिंग देता है, फिर भारत में आतंकी हमले करवाता है। लश्कर का यह मॉड्यूल पीओके के कोटली में है। लश्कर के इस मॉड्यूल को 'कोटली विंग' के नाम से भी जाना जा रहा है। इसका राइट हैंड पाकिस्तान में बैठा रफीक नाई उर्फ सुल्तान है। इसका एक और साथी रिजवान अहमद है जो कि पीओके मीरपुर-कोटली में बैठा है।

■ चार्जशीट में भारत के खिलाफ युद्ध छेड़ने के लिए दंडात्मक धारा भी लगाई गई है

■ करीब 8 महीने चली जांच में हमले की साजिश के तार पाकिस्तान तक खोज निकाले गए

एनआईए ने चार्जशीट में पहलगाम टेरर अटैक को धर्म के आधार पर पाकिस्तान प्रायोजित हमला बताया। 1597 पेज की चार्जशीट में एनआईए ने अपनी चार्जशीट में पाकिस्तान की साजिश, आरोपियों की भूमिका और मामले में सहायक सबूतों का विवरण दिया है। इसमें आतंकवादी संगठन LeT/TRF को पहलगाम हमले की योजना बनाने, सुविधा प्रदान करने और उसे अंजाम देने में उसकी भूमिका के लिए आरोपी बनाया है।

जम्मू की एनआईए विशेष अदालत के समक्ष सोमवार को यह चार्जशीट दाखिल की गई। एनआईए ने आरोप पत्र में उन तीन पाकिस्तानी आतंकवादियों के नाम भी शामिल हैं, जो इस घातक आतंकी हमले के कुछ सप्ताह बाद जुलाई 2025 में श्रीनगर के दाचीगाम में 'ऑपरेशन महादेव' की कार्रवाई के दौरान भारतीय सुरक्षा बलों द्वारा मारे गए थे। चार्जशीट में एनआईए ने आरोपियों के खिलाफ भारत के खिलाफ युद्ध छेड़ने के लिए दंडात्मक धारा भी लगाई है। इस मामले में करीब आठ महीनों तक चली साइंटिफिक जांच के माध्यम से एनआईए ने हमले की साजिश के तार पाकिस्तान तक खोज निकाले हैं, जो भारत के खिलाफ लगातार आतंकवादियों को प्रायोजित कर रहा है।

## कबड्डी प्लेयर को सेल्फी के बहाने मारी गोली, मौत

■ पीटीआई, चंडीगढ़: मोहाली में एक निजी कबड्डी टूर्नामेंट के दौरान 30 वर्षीय खिलाड़ी और प्रमोटर कंवर दिग्विजय सिंह उर्फ राणा बलाचौरिया की गोली मारकर हत्या कर दी गई। वह टीम के साथ पहुंचे थे जब 2-3 हमलावर सेल्फी लेने के बहाने पास आए और फायरिंग कर दी। उन्हें अस्पताल ले जाया गया जहां मृत घोषित किया गया। घटना के समय मैदान खचाखच भरा था। हमलावर बाइक से फरार हुए। विपक्षी पार्टियों ने पंजाब सरकार पर कानून-व्यवस्था पूरी तरह बिगड़ने का आरोप लगाया, जबकि पुलिस ने कहा कि मामले की जांच जारी है।

## अमेरिका का वीज़ा नियम हुआ सख्त



■ NBT रिपोर्ट: अमेरिका में ट्रंप प्रशासन ने वीजा जांच को और कड़ा कर दिया है। 15 दिसंबर से H-1B, H-4 के आवेदकों के अलावा F, M और J वीजा के आवेदकों को अपने सोशल मीडिया प्रोफाइल पब्लिक रखनी होगी। यानी फेसबुक, इंस्टाग्राम, एक्स जैसे अकाउंट प्राइवेट नहीं होने चाहिए। वीजा अधिकारी आवेदकों की ऑनलाइन गतिविधियों को देखकर जांच करेंगे। सरकार का कहना है कि इससे राष्ट्रीय सुरक्षा मजबूत होगी। नए नियम सभी नए और रिन्यूअल आवेदनों पर लागू होंगे।

## भारत-चीन सीमा पर दर्रों को पर्यटन के लिए खोला गया

■ पीटीआई, गंगटोक : भारत-चीन सीमा स्थित रणनीतिक चो ला और डोक ला दर्रों को सोमवार को युद्धक्षेत्र पर्यटन पहल के तहत खोल दिया गया। सिक्किम के मुख्यमंत्री प्रेम सिंह तमांग ने गंगटोक के रिज पार्क से 25 मोटरसाइकलों और पर्यटक वाहनों को इन सीमावर्ती क्षेत्रों के लिए हरी झंडी दिखाकर रवाना किया और औपचारिक रूप से इनके उद्घाटन की घोषणा की। 15,600 फीट की ऊंचाई पर स्थित डोक ला 2017 में भारतीय और चीनी सैनिकों के बीच हुए गतिरोध का साक्षी रहा है। वहीं, चो ला को 1967 के भारत-चीन संघर्ष के दौरान विशेष पहचान मिली थी।

सिक्किम के मुख्यमंत्री प्रेम सिंह तमांग ने इनके उद्घाटन की घोषणा की।

## सऊदी अरब में घर खरीद पाएंगे विदेशी

■ NBT रिपोर्ट: सऊदी अरब 2026 के शुरुआत से विदेशी नागरिकों को रियल एस्टेट प्रॉपर्टी खरीदने और सीधे मालिक बनने का अधिकार देगा, जिससे विदेशी निवेश को बढ़ावा मिलेगा। नए कानून के तहत विदेशी निर्माण, औद्योगिक और कृषि संपत्तियां खरीद सकते हैं, लेकिन चार बड़े शहरों में सीमित नियम लागू रहेंगे और कुछ दोनों शहरों में पाबंदियां हो सकती हैं। यह कदम रियल एस्टेट बाजार को खोलने और निवेश के लिए पारदर्शी नियम बनाने की दिशा में एक बड़ा बदलाव है। नया कानून जनवरी 2026 से लागू होगा और यह सऊदी की अर्थव्यवस्था में निवेश आकर्षित करने की योजना का हिस्सा है।

# भविष्य में बदलेगा जॉब पैटर्न, बंद होगा 9 से 5 तक का चलन: सुधांशु

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली





नवभारत टाइम्स और टाइम्स ऑफ इंडिया द्वारा आयोजित 'EDUVISION-2025' में BJP के राष्ट्रीय प्रवक्ता सुधांशु त्रिवेदी।

**नई दिल्ली** में नवभारत टाइम्स और टाइम्स ऑफ इंडिया द्वारा हरियाणा प्रोग्रेसिव स्कूल्स कॉन्फ्रेंस के साथ मिलकर सोमवार को आयोजित 'EDUVISION-2025' में बीजेपी के राष्ट्रीय प्रवक्ता और राज्यसभा सांसद सुधांशु त्रिवेदी ने कहा कि भारत की शिक्षा-व्यवस्था वैश्विक स्तर पर एक अलग मुकाम हासिल कर रही है। आत्मनिर्भर भारत आज गुलामी की मानसिकता की जंजीरें तोड़ रहा है।

> कहा, हम 50% संभावना पर दांव नहीं लगाते, 0.001% पर दांव लगाते हैं।

त्रिवेदी ने कहा कि यूपीएससी परीक्षा में सफलता की दर 0.001 फीसदी है। इसके लिए स्टूडेंट्स पूरी ताकत लगाते हैं, कर्ज लेते हैं, जमीन-जायदाद गिरवी रख रहे हैं। उतना ही पैसा उद्यमिता (entrepreneurship) या छोटे बिजनेस (जैसे मुद्रा योजना) में लगाया जाए तो सफलता की संभावना इससे कहीं अधिक 50% है। लेकिन, हम 50 प्रतिशत संभावना पर दांव नहीं लगाते, हम 0.001% पर दांव लगाते हैं। उन्होंने कहा कि यह एक मानसिकता और डर है।

### कहा- 18 से 33 की उम्र जिंदगी का प्राइम टाइम

उन्होंने हाल ही में बिहार में आयोजित विधानसभा चुनावों का जिक्र करते हुए कहा कि एक राजनीतिक पार्टी ने दावा किया कि वे हर घर के बच्चे को सरकारी नौकरी देंगे। आपको इस मानसिकता को समझना होगा। हम अभी भी इस 'कैप्टिव माइंडसेट' के शिकार हैं, जिसमें एकमात्र लक्ष्य सरकारी नौकरी है, जबकि 18 से 33 साल की उम्र जिंदगी का 'प्राइम टाइम' होता है। जब आप नए स्किल सीख सकते हैं, रिस्क ले सकते हैं, इनोवेशन कर सकते हैं। वह सारा समय आप केवल एक बंधी-बंधाई इनकम पाने की कोशिश में लगा देते हैं और हाथ क्या लगता है? अगर स्किल नहीं सीखी तो 75 साल तक जब तक शरीर और दिमाग चले, मजदूरी ही करनी पड़ेगी। जबकि दुनिया के किसी भी विकसित देश में युवा सरकारी नौकरी के पीछे नहीं भागते, चीन में भी नहीं। अगर भारत को दुनिया का आर्थिक लीडर बनना है तो हमारे अंदर जो हुनर (स्किल) की क्षमता थी, उसे उभारना होगा।

### 'आप काबिल है तो एक महीने का काम 10 दिन में करके 20 दिन घूम सकते हैं'

उन्होंने आर्टिफिशल इंटेलिजेंस और भविष्य में और तेजी से बढ़ते जा रहे क्वांटम कंप्यूटर युग की बात करते हुए कहा कि भविष्य में 5G और 6G रोलआउट होने के बाद नौकरियों के मायने पूरी तरह बदल जाएंगे। आज घर बैठे ही नौकरियां हो रही हैं, क्योंकि तकनीक ने इसे सफल बनाया है। भविष्य में 9 टु 5 वाली नौकरी का अर्थ खत्म हो जाएगा। 75 फीसदी काम 'जॉब-ओरिएंटेड' (काम आधारित) होगा। अगर आप काबिल हैं तो आप 10 दिन काम करके एक महीने का काम खत्म कर सकते हैं और बाकी 20 दिन घूम सकते हैं। नौकरी की जगह का कॉन्सेप्ट ही बदल जाएगा।

## मनी लॉन्ड्रिंग केस में पत्रकार को SC से अंतरिम जमानत

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली : सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को गुजरात बेस्ड पत्रकार महेश लांगा को ईडी द्वारा अहमदाबाद में दर्ज कथित वित्तीय धोखाधड़ी से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में अंतरिम जमानत दे दी। बेंच ने मामले में विशेष अदालत को कहा कि वह डे टु डे ट्रायल करे और पत्रकार से कहा कि वह सुनवाई के दौरान किसी भी प्रकार का स्थगन न लें।

शीर्ष अदालत ने लांगा को अपने खिलाफ लंबित (सब-जुडिश) मामले पर किसी भी अखबार में कोई लेख न लिखने का निर्देश दिया। बेंच ने कहा कि आदेश की शर्तों के उल्लंघन की स्थिति में जमानत रद्द करने पर विचार किया जा सकता है। ED की ओर से पेश सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने जमानत का विरोध किया। अगली सुनवाई 6 जनवरी को होगी।

## गोवा नाइटक्लब जैसे मामलों में जवाबदेही तय करनी होगी: HC

■ भाषा, पणजी

**बंबई हाई** कोर्ट की गोवा पीठ ने राज्य के अरपोरा स्थित रोमियो लेन के बिर्च रेस्तरां, जहां आग लगने से 25 लोग मारे गए थे, के खिलाफ दायर एक दीवानी मुकदमे को सोमवार को जनहित याचिका में परिवर्तित कर दिया। कोर्ट ने कहा कि इस तरह के मामलों में किसी न किसी को तो जवाबदेह ठहराया जाना चाहिए।

पीठ ने कहा कि स्थानीय पंचायत क्लब को लेकर स्वतः संज्ञान लेने में विफल रही है और शिकायतों के बावजूद कोई कार्रवाई नहीं की। कोर्ट ने राज्य सरकार से नाइट क्लब को दी गई अनुमतियों पर जवाब दाखिल करने को भी कहा। पीठ ने सुनवाई की अगली तारीख आठ जनवरी तय की।

### थाईलैंड कोर्ट में भी हो सकती है सुनवाई

■ भाषा, बैंकॉक : आगजनी का शिकार गोवा के नाइटक्लब के सह-मालिकों गौरव लूथरा और सौरभ लूथरा से जुड़े मामले की सुनवाई थाईलैंड की अदालत में होने की संभावना है। सूत्रों के अनुसार, मामले में आगे की कार्रवाई को लेकर बैंकॉक की एक अदालत द्वारा फैसला किए जाने की संभावना है। नाइटक्लब के सह-मालिक लूथरा बंधु आग लगने की घटना के तुरंत बाद थाईलैंड के फुकेट चले गए थे। उनके खिलाफ 'ब्लू कॉर्नर नोटिस' जारी किया गया है।

## फंडिंग विवाद में विधायक ने लगाए साजिश के आरोप

■ पीटीआई, जयपुर: जयपुर में MLA-LAD फंड जारी करने में कथित भ्रष्टाचार के आरोपों पर निर्दलीय विधायक ऋतु बनावत ने कहा है कि उन्हें राजनीतिक साजिश के तहत फंसाया जा रहा है। बयान में विधायक बनावत ने दावा किया कि उनसे 2026 के लिए भी फंड जारी करने का पत्र देने का दबाव बनाया गया, जिसे उन्होंने ठुकरा दिया। एक अखबार के स्टिंग ऑपरेशन में उन पर और दो अन्य विधायकों पर कमीशन लेने का आरोप लगाया गया है। सरकार ने मामले की उच्चस्तरीय जांच के आदेश दिए हैं और संबंधित विधायकों के MLA-LAD खाते फ्रीज कर दिए गए हैं। विधायक ने कथित आरोपों के खिलाफ मानहानि का केस दर्ज करने का भी ऐलान किया है।

# सुप्रीम कोर्ट ने कहा- दहेज़ विरोधी कानून बेअसर

■ पीटीआई, सुप्रीम कोर्ट



**सुप्रीम कोर्ट** ने सोमवार को कहा कि दहेज को खत्म करना एक जरूरी संवैधानिक और सामाजिक जरूरत है। मौजूदा कानून बेअसर और गलत इस्तेमाल दोनों से जूझ रहे हैं, और यह बुरी प्रथा अभी भी फैली हुई है। इससे निपटने के लिए सभी की एक साथ कोशिश की जरूरत पर जोर देते हुए कोर्ट ने कई निर्देश दिए, जिनमें हाई कोर्ट से IPC के सेक्शन 304-B और 498-A से जुड़े पेंडिंग मामलों की संख्या का पता लगाने के लिए कहा गया।

दहेज हत्या के 24 साल पुराने मामले में अपना फैसला सुनाते हुए बेंच ने केंद्र और राज्यों को निर्देश दिया कि वे सभी लेवल पर एजुकेशनल करिकुलम में जरूरी बदलावों पर विचार करें, जिससे यह संवैधानिक स्थिति मजबूत हो कि शादी में शामिल लोग एक-दूसरे के बराबर हैं और कोई भी दूसरे के अधीन नहीं है। कोर्ट ने कहा कि यह मामला दिखाता है कि दहेज प्रथा सिर्फ हिंदुओं में ही नहीं, बल्कि अलग-अलग धर्मों और आस्थाओं को मानने वाले दूसरे समुदायों में भी है।

सुप्रीम कोर्ट की टिप्पणी 2001 में हुई एक दहेज मृत्यु के मामले में फैसले के दौरान आई, जिसमें इलाहाबाद हाई कोर्ट ने दो आरोपियों को बरी कर दिया था। सुप्रीम कोर्ट ने राज्य सरकार की अपील स्वीकार कर उनकी सजा बहाल कर दी। हालांकि 94 वर्ष की महिला दोषी को जेल न भेजने का निर्देश दिया गया, जबकि पुरुष आरोपी को चार सप्ताह में आत्मसमर्पण करने को कहा गया।

### दंपती का अलग रहना मानसिक क्रूरता: SC

सुप्रीम कोर्ट ने 24 साल से अलग रह रहे दंपती का विवाह खत्म करते हुए कहा कि लंबे समय तक बिना मेल-मिलाप की उम्मीद के अलग रहना दोनों के लिए मानसिक क्रूरता है। अदालत ने कहा कि ऐसा विवाह केवल कागजों पर बचा रहता है, जिसका कोई उद्देश्य नहीं। शिलांग के दंपती 2000 में शादी के दो साल बाद अलग हो गए थे। कोर्ट ने विवाह को टूट चुका मानकर तलाक दे दिया।

CCI NG 3.7 Product: NBTDelhiBS PubDate: 16-12-2025 Zone: Mahanagar Edition: 1 Page: NBTMAH07 User: cci Time: 12-15-2025 21:51 Color:



# NBT GOOD न्यूज़

**अचानक मूड स्विंग से बचाए मुस्कान**

मुस्कुराने वाले लोग अचानक मूड स्विंग से कम प्रभावित होते हैं। हार्मोन संतुलित रहते हैं और अचानक गुस्सा या उदासी कम महसूस होती है।

## विचार

मुस्कान एक रोशनी है जो दूसरों के जीवन के अंधेरे को दूर कर देती है। यह प्यार, सुकून और उम्मीद का संदेश देती है। इसे बांटकर जीवन और भी सुंदर बनता है।

– मदर टेरेसा (Mother Teresa)

## ज़रा हंस लें

**पप्पू :** मां सारे खिलौने बेड के नीचे छिपा दो। **पप्पू की मां :** क्यों...? **पप्पू :** क्योंकि मेरा दोस्त डब्बू आ रहा है। **पप्पू की मां :** डब्बू खिलौने चुरा लेता क्या? **पप्पू:** नहीं, वह अपने खिलौने पहचान लेगा...

## कविता : प्रकृति की पुकार

तरु बोले– जिन्हें हम जिंदगी भर
जिंदगी देते रहे,
वही हमें खत्म करते रहे।
पक्षी बोले– मेरा परिवार मेरा संसार
सब कुछ मुझसे छीन लिया,
इंसानों तुमने मुझे मेरे ही
घर से बेघर कर दिया।
प्रकृति बोले– धरा को मां कहते हो
तो मां का सम्मान करो,
इंसानों मुझपर ना ऐसा अत्याचार
करो।
आधुनिकता के दौर में
मुझसे नाता मत लेना तोड़,
मुझसे ही तुम सब और तुम से ही मैं हूं
अभी नहीं हुई देर, सवेरा अभी बाकी है
लो अपने कदम मेरी ओर मोड़।

– लक्ष्मी गुप्ता, NBT रीडर

पॉजिटिव सोच के साथ आपने भी कोई कविता लिखी है, तो हमें ईमेल nbtreader@timesofindia.com पर भेजें। जिसे मिल सकता है अगले अंक में छपने का मौका।

# स्पेशल शेफ का हुनर वाला ज़ायका

## एक महीने तक किचन की बनावट को पूरी तरह अपने दिमाग में उतारा

■ आशा प्रकाश, मुस्कान अहमद






**चेन्नै:** कहते हैं कि अगर हौसला बुलंद हो, तो आंखों की रोशनी कम होने से सपने धुंधले नहीं होते। चेन्नै में टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (TCS) के सिरुसेरी कैंपस के अंदर बने 'ब्लाइंड बेक कैफे' की कहानी कुछ ऐसी ही है। यहां ओवन चालू होने से पहले ही एक अलग तरह की तैयारी शुरू हो गई थी। 20 साल के मधेश एम, जो देख नहीं सकते, उन्होंने और उनके साथियों ने पूरे एक महीने तक रसोई के हर कोने को महसूस किया। उन्होंने याद किया कि स्टोव कहां है, मिक्सर कहां रखा है और ओवन की दूरी कितनी है। मधेश कहते हैं कि जब हमने किचन की बनावट को अपने दिमाग में उतार लिया, तभी हमने खाना बनाना शुरू किया।

यह कैफे पूरी तरह से दृष्टिबाधित लोगों की ओर से चलाया जाता है, जिन्हें नैशनल ब्लाइंड असोसिएशन (NBA) ने ट्रेनिंग दी है। दिल्ली में तीन महीने के कड़े प्रशिक्षण के बाद, अब ये शेफ पूरी तरह आत्मनिर्भर हैं। किचन में उनकी सुरक्षा का पूरा ध्यान रखा गया है। जमीन पर 'टैक्टाइल पेविंग' (स्पर्श वाली टाइलें) हैं, गैस के चूल्हों पर गार्ड लगे हैं और ओवन पर ब्रेल लिपि (Braille) का इस्तेमाल किया गया है। मधेश भावुक होकर कहते हैं कि पहले मुझे लगता था कि विकलांगता एक चुनौती है और मैं बस पैसों के लिए कोई भी काम करने को तैयार था। लेकिन यहां मैंने बेकिंग के लिए अपना प्यार ढूंढा। अब मैं सिर्फ नौकरी नहीं करता, मैं अपनी खुशी चुनता हूं।

### स्पेशल बच्चों के लिए खास कैफे

चेतपेट में इस वीकेंड एक और खूबसूरत जगह खुलने जा रही है 'कुकुई' (Kukui)। इसे "करे थेरेपी सेंटर" की डायरेक्टर कल्पना डी कुमार की ओर से शुरू किया गया है। यह सिर्फ एक कैफे नहीं, बल्कि बच्चों के लिए एक प्ले-सेंटर भी है। कल्पना बताती हैं कि हम एक ऐसा माहौल चाहते थे जहां स्पेशल बच्चों के माता-पिता काम कर सकें और उनके बच्चे गैजेट्स से दूर रहकर कुछ सीख सकें। यहां का स्टाफ ऑटिज्म से प्रभावित है। कल्पना का मानना है कि मुख्य शेफ और सुपरवाइजर को इन कर्मचारियों की जरूरतों के प्रति संवेदनशील होना चाहिए, तभी सही मायने में बदलाव आएगा। आज ये कैफे केवल खाना और ड्रिंक्स नहीं परोस रहे, बल्कि समाज को यह बता रहे हैं कि अगर थोड़ा सा साथ और सही ट्रेनिंग मिले, तो हर कोई अपनी एक अलग पहचान बना सकता है। यहां की हर कुकी और कॉफी का कप संघर्ष और जीत की एक अनकही दास्तां सुनाता है।

### मेहनत की कमाई से स्वाभिमान की ज़िंदगी

समावेशी रोजगार की यह लहर सिर्फ एक कैफे तक सीमित नहीं है। 'राइटर्स कैफे' जैसे संस्थान सालों से हर आउटलेट पर मेंटल हेल्थ की समस्याओं से जूझ रहे एक व्यक्ति को रोजगार दे रहे हैं। विद्यासागर संस्था की संस्थापक पूनम नटराजन पिछले कई साल से युवाओं को कैफे में काम करने की ट्रेनिंग दे रही हैं। अब तक 9 लोग 'म्यूजियम ऑफ पॉसिबिलिटीज' कैफे, सरकारी गेस्ट हाउस और 'कलैगनार सेंटेनरी पार्क' जैसे स्थानों पर काम कर रहे हैं। वे पिज्जा और सैंडविच बनाते हैं और अपनी मेहनत की कमाई से स्वाभिमान की जिंदगी जी रहे हैं।

# 21 महीने की वेदा ने तैराकी में बनाया रेकॉर्ड



**100** मीटर की दूरी 10 मिनट और 8 सेकंड में पूरी कर इंडिया बुक ऑफ रेकॉर्ड में नाम दर्ज कराया

■ **NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली:** जिस उम्र में बच्चे ठीक से चलना भी नहीं सीखते और लड़खड़ाकर गिर जाते हैं, उस नन्ही सी उम्र में महाराष्ट्र के रत्नागिरी की वेदा परेश सरफरे ने पानी में इतिहास रच दिया है। महज 1 साल, 9 महीने और 10 दिन की वेदा ने इंडिया बुक ऑफ रेकॉर्ड में अपना नाम दर्ज कराकर सबको चौंका दिया है। इस नन्ही जलपरी ने 1 नवंबर, 2025 को म्युनिसिपल स्विमिंग पूल में 100 मीटर की दूरी (4 लैप्स) सिर्फ 10 मिनट और 8 सेकंड में पूरी की। रिकॉर्ड्स कमिटी ने भी माना कि वेदा का यह हुनर बेमिसाल है। यह सफर तब शुरू हुआ जब वेदा सिर्फ 9 महीने की थीं और अपने बड़े भाई को पूल में तैरते हुए देखती थीं। कोच महेश मिलके और उनकी पत्नी गौरी ने उन्हें तराशना शुरू किया। पिता परेश और उनकी मां के अटूट सहयोग ने इस सपने को सच कर दिया। कोच महेश कहते हैं कि कड़ी मेहनत से इस 21 महीने की बच्ची ने पूरे देश में अपनी छाप छोड़ी है, यह हमारे लिए गर्व का पल है।

### मस्कट यात्रा पर होगा रवाना

# 5वीं सदी के जहाज़ जैसा 'कौंडिन्य'... बिना कील, लकड़ी, रस्सियों से तैयार

Newton.Sequeira@timesofindia.com






■ **पणजी:** 5वीं सदी के प्राचीन भारतीय व्यापारी जहाज की हूबहू रेप्लिका, INSV कौंडिन्य, ने शनिवार को कर्नाटक के नेवी अड्डे INS कदंबा से अपनी यात्रा शुरू कर दी। यह अनोखा लकड़ी का जहाज गोवा के दिवर आइलैंड पर पूरी तरह पारंपरिक तरीके से हाथों से तैयार किया गया है। फिलहाल यह जहाज 8 दिन की यात्रा पर पोरबंदर के लिए रवाना हुआ है, जहां से यह अपना पहला ऐतिहासिक समुद्री अभियान ओमान के मस्कट के लिए शुरू करेगा।


नेवी के अनुसार, मस्कट की यात्रा दिसंबर के अंत में शुरू होगी। यह अभियान प्राचीन समुद्री व्यापार मार्गों को दोहराएगा, जिनसे कभी भारत से मसाले, हाथीदांत और कपास अरब देशों तक पहुंचाए जाते थे। जहाज पर 16 सदस्यीय चालक दल मौजूद है, जो पोरबंदर से ओमान तक की पूरी यात्रा करेगा।

INSV कौंडिन्य लगभग 20 मीटर लंबा है और इसे बनाने में एक भी आधुनिक कील का इस्तेमाल नहीं किया गया। जहाज को नारियल के रेशे से बनी रस्सियों से सिलकर तैयार किया गया, जिन्हें मछली के तेल और कुडलस पेड़ के रस में भिगोकर मजबूत बनाया गया। इसे 21 मई को औपचारिक रूप से भारतीय नेवी में शामिल किया गया था और मॉनसून के बाद इसके कई परीक्षण और प्रशिक्षण अभियान चलाए गए।

इस जहाज के निर्माण की प्रेरणा अजंता की गुफाओं में बनी 5वीं सदी की जहाज पेंटिंग से मिली। संजीव सान्याल के सुझाव पर नेवी और केंद्रीय संस्कृति मंत्रालय ने मिलकर इसे तैयार किया। चालक दल को विशेष प्रशिक्षण दिया गया है और पूरी यात्रा पारंपरिक तकनीक और प्राचीन नियमों के अनुसार होगी। प्रधानमंत्री की आर्थिक सलाहकार परिषद के सदस्य संजीव सान्याल ने भी परीक्षण के दौरान जहाज पर यात्रा की और समुद्र की कठिन हालात का अनुभव किया।



## बर्फ की सल्तनत का मुस्कुराता बादशाह



AFP

चीन के हरबिन में कुनली म्यूजिक पार्क की ठंडी हवाओं के बीच एक विशाल स्नोमैन तैयार किया गया है। सिर पर लाल टोपी और गले में मफलर लपेटे, इसकी मुस्कान कड़ाके की ठंड में भी देखने वालों के दिलों में गर्माहट भर रही है। कर्मचारी इसे फाइनल टच देने में जुटे हैं।

# पारसी समुदाय ने मनाया एकता का शतक

Meghna.Dhulia@timesofindia.com

■ **नई दिल्ली:** दिल्ली में पारसी समुदाय का शताब्दी समारोह भावुक और यादगार पल बन गया। यह आयोजन सिर्फ 100 साल पूरे होने का जश्न नहीं था, बल्कि समुदाय की एकजुटता, संस्कृति और अपनत्व की झलक भी था। दिल्ली पारसी अंजुमन, 1925 में स्थापित, एक ऐसा संगठन है जो शहर के पारसियों को जोड़ता और उनकी संस्कृति को बचाए रखता है। अंजुमन बहादुर शाह जफर मार्ग पर स्थित अपने परिसर से समुदाय की धड़कन बना हुआ है।

अंजुमन परिसर में मुख्य पारसी धर्मशाला, भीवंडीवाला हॉल, पारसी कैंटीन और पवित्र अग्नि मंदिर मौजूद है। धर्मशाला में सदस्य ठहर सकते हैं, हॉल में सामाजिक और सांस्कृतिक कार्यक्रम होते हैं और कैंटीन पारसी व्यंजनों को जीवित रखती है। अंजुमन के अध्यक्ष आदिल नर्गोलवाला ने कहा कि जो कुछ आज दिख रहा है, वह पीढ़ियों की मेहनत और एकता का नतीजा है। भाषा, भोजन, संस्कृति और धर्म हमें जोड़ते हैं।" दिल्ली में करीब 500 पारसी रहते हैं, लेकिन आपसी रिश्ता किसी बड़े परिवार जैसा है।



बहादुर शाह जफर मार्ग पर स्थित अंजुमन परिसर दिल्ली में पारसियों का केंद्र है

**1925** से 2025 तक का सफर, परंपरा, अपनापन और आने वाली पीढ़ियों पर भरोसा

सिडको
शहर बनाए, बेहतर बनाए

## 51.24 हेक्टेयर भूमि का पट्टा

आवासीय टाउनशिप के निर्माण हेतु

**केलवे रोड, पालघर में**

ई-निविदा सह ई-नीलामी प्रक्रिया के माध्यम से

योजना क्र.: एमएम/४९/२०२५-२६

सिडको पात्र आवेदकों से केलवे रोड, पालघर में आवासीय टाउनशिप परियोजना के निर्माण हेतु 51.24 हेक्टेयर (लगभग 126.62 एकड़) भूमि के पट्टे के लिए ई-निविदा सह ई-नीलामी प्रक्रिया के माध्यम से आवेदन आमंत्रित करता है। योजना की विस्तृत जानकारी जिसमें समय-सारणी भी शामिल है, वेबसाइट पर उपलब्ध है:

https://eauction.cidcoindia.com

**समय-सारणी**

- क्लोज बिड के लिए दस्तावेज शुल्क का भुगतान 18.12.2025 को सुबह 11.00 बजे शुरू होगा और 19.01.2026 को रात 23.59 बजे तक जारी रहेगा।
- क्लोज बिड के लिए ईएमडी शुल्क का भुगतान 18.12.2025 को सुबह 11.00 बजे शुरू होगा और 19.01.2026 को रात 23.59 बजे तक जारी रहेगा।
- ऑनलाइन योजना पुस्तिका 18.12.2025 से उपलब्ध होगी।
- आवेदक अपने प्रश्न मार्केटिंग मैनेजर (कमर्शियल) के ई-मेल आईडी mm.commercial@cidcoindia.com पर 18.12.2025 से 24.12.2025 तक ऑनलाइन अपलोड कर सकते हैं।
- कॉर्पोरेशन इन प्रश्नों का उत्तर 31.12.2025 को ऑनलाइन शुद्धिपत्र के रूप में देगा।
- क्लोज बिड जमा करने की प्रक्रिया 18.12.2025 को सुबह 11.00 बजे शुरू होगी और 19.01.2026 को रात 23.59 बजे समाप्त होगी।
- ई-नीलामी के लिए दस्तावेज शुल्क का भुगतान 18.12.2025 को सुबह 11.00 बजे शुरू होगा और 20.01.2026 को दोपहर 12.00 बजे तक जारी रहेगा।
- ई-नीलामी के लिए ईएमडी का भुगतान 18.12.2025 को सुबह 11.00 बजे शुरू होगा और 20.01.2026 को दोपहर 12.00 बजे तक जारी रहेगा।
- ऑनलाइन ई-नीलामी 20.01.2026 को सुबह 11.00 बजे शुरू होगी और 20.01.2026 को शाम 18.00 बजे तक जारी रहेगी।
- परिणाम की घोषणा 21.01.2026 को दोपहर 15.00 बजे की जाएगी।

विवरण के लिए, **मार्केटिंग मैनेजर (कमर्शियल)**, तीसरी मंजिल, रायगढ़ भवन, सीबीडी बेलापुर, नवी मुंबई- 400614 के कार्यालय से संपर्क करें।

**मार्केटिंग मैनेजर (कमर्शियल)**

CIN-U99999 MH 1970 SGC-014574 www.cidco.maharashtra.gov.in सिडको/जनसंपर्क/४५०/२०२५-२६



CCI NG 3.7 Product: NBTDelhiBS PubDate: 16-12-2025 Zone: Mahanagar Edition: 1 Page: NBTMAH08 User: cci Time: 12-15-2025 21:50 Color:





जब राजनीति में भाषा का पतन होता है, तब विचार भी पतन की ओर बढ़ते हैं।
*- हाना आरेंट, राजनीतिक दार्शनिक*

# अमर्यादित भाषा

राजनीति में तमाम मतभेदों के बाद भी यह उम्मीद की जाती है कि विरोधी के खिलाफ जुबानी तीर चलाते समय मर्यादा का ख्याल रखा जाएगा। मगर यह उम्मीद टूटती रही है। इस कड़ी में नया मामला जुड़ा है पीएम नरेंद्र मोदी पर आपत्तिजनक टिप्पणी का।

**रैली में नारे ।** आरोप है कि दिल्ली के रामलीला मैदान में रविवार को आयोजित कांग्रेस की 'वोट चोर गद्दी छोड़' रैली के दौरान पीएम के खिलाफ आपत्तिजनक नारे लगाए गए। याद होगा कि बिहार विधानसभा चुनाव के दौरान महागठबंधन की एक रैली में भी पीएम मोदी के खिलाफ कथित तौर पर अपशब्दों का इस्तेमाल हुआ था, जिसे BJP ने बड़ा मुद्दा बनाया था।

**सम्मान जरूरी ।** राजनीति में विरोध स्वाभाविक है, लेकिन उसमें भी पद की गरिमा और शालीनता का ध्यान रखा जाना चाहिए। राजनीतिक स्तर पर भाषाई मर्यादा की दीवार टूटती है, तो असर पूरे समाज पर पड़ता है। यहां तक कि सुप्रीम कोर्ट ने भी इस मामले में साल 2018 में एक सख्त टिप्पणी की थी। दिल्ली के तत्कालीन सीएम अरविंद केजरीवाल के खिलाफ कुछ BJP नेताओं द्वारा इस्तेमाल की गई भाषा पर ऐतराज जताते हुए शीर्ष अदालत ने कहा था कि संवैधानिक पदों पर बैठे लोगों के प्रति कुछ सम्मान होना चाहिए।



रैली में आपत्तिजनक नारा

**सत्र पर असर ।** यह टिप्पणी याद दिलाती है कि विरोध का अधिकार अपनी जगह सुरक्षित है, लेकिन संवैधानिक पदों के सम्मान को गिराने वाले शब्द बर्दाश्त नहीं किए जा सकते। इससे आखिरकार संस्थाएं कमजोर होती हैं। मौजूदा विवाद का एक निराशाजनक पहलू है संसद में कामकाज का ठप होना।

**असल मुद्दे गायब ।** शीत सत्र अभी तक हंगामे और नारेबाजी के नाम रहा है। सोमवार को भी दोनों सदनों में यही नजारा दिखा। BJP नेताओं ने मांग रखी है कि कांग्रेस नेतृत्व को माफी मांगनी चाहिए, जबकि कांग्रेस का कहना है कि सदन के बाहर हुए मामले को सदन में क्यों उठाया जा रहा। गतिरोध की यह स्थिति इसलिए भी अच्छी नहीं है, क्योंकि इसकी वजह से जनता से जुड़े कई अहम मुद्दों पर चर्चा नहीं हो पाई।

**सीमा न लांघें ।** सरकार और विपक्ष के बीच इस समय समन्वय और सहमति शून्य के बराबर है। SIR और 'वोट चोरी' जैसे मुद्दों को लेकर दोनों तरफ से आक्रामकता देखने को मिल रही है। अगले साल कुछ राज्यों में चुनाव होने हैं। अक्सर चुनाव के दौरान यह मर्यादा टूटती है, यह देखने में आया है। लेकिन यह देश की राजनीति के लिए ठीक नहीं है। आशा है कि सत्ता पक्ष और विपक्ष दोनों राजनीतिक मर्यादा का खयाल रखेंगे।

## ऐवें कुछ भी

# ग्रैप 4 का ख़ौफ़



आलोक सिंह भदौरिया

गाजियाबाद वाले चाचा के घर भूकंप सा आ गया। बेटा रोहित चिल्लाते हुए घुसा, अरे ग्रैप लग गया, ग्रैप। चाचा कनटोप के भीतर से बोले, किसका गृहप्रवेश हो गया। चाची चौके से चिल्लाईं, टोपा हटा के सुनो, ग्रहण लग गओ। फिर खुद बोलीं, आज कौन सो ग्रहण? टीवी में तो बताई नहीं।

रोहित चिल्लाया, अरे मम्मी AQI 400 के पार हो गया। कल से भारी वाहन, स्कूल, निर्माण कार्य, प्रदूषण फैलाने वाले सब काम बंद। चाचा पास में खिसक आए, और का बंद है? रोहित बोला, सारे गैरजरूरी काम बंद। चाचा ने कनटोपे के ऊपर अंगोछा लपेटा, जेब में बटुआ रखा, धीरे-धीरे दरवाजे की तरफ खिसकने लगे। रोहित बोला, अरे कहां चले पापा? चाचा कान में फुसफुसाए, शाम की दवाई का इंतजाम कर लें, पता नहीं कब खुले चाबंदी।

रोहित दांत पीसकर बोला, पापा ग्रैप है लॉकडाउन नहीं। सब खुलेगा। चाचा धीरे से बोले, एकदम पक्का न? अभी कह रहे सारे गैरजरूरी काम बंद, हम लोगो कहूं ठेका न बंद हो जाए। फिर खुद से ही बोले, वैसे है तो सबसे जरूरी काम, बंद नहीं होगा। रोहित बोला, अरे पापा धुआं-धक्कड़ वाले काम बंद। समझे? चाची फिर चौके से चिल्लाईं, इन्हें बता देओ, सुबह दरवाजे पै बैठ के हुक्का-बीड़ी फूंकनी सब बंद। चाचा बीड़ी सुलगाने जा ही रहे थे, बात सुनकर बंडल जेब में रख लिया।




रोहित बोला, बेचारा मैसी जब से भारत आया परेशान ही परेशान है। पहले स्टेडियम में फंसा, फिर अपनी विशाल मूर्ति देख दहशत खा गया। अब इते प्रदूषण में दिल्ली में आ रहा है बताओ, कैसे खेलेगा फुटबॉल, कहूं बीमार न पड़ जाए। चाचा ने कनटोप खिसकाया, बोले, कौन सी मैसी आई है? चाची ने घर के गलियारा से तो चुप हुए। चाची चौके से बड़बड़ाती रहीं, मेसी की बड़ी चिंता है, यहां रोज हमाए नाती पोता बस्ता लाद के स्कूल जाए रहे, लोग मेहनत मजूरी कर रहे, का उनकी जान, जान नहीं है। जब इतो धुआं भओ तब याद आई? बीमार तो पता नहीं कब से हो रहे सब। अब सब बंद कर देओ। कब तक बंद करोगे? जड़ से खतम काए नहीं करते इस बीमारी को।

## बोल वचन

दिलीप लाल

# दूल्हे की परछन

भारत में शादियों में वर-वधू के मिलन के समय कई रोचक रिवाज निभाए जाते हैं। बिहार, झारखंड और उत्तर प्रदेश में जब बारात घर के दरवाजे पर पहुंचती है, तो लड़की की मां, दादी और अन्य महिलाएं दूल्हे की आरती करती हैं, दही-अक्षत का टीका लगाती हैं और बुरी नजर से बचाने के लिए मूसल या बट्टा जैसी चीजें उसके ऊपर से घुमाती हैं। इस रिवाज के लिए परछन या परिछन शब्द है। मूल शब्द प्रच्छन्न से परिछन शब्द है जिसका एक अर्थ बचाना भी है। महिलाएं कहती भी हैं- चलो, दूल्हे को परख आते हैं। मिथिलांचल में इसके गीत भी गाए जाते हैं, जैसे- 'लोढ़ा (बट्टा) से सैंइ दुल्हा के नाम रखिया, चारों दुल्हा में बड़का कमाल रखिया...।' गुजरात और राजस्थान के कुछ हिस्सों में परछन के लिए तोरण शब्द का इस्तेमाल होता है। हालांकि वहां आरती के बाद दूल्हे की नाक खींची जाती है। हंसी-ठिठोली भरे माहौल में वर के अहंकार को विनम्रता और बराबरी पर लाना माना जाता है। यह अपमान नहीं होता। परछन के लिए बांग्ला में बरन शब्द का इस्तेमाल किया जाता है। अंग्रेजी में परछन को समझाने के लिए कहा जा सकता है- welcoming of the groom by the bride's female relatives.



AI Image

## तिरुप्परनकुंद्रम मंदिर विवाद पर हाईकोर्ट के फ़ैसले से नाराज़ विपक्ष का क़दम

# जजों को डराने के लिए लाए महाभियोग?



अवधेश कुमार

**मद्रास हाईकोर्ट** के जज जस्टिस जी. आर. स्वामीनाथन के विरुद्ध विपक्ष द्वारा संसद में महाभियोग प्रस्ताव लाने की पहल अभूतपूर्व और दंग करने वाली है। किसी जज के निर्णय या आदेश पर उसके खिलाफ महाभियोग लाने के लिए हमारे माननीय सांसद इस तरह एकजुट हो जाएंगे, इसकी कल्पना नहीं थी। अब इसके विरुद्ध 56 पूर्व जज सामने आ गए हैं, जिन्होंने एक खुले पत्र में इसे अदालत पर राजनीतिक, वैचारिक दबाव बनाने की कोशिश कहा है।

**तीन अहम पहलू ।** इस प्रकरण के तीन प्रमुख पहलू हैं। पहला, न्यायमूर्ति स्वामीनाथन द्वारा दिया गया फैसला और उसकी पृष्ठभूमि। दूसरा, संबंधित विवाद की सच्चाई। तीसरा, महाभियोग प्रस्ताव के पीछे की सोच या विचारधारा। न्यायमूर्ति स्वामीनाथन ने तिरुप्परनकुंद्रम मंदिर पर दीप जलाने का एक आदेश 1 दिसंबर को दिया और फिर प्रशासन द्वारा उसका पालन न किए जाने पर तीखे शब्दों में दूसरा आदेश 4 दिसंबर को दिया।

**पुरानी परंपरा ।** दरअसल, तिरुप्परनकुंद्रम पहाड़ी पर स्थित अरुलमिगु सुब्रमण्यम स्वामी मंदिर से संबंधित पत्थर स्तंभ-दीपथून पर दीपक जलाकर कार्तिगई दीपम त्योहार मनाने की पुरानी परंपरा है। तमिल महीने कार्तिगई (नवंबर-दिसंबर) में मनाए जाने वाले 'कार्तिगई दीपम' उत्सव के तहत, हमेशा की तरह उच्ची पिल्लैयार मंदिर के मंडपम में दीप जलाने के लिए जब लोग जाने लगे तो पुलिस ने उन्हें रोक दिया। तिथि के अनुसार 3 दिसंबर को दीप जलाया जाना चाहिए था किंतु ऐसा नहीं हो सका। इसके बाद यह बड़ा मुद्दा बन गया और न्यायालय के समक्ष अवमानना याचिका डाली गई जिसके तहत यह आदेश आया।

### क्या है मामला

- तिरुप्परनकुंद्रम मंदिर पर दीप जलाने की है परंपरा
- प्रशासन ने गड़बड़ी की आशंका से लगा दी रोक
- रोक के खिलाफ कोर्ट के आदेश पर भड़कीं पार्टियां



Adobe Stock

**17वीं सदी की दरगाह ।** तिरुप्परनकुंद्रम पहाड़ी तमिलनाडु राज्य के मदुरै शहर से 10 किमी दूर है जिस पर यह मंदिर है। हिंदू मान्यताओं में यह भगवान मुरुगन या कार्तिकेय के छह निवास स्थानों में एक है। विवाद की मुख्य वजह पहाड़ी के ऊपरी भाग पर स्थित सिकंदर बदुशाह की दरगाह है। मंदिर समर्थकों की मान्यता है कि यह पूरी पहाड़ी शिवलिंग है जिसके बीच में भगवान मुरुगन का मंदिर है। सिकंदर बदुशाह की दरगाह 17वीं शताब्दी में बनी थी जबकि मंदिर का उल्लेख छठी शताब्दी तक मिलता है।



**नाम बदलने का आंदोलन ।** DMK के संस्थापक ईवी रामास्वामी नायकर यानी पेरियार की पूरी सोच सनातन या हिंदू धर्म के विरुद्ध थी। DMK की राजनीति इस हिंदू धर्म के विरोध पर टिकी है, जिसे कुछ लोग नास्तिकतावाद भी कहते हैं। हालांकि विडंबना देखिए कि उस नास्तिकतावाद में इस्लाम या ईसाइयत का विरोध नहीं है। तिरुप्परनकुंद्रम विवाद पिछले दिनों तब ज्यादा गहराया जब कुछ मुस्लिम संगठनों ने इसे सिकंदर मलाई पहाड़ी नाम देने की मांग कर आंदोलन शुरू किया।

**प्रशासन की रोक ।** इन कारणों से वहां तनाव की स्थिति बनी और मंदिर के सामान्य पूजा पाठ को छोड़ अन्य गतिविधियों को प्रशासन ने लगभग रोक दिया। ऐसा नहीं होता तो कार्तिकेय दीपम के लिए अदालत जाने की आवश्यकता ही नहीं होती। दक्षिण में भगवान मुरुगन सर्वाधिक पूजे जाने वाले देवताओं में हैं और इनको मानने वाले में समाज के पिछड़े वर्ग की संख्या ज्यादा है।

**अन्य विकल्प ।** पूरे विवाद को निष्पक्षता से देखने के बाद कौन क्या निष्कर्ष निकालता है, यह उसका अपना मामला है। किंतु कोई सरकार या पार्टी न्यायाधीश के फैसले से असहमत भी है तो क्या उसका रास्ता महाभियोग होगा? उच्च न्यायालय की एकल पीठ के विरुद्ध बड़ी पीठ में जाया जा सकता था। सुप्रीम कोर्ट का रास्ता भी खुला है। उस सबको छोड़कर महाभियोग प्रस्ताव लाने की कोशिश से लगता है कि तमिलनाडु सरकार ऐसा दबाव बनाना चाहती है जिससे आगे कोर्ट इस तरह के फैसले देने से डरे।

**लोकतंत्र के लिए खतरनाक ।** महाभियोग न्यायपालिका की ईमानदारी की रक्षा करने के लिए है, न कि जजों पर दबाव डालने या बदला लेने के लिए। महाभियोग को दबाव बनाने के हथियार की तरह इस्तेमाल करना लोकतंत्र के लिए खतरनाक है। DMK की संकीर्ण एकपक्षीय तमिलवाद की अपनी राजनीति है लेकिन कांग्रेस, समाजवादी पार्टी, और तृणमूल कांग्रेस आदि का इस सवाल पर उसके साथ आना आने वाले समय में इन दलों के लिए और प्रतिकूल साबित हो सकता है।

*(लेखक वरिष्ठ पत्रकार और विचारक हैं)*

## कांटे की बात



वोट चोरी के मुद्दे से I.N.D.I.A. ब्लॉक का कोई लेना-देना नहीं है। हर दल को अपना राजनीतिक अजेंडा तय करने की छूट है। कांग्रेस SIR को मुद्दा बना रही है तो बनाए, हम कौन होते हैं ये कहने वाले कि वो ऐसा न करे।

उमर अब्दुल्ला, *जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री*

## AI की दुनिया

# इस लैब में इंसान नहीं, रोबॉट करेंगे काम

*गूगल की AI कंपनी डीपमाइंड ने ब्रिटेन में अपनी पहली पूरी तरह ऑटोमेटेड रिसर्च लैब खोलने का ऐलान किया है। इसमें AI और रोबॉट्स मिलकर वैज्ञानिक प्रयोग करेंगे। इस लैब में इंसानों का दखल सिर्फ मॉनिटरिंग के स्तर तक होगा।*



AI Image

### एक दिन में कई टेस्ट


**अभी साइंटिस्ट** पारंपरिक लैब में खुद रिसर्च करते हैं, जिसमें कई साल लग जाते हैं। डीपमाइंड की लैब में गूगल का Gemini मॉडल पूरी तरह इंटीग्रेट किया जाएगा, जो तय करेगा कि अगली रिसर्च क्या होगी। यहां रोबॉट्स सामग्री बनाएंगे, टेस्ट करेंगे और डेटा इकट्ठा करेंगे। लैब 2026 में शुरू होगी।

### एनर्जी और टेक्नॉलजी पर फोकस

**लैब का** मुख्य फोकस नए मटीरियल्स पर होगा। इससे मेडिकल, रिन्यूएबल एनर्जी और कंप्यूटर टेक्नॉलजी को बदलने में मदद मिलेगी। डीपमाइंड के CEO और नोबेल पुरस्कार विजेता Demis Hassabis का मानना है ऑटोमेटेड रिसर्च लैब से AI से होने वाले बदलाव और तेज होंगे। *-प्रदीप तिवारी*

## जनता जंक्शन

इरफान




# जब नीतीश ने कहा, नितिन तुम भी बोलने लगे?



प्रियरंजन भारती

बिहार विधानसभा का एक किस्सा बेहद चर्चित हुआ था। नीतीश कुमार तब महागठबंधन की सरकार का नेतृत्व कर रहे थे। किसी मुद्दे पर BJP विधायकों ने उनका विरोध किया, तो नितिन नवीन भी खड़े हो गए। बाकी BJP विधायकों का विरोध तो नीतीश को नहीं खला, लेकिन नितिन को उन्होंने टोक दिया, 'तुम भी बोलने लगे? तुम्हारे पिता हमारे इतने करीबी रहे, कभी ऐसा कुछ नहीं किया। हम उनकी कितनी मदद किए हैं।' नितिन तुरंत शांत होकर हट गए।

**पार्टी के साथ संयोग ।** बिहार में नितिन को शांत, सरल और संबंधों के प्रति समर्पित माना जाता है। देश के सबसे बड़े राजनीतिक दल BJP ने जब उन्हें कार्यकारी अध्यक्ष चुना, तो सभी हैरान रह गए। यह संयोग है कि पार्टी और नितिन, दोनों का जन्म 1980 में हुआ था। उन्होंने कभी राजनीति को लक्ष्य नहीं बनाया, लेकिन पिता नवीन किशोर प्रसाद सिन्हा के निधन के बाद हालात ऐसे बने कि वह सियासत में उतर पड़े।

**संकेत में संदेश ।** नितिन नवीन की नियुक्ति को बंगाल चुनाव की तैयारी से भी जोड़ कर देखा जा रहा है। इससे एक दिन पहले ही पार्टी ने यूपी के प्रदेश अध्यक्ष का फैसला किया था। तब यही कयास थे कि राष्ट्रीय अध्यक्ष का निर्णय कुछ दिन और टलेगा। नवीन की नियुक्ति में छिपे संदेशों को पढ़ने की कोशिश की जा रही है। एक संकेत तो यह मिलता है कि पार्टी आने वाले समय में भी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृहमंत्री अमित शाह की दिखाई दिशा पर चलेगी।

**युवा भागीदारी ।** इस नियुक्ति का एक और संकेत है कि पार्टी में जेनरेशन नेक्स्ट का समय शुरू हो चुका है। हर स्तर पर युवा भागीदारी बढ़ती दिख रही है। लंबे समय से संघ और संगठन के बीच समन्वय की बातें चल रही थीं। बतौर अध्यक्ष जेपी नड्डा के कार्यकाल को विस्तार मिला था और संघ की तरफ से बार-बार निर्देश मिल रहे थे। इस बीच कई नाम चर्चा में उठे। लेकिन, मोदी और शाह की जोड़ी ने सारे अनुमानों को ध्वस्त करते हुए सवर्ण समाज से ऐसे युवा नेता को चुना है, जो अत्यधिक विनम्रतावश कभी शिखर नेतृत्व का अनादर और उपेक्षा नहीं कर पाएगा।

## कॉमन रूम



**बिहार की धमक ।** BJP की परंपरागत शैली पर नजर डालें तो कार्यकारी अध्यक्ष औपचारिक चुनाव के बाद अध्यक्ष पद धारण कर लेता है। लिहाजा पार्टी ने परंपराओं का पालन बखूबी कर लिया। जिस कायस्थ समाज से नितिन आते हैं, उसकी आबादी 2023 में कराई गई जातीय गणना के मुताबिक बिहार में मात्र 0.6% है। इस हिसाब से बिहार में केवल 7.85 लाख कायस्थ हैं। हालांकि जाति के संगठनों का दावा है कि केवल पटना में ही 10 लाख कायस्थ रहते हैं। आंकड़ों की हकीकत कुछ और भी हो सकती है, पर इतना तय है कि विधानसभा चुनाव में मिली जबरदस्त जीत के साथ BJP ने राष्ट्रीय स्तर पर भी बिहार के संदेश की धमक दिखाने में देर नहीं की।

*(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं)*

# बॉस का टारगेट नहीं, मन में शांति न होना है समस्या

हरीश बड़थ्वाल

पर्वतों की सुरम्य चोटियां, किनारों से टकराकर बिखरती समुद्री लहरें या सुनहरे रेगिस्तान की अनंत छटाएं अक्सर भीतर तक स्पर्श करती हैं। लोग कहते हैं कि उस क्षण की शांति को शब्दों में बांधना मुश्किल है। ऐसा लगता है मानो समय और स्थान से परे कोई मौन सत्ता हमारे भीतर उतर आई हो। लेकिन क्या यह शांति केवल असाधारण प्राकृतिक दृश्यों में ही संभव है? क्या वर्कप्लेस के लक्ष्य, मीटिंग, डेडलाइन और परफॉर्मेंस में यह अनुभूति नहीं?

आज का जीवन पूरी तरह टारगेट केंद्रित हो गया है। मासिक लक्ष्य, वार्षिक मूल्यांकन, KPI, प्रमोशन और बोनस - हर कदम सफलता के आकार और तुलना में बंधा है। एक लक्ष्य पूरा होने से पहले ही अगला लक्ष्य सामने खड़ा होता है। क्या हासिल किया उसका उत्सव मनाने का समय नहीं मिलता, क्योंकि मन पहले ही अगले पड़ाव की ओर दौड़ता है। यही निरंतर दौड़ बर्नआउट और मानसिक थकान को जन्म देती है। समस्या काम की अधिकता नहीं, बल्कि यह भावना है कि हम कभी पर्याप्त नहीं होते। उपलब्धि-प्रधान समाज स्वतंत्रता नहीं, बल्कि मानसिक थकान और अवसाद पैदा करता है। जब व्यक्ति स्वयं ही अपना बॉस बन जाता है और लगातार प्रदर्शन के दबाव में रहता है, तो वह अनजाने में स्वयं का शोषण करता है। इसी दौड़ में हम कुछ धारणाएं बिना जांचे-परखे स्वीकार कर लेते हैं, जैसे रुकना असफलता है, संतोष पिछड़ापन है, और शांति केवल छुट्टी या यात्रा में ही मिल सकती है। ये धारणाएं धीरे-धीरे मन का स्वभाव बन जाती हैं।

THE SPEAKING TREE
और पढ़ने के लिए देखें
www.speakingtree.nbt.in

जीवन में द्वंद्व स्वाभाविक है, पर यह विनाशकारी तब बनता है जब हम हर परिस्थिति को केवल परिणाम के चश्मे से देखने लगते हैं। ट्रैफिक जाम, बॉस की टिप्पणी या किसी प्रोजेक्ट का दबाव उतने भारी नहीं जितना हमारी प्रतिक्रिया उन्हें बनाती है। लक्ष्य की ओर बढ़ते हुए यदि मन शांत न रहे, तो सफलता भी थकान बन जाती है। असली आनंद उन्हीं को मिलता है जो लक्ष्य साधते हुए भी स्वयं से जुड़े रहते हैं और भीतर की शांति बनाए रखते हैं।

# 'वोट चोरी' पर कांग्रेस का गेमप्लान

हेमंत राजौरा

दिल्ली में कांग्रेस की ओर से रविवार को आयोजित रैली केवल राजनीतिक प्रदर्शन नहीं थी। यह पार्टी की मौजूदा रणनीति, आंतरिक मनोबल और लोकतांत्रिक संस्थाओं को लेकर उसके रुख का स्पष्ट संकेत भी थी। रैली के केंद्र में कथित वोट चोरी और चुनावी प्रक्रिया में हेराफेरी का आरोप रहा। मंच के सामने लगाए गए पांच करोड़ से अधिक हस्ताक्षर संकेत दे रहे थे कि कांग्रेस इस मुद्दे को देशव्यापी आंदोलन बनाना चाहती है। ये हस्ताक्षर अलग-अलग राज्यों में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने आम लोगों से संवाद कर जुटाए हैं।

### हौसला बढ़ाने की कोशिश

रैली का अहम उद्देश्य चुनाव आयोग और चुनावी व्यवस्था की निष्पक्षता पर उठाए जा रहे सवालों को व्यापक चर्चा का विषय बनाना था।

दूसरा मकसद, संगठन के भीतर फैली निराशा को दूर करना था। लोकसभा चुनाव में कांग्रेस के अपेक्षाकृत बेहतर प्रदर्शन के बावजूद हरियाणा, महाराष्ट्र, बिहार, मध्य प्रदेश और राजस्थान जैसे राज्यों में मिली हार ने कार्यकर्ताओं के मनोबल को प्रभावित किया है। रैली से पार्टी ने संदेश दिया कि इस हार की वजह संगठन की कमजोरी नहीं, बल्कि चुनावी प्रक्रिया में हुई गड़बड़ियां हैं।



प्रियंका गांधी ने आरोप लगाया कि BJP ने वोट चोरी कर बिहार में जीत हासिल की है। उन्होंने संघर्ष, धैर्य और जमीनी सक्रियता पर जोर देते हुए कहा कि कांग्रेस की लड़ाई सत्ता के लिए नहीं, बल्कि लोकतंत्र और संविधान को बचाने के लिए है।

विशुद्ध राजनीति
कसौटी

राहुल गांधी ने भी कार्यकर्ताओं का हौसला बढ़ाने की कोशिश की। उन्होंने कहा कि यह संघर्ष लंबा जरूर है, लेकिन सत्य के रास्ते पर चलकर पार्टी आखिरकार सफल होगी और हम इस सरकार को सत्ता से हटाएंगे। उनके ऐसे वाक्य कार्यकर्ताओं के लिए वैचारिक संबल हैं। राहुल ने विश्वास दिलाया कि डर, दबाव और कथित गड़बड़ियों के बावजूद सच की ताकत अंततः राजनीतिक बदलाव का कारण बनेगी।

रैली कांग्रेस की दबाव की राजनीति का हिस्सा भी है। पार्टी जानती है कि चुनाव आयोग जैसे संवैधानिक संस्थान पर सीधे आरोप लगाना आसान नहीं है, लेकिन लगातार दबाव बनाए रखकर और सार्वजनिक बहस के जरिए वह राजनीतिक विमर्श को अपने पक्ष में मोड़ सकती है। यदि वोट चोरी का मुद्दा लंबे समय तक चर्चा में बना रहता है, तो यह आगामी विधानसभा चुनावों और 2029 लोकसभा चुनाव में उसके लिए मजबूत हथियार बन सकता है। साथ ही, यह BJP को रक्षात्मक स्थिति में लाने की कोशिश भी है।

### कांग्रेस के लिए जोखिम

हालांकि, इस रणनीति के साथ जोखिम भी जुड़े हैं। बार-बार चुनावी हार को संस्थागत गड़बड़ियों से जोड़ने पर यह आरोप लग सकता है कि कांग्रेस आत्ममंथन से बच रही है। यदि पार्टी इन आरोपों के साथ ठोस सबूत, कानूनी लड़ाई या चुनावी सुधारों का स्पष्ट रोडमैप पेश नहीं कर पाती तो यह नैरेटिव कमजोर पड़ सकता है। यह धारणा भी बन सकती है कि विपक्ष हर हार के बाद संस्थाओं पर सवाल उठाता है। इसलिए यह मुद्दा छोटी अवधि में कांग्रेस को वैचारिक धार जरूर दे सकता है, लेकिन लंबी अवधि में इसकी सफलता इस बात पर निर्भर करेगी कि पार्टी इसे कितनी विश्वसनीयता, प्रमाण और सकारात्मक राजनीतिक अजेंडे के साथ आगे बढ़ा पाती है।

## रीडर्स मेल

### भविष्य की रणनीति

यह पत्र 15 दिसंबर के संपादकीय 'युवा हाथों में कमान' से संबंधित है। BJP में यह नियुक्ति पार्टी में पीढ़ीगत बदलाव और भविष्य-केंद्रित रणनीति का संकेत देती है। नितिन नवीन का चयन यह दर्शाता है कि पार्टी अब अनुभव के साथ ऊर्जा और संगठनात्मक प्रदर्शन को भी समान महत्व दे रही है। हालांकि कार्यकारी अध्यक्ष का पद औपचारिक रूप से अस्थायी है, लेकिन राजनीतिक संदेश स्पष्ट है। अब असली परीक्षा आने वाले विधानसभा चुनावों में संगठन को एकजुट रखते हुए चुनावी सफलता दोहराने की होगी।

**मनोहर यादव, नोएडा**

nbtedit@timesofindia.com पर अपनी राय नाम-पते के साथ मेल करें।

## फटाफट खबरें

### 'वोट चोरी' मुद्दे से उमर ने बनाई दूरी

■ पीटीआई, श्रीनगर: जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने कांग्रेस द्वारा उठाए गए 'वोट चोरी' के मुद्दे से खुद को अलग किया। उन्होंने कहा कि विपक्षी I.N.D.I.A. का इससे कोई लेना-देना नहीं है। वहीं, एनसीपी-एसपी की सांसद सुप्रिया सुले ने कहा है कि वह ईवीएम पर सवाल नहीं उठाएंगी, क्योंकि इन्हीं मशीनों से वह चार बार संसद पहुंची हैं।

### राज कुमार गोयल मुख्य सूचना आयुक्त



■ पीटीआई, नई दिल्ली: राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने पूर्व आईएएस अधिकारी राज कुमार गोयल को मुख्य सूचना आयुक्त के रूप में शपथ दिलाई। 1990 बैच के एजीएमयूटी कैडर अधिकारी गोयल की नियुक्ति पीएम नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता वाली समिति की सिफारिश पर हुई।

### महाराष्ट्र: नगर निगम चुनाव 15 जनवरी को

■ पीटीआई, मुंबई: महाराष्ट्र में बीएमसी समेत 29 नगर निगमों के चुनाव 15 जनवरी को होंगे और मतगणना 16 जनवरी को की जाएगी। राज्य निर्वाचन आयोग ने बताया कि 2,869 सीटों के लिए 3.48 करोड़ मतदाता मतदान करेंगे। नामांकन 23 से 30 दिसंबर तक होंगे।

# मनरेगा की जगह नया ग्रामीण रोज़गार कानून लाने की तैयारी, राजनीति गरमाई

## नए कानून में 125 दिन के रोजगार की गारंटी देने का प्रस्ताव

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली



**केंद्र सरकार** ग्रामीण रोजगार से जुड़े एक बड़े बदलाव की तैयारी में है। सरकार संसद में एक ऐसा विधेयक ला सकती है जिसके तहत मौजूदा मनरेगा कानून को खत्म कर उसकी जगह नया कानून लागू किया जाएगा। इस नए कानून के तहत ग्रामीण परिवारों को हर साल 125 दिन के रोजगार की कानूनी गारंटी देने का प्रस्ताव है।

इसके लिए नया विधेयक पेश किया जाना है। नए विधेयक का नाम विकसित भारत रोजगार और आजीविका गारंटी मिशन (ग्रामीण) विधेयक, 2025 रखा गया है। इसकी कॉपियां लोकसभा के सांसदों को दी जा चुकी हैं और सोमवार की लोकसभा के बिजनेस में इसे शामिल किया गया है। सरकार का कहना है कि यह विधेयक विकसित भारत 2047 के लक्ष्य के अनुरूप है। इसके तहत गांवों में रहने वाले ऐसे सभी वयस्क सदस्य, जो स्वेच्छा से अकुशल फिजिकल काम करना चाहते हैं, उन्हें हर साल 125 दिन का रोजगार दिया जाएगा।

केंद्रीय कृषि और ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि मनरेगा ने बीते 20 सालों में ग्रामीण परिवारों को रोजगार की सुरक्षा दी है लेकिन अब गांवों में सामाजिक और आर्थिक हालात में काफी बदलाव आया है और कई बड़ी सरकारी योजनाएं लागू हो चुकी हैं। ऐसे में रोजगार गारंटी व्यवस्था को और मजबूत और आधुनिक बनाने की जरूरत है। जहां मनरेगा का मुख्य जोर आजीविका की सुरक्षा पर था, वहीं नया कानून गांवों को ज्यादा समृद्ध, आत्मनिर्भर और मजबूत बनाने पर केंद्रित होगा। इसमें ग्रामीण बुनियादी ढांचे को बेहतर करने और खेतिहर मजदूरों की उपलब्धता आसान बनाने पर भी ध्यान दिया जाएगा।

### एटमी एनर्जी में निजी भागीदारी वाला बिल पेश

सरकार ने परमाणु ऊर्जा से जुड़े कानूनों को आधुनिक और सरल बनाने की दिशा में लोकसभा में बिल पेश किया है। एटमी एनर्जी के क्षेत्र को निजी कंपनियों के लिए खोलने वाले इस बिल को SHANTI नाम दिया गया है। लागू होने पर यह परमाणु ऊर्जा अधिनियम 1962 और न्यूक्लियर नुकसान की नागरिक देयता अधिनियम 2010 की जगह लेगा। सरकार FDI में 100% भागीदारी वाला बिल लाने की तैयारी में है।

### प्रियंका ने पूछा, गांधी का नाम क्यों हटाया जा रहा?

विपक्ष ने मनरेगा के स्थान पर नया कानून बनाने की तैयारी के बीच सोमवार को कहा कि आखिर इस योजना से महात्मा गांधी का नाम क्यों हटाया जा रहा है। कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी ने कहा कि जब भी किसी योजना का नाम बदला जाता है तो कार्यालयों, स्टेशनरी में बहुत सारे बदलाव करने पड़ते हैं, जिसके लिए पैसा खर्च किया जाता है।




तो क्या फायदा है? ऐसा क्यों किया जा रहा है? उन्होंने कहा कि महात्मा गांधी का नाम क्यों हटाया जा रहा है। महात्मा गांधी न केवल देश में, बल्कि दुनिया में सबसे बड़े नेता माने जाते हैं इसलिए उनका नाम हटाना, मुझे वास्तव में समझ में नहीं आता कि उद्देश्य क्या है।

### उच्च संस्थानों के लिए एक रेगुलेटर, बिल पेश

Bhupender.Sharma@timesofindia.com

■ **नई दिल्ली:** केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने लोकसभा में विकसित भारत शिक्षा अधिष्ठान बिल-2025 पेश किया, जिसका उद्देश्य उच्च शिक्षा संस्थानों को स्वतंत्र गवर्नेंस वाले संस्थान बनाना और एक सिंगल पॉइंट रेगुलेटर बनाना है। इस बिल के जरिए UGC, AICTE और NCTE को रिप्लेस कर नए रेगुलेटर के तहत विश्वविद्यालयों और कॉलेजों को नियम-आधारित स्वायत्तता दी जाएगी। बिल में पहली बार रेगुलेटरी नियमों के उल्लंघन पर 10 लाख से लेकर 75 लाख तक का जुर्माना और गंभीर मामलों में डिग्री देने का अधिकार निलंबित करने, या संस्थान बंद करने का प्रावधान शामिल है। फर्जी विश्वविद्यालयों के खिलाफ भी कड़ा कदम उठाया जाएगा, जिन पर दो करोड़ रुपये की पेनल्टी और तत्काल बंद करने का प्रावधान है। बिल यूनिवर्सिटी और टीचर्स एजुकेशन संस्थानों को एक ही छतरी के नीचे लाएगा, जबकि मेडिकल और लॉ कॉलेज इसके दायरे में नहीं होंगे।



#### विपक्ष ने बिल पर सवाल उठाए

*विपक्ष ने इस बिल पर सवाल उठाए, जैसे शिक्षा संस्थानों की स्वायत्तता पर असर और बिल के नाम का उच्चारण। इसे जॉइंट पार्लियामेंटरी कमिटी (जेपीसी) को भेजने का प्रस्ताव रखा गया है ताकि व्यापक चर्चा के बाद इसे अंतिम रूप दिया जा सके।*

### 5 राज्यों-UT की ड्राफ्ट वोटर लिस्ट आएगी आज

AI Image



■ पश्चिम बंगाल, राजस्थान, गोवा, पुडुचेरी और लक्षद्वीप की ड्राफ्ट चुनावी सूची 16 दिसंबर को जारी होगी

■ पीटीआई, नई दिल्ली

**निर्वाचन आयोग** की ओर से चलाए जा रहे SIR के तहत मंगलवार को तीन राज्यों और दो केंद्रशासित प्रदेशों की ड्राफ्ट मतदाता सूची प्रकाशित की जाएगी। आयोग के अनुसार, पश्चिम बंगाल, राजस्थान, गोवा, पुडुचेरी और लक्षद्वीप की ड्राफ्ट चुनावी सूची 16 दिसंबर को जारी होगी।

निर्वाचन आयोग ने बताया कि संबंधित राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों के मुख्य निर्वाचन अधिकारी (सीईओ) और जिला निर्वाचन अधिकारी (डीईओ) ड्राफ्ट सूची की हार्ड कॉपी सभी मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों को उपलब्ध कराएंगे। इसके अलावा, ये सूचियां सीईओ और डीईओ की आधिकारिक वेबसाइटों पर भी अपलोड की जाएंगी। साथ ही, अनुपस्थित, स्थानांतरित, मृत और डुप्लीकेट मतदाताओं की सूची भी वेबसाइट पर सार्वजनिक की जाएगी, ताकि पारदर्शिता बनी रहे और आपत्तियां दर्ज की जा सकें। इससे पहले, निर्वाचन आयोग ने मुख्य निर्वाचन अधिकारियों के अनुरोध पर पांच राज्यों और एक केंद्रशासित प्रदेश में विशेष गहन पुनरीक्षण की समय-सीमा बढ़ा दी थी। संशोधित कार्यक्रम के तहत तमिलनाडु और गुजरात में गणना अवधि 14 दिसंबर तक बढ़ाई गई है और वहां ड्राफ्ट मतदाता सूची 19 दिसंबर को प्रकाशित होगी।

### चुनाव सुधार के मसले पर विपक्ष का हमला

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

**राज्यसभा में** चुनाव सुधार पर डिबेट में विपक्ष ने सत्ता पक्ष और चुनाव आयोग को बहुत तीखे तरीके से घेरा और हमला किया। विपक्ष ने SIR प्रक्रिया की विसंगतियों, पक्षपात, दल बदल विरोधीकानून में सुधार जैसे कई अहम और गंभीर मुद्दे सदन में उठाए। AIADMK सांसद एम थंबीदुरई ने कहा कि उन्हें चुनाव आयोग की कार्रवाई में पूरा भरोसा है। मतदाता सूची की स्वच्छता लोकतांत्रिक पारदर्शिता के लिए बेहद अहम है। जेडीएस की ओर से पूर्व पीएम एचडी देवेगौड़ा ने विपक्षी दलों से कहा कि अगर वे वोट चोरी के अपने आरोपों को जारी रखते हैं तो उन्हें उसका नुकसान उठाना पड़ेगा। विपक्षी सांसदों के सवाल का जवाब देते हुए जेडीयू सांसद संजय झा ने साल 2005 के बिहार विधानसभा चुनावों का उदाहरण देते हुए कहा कि उस वक्त विधानसभा में खंडित जनादेश आया था। नीतीश को सरकार बनाने के लिए समर्थन भी मिल गया था। लेकिन इसके बाद केंद्र में तत्कालीन पीएम मनमोहन सिंह की अगुआई वाली यूपीए सरकार ने आधी रात को हुई कैबिनेट बैठक के जरिए राज्य में राष्ट्रपति शासन लगा दिया।

## BJP में राष्ट्रीय से प्रदेश स्तर तक बदलाव: शीर्ष संगठन और राज्यों में नई जिम्मेदारियां

### नितिन नवीन को बड़ी ज़िम्मेदारी, पांच राज्यों के चुनाव होंगे चुनौती

Bhupender.Sharma
@timesofindia.com

PTI



दिल्ली एयरपोर्ट से लेकर पार्टी मुख्यालय तक हुआ जोरदार स्वागत

■ **नई दिल्ली:** बीजेपी ने संगठनात्मक राजनीति में एक बड़ा और संदेश देने वाला कदम उठाते हुए बिहार सरकार के मंत्री और पांच बार के विधायक नितिन नवीन को पार्टी का नया राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष नियुक्त किया है। सोमवार को दिल्ली स्थित बीजेपी मुख्यालय में उन्होंने औपचारिक रूप से पदभार संभाला। यह नियुक्ति न केवल संगठन के भीतर युवा नेतृत्व को आगे बढ़ाने का संकेत है, बल्कि मेहनत और प्रदर्शन के आधार पर शीर्ष पद तक पहुंचने के बीजेपी के दावे को भी मजबूत करती है।

45 वर्षीय नितिन नवीन के सामने सबसे बड़ी चुनौती 2026 में होने वाले पांच राज्यों- पश्चिम बंगाल, तमिलनाडु, केरल, असम और पुडुचेरी के विधानसभा चुनाव होंगे। खास तौर पर पश्चिम बंगाल पर सबकी निगाहें टिकी हैं, जहां बीजेपी बीते कई वर्षों से लगातार मेहनत के बावजूद सत्ता का किला फतह नहीं कर पाई है। हालांकि 2021 के विधानसभा चुनाव में पार्टी का प्रदर्शन उल्लेखनीय रहा था, जब सीटें 3 से बढ़कर 77 तक पहुंचीं और वोट शेयर में भी बड़ा इजाफा हुआ। अब 2026 में एक बार फिर मुकाबला दिलचस्प होने की उम्मीद है। पांच बार विधायक रह चुके नवीन पटना के बांकीपुर विधानसभा क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करते हैं और बिहार सरकार में मंत्री भी हैं। इसके अलावा छत्तीसगढ़ समेत कई राज्यों के प्रभारी के रूप में उनके संगठनात्मक अनुभव को अहम माना जाता है। पार्टी के भीतर यह माना जा रहा है कि वे नई सोच और जमीन से जुड़े नेतृत्व का प्रतिनिधित्व करते हैं।

**बीजेपी के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष का पदभार संभाला**

#### संगठन को नई ऊर्जा देने की चुनौती

राजनीतिक हलकों में यह भी चर्चा है कि नवीन भविष्य में जेपी नड्डा के उत्तराधिकारी के रूप में पूर्णकालिक राष्ट्रीय अध्यक्ष की जिम्मेदारी संभाल सकते हैं। यदि ऐसा होता है, तो वे बिहार से आने वाले पहले बीजेपी राष्ट्रीय अध्यक्ष होंगे। फिलहाल उनके सामने संगठन को नई ऊर्जा देना, दक्षिण भारत में विस्तार की रणनीति बनाना और 2026 के चुनावों में पार्टी को मजबूत स्थिति में पहुंचाना सबसे बड़ी कसौटी होगी।

### बिहार की कमान अब संजय सरावगी को

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

■ बीजेपी ने केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल को तमिलनाडु विधानसभा चुनावों के लिए पार्टी का चुनाव प्रभारी बनाया है।

■ लोकसभा सदस्य बैजयंत पांडा को असम चुनाव की रणनीति बनाने के लिए चुनाव प्रभारी बनाया गया है।

**दिलीप जायसवाल** की जगह अब संजय सरावगी को बिहार बीजेपी के प्रदेश अध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी गई है। पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव और मुख्यालय प्रभारी अरुण सिंह की ओर से संगठनात्मक नियुक्ति का यह आदेश जारी किया गया है।

दिलीप जायसवाल बिहार सरकार में मंत्री होने के साथ-साथ प्रदेश अध्यक्ष की जिम्मेदारी भी संभाल रहे थे। दरभंगा सदर सीट से विधायक और पूर्व मंत्री संजय सरावगी को सोमवार को पार्टी की बिहार इकाई का अध्यक्ष नियुक्त किया है, जो दरभंगा विधानसभा सीट से लगातार चुनाव जीतते आ रहे हैं। संजय सरावगी वैश्य समाज से आते हैं और बीजेपी में कई महत्वपूर्ण जिम्मेदारियों को निभा चुके हैं। सरावगी 2005 से लगातार छह बार बिहार विधानसभा के सदस्य हैं। राज्य सरकार में मंत्री भी रह चुके हैं। सरावगी को दरभंगा और मिथिला क्षेत्र में बीजेपी का चर्चित और पुराना चेहरा माना जाता है। वे मिथिला क्षेत्र में अपनी मजबूत पैठ के लिए जाने जाते हैं। उनका राजनीतिक सफर छात्र राजनीति से शुरू हुआ और छात्र नेता के रूप में भी उन्होंने कई अहम जिम्मेदारियां निभाई थीं। आज वे बिहार में पार्टी के शीर्ष नेतृत्व की भूमिका तक पहुंचे हैं। छात्र जीवन में 10 वर्षों तक एबीवीपी में विभिन्न पदों पर रहे। पहली बार 2005 में दरभंगा सदर विधानसभा सीट से चुने गए और उसके बाद 2010, 2015, 2020, 2025 में लगातार विधायक चुने गए। उन्होंने एमकॉम और एमबीए किया है। बिहार सरकार में मंत्री दिलीप जायसवाल अभी तक प्रदेश अध्यक्ष थे और वे अब मंत्री बन गए हैं।



Jawahar / Modi Style
JACKETS
& SUITS • BLAZERS
upto 60% off
Formal • Casual • Party wear
By Economy Sales: 8212758485
ARROW | Raymond | PARK AVENUE | LOUIS PHILIPPE
• PUNCHKUIAN ROAD, Garwal Bhawan, (Near Jhandewalan, Gole Chkr.)
• GURUGRAM 306, City Center, Sector 29 (Near Hotel Pllazio)
• WAZIRPUR A-5, Near Richi Rich Banquet (Opp. Shalimar Bagh)
• NOIDA, Nirula's Sec-2, Near Metro Station, Sec-15, Noida, UP
• LAJPAT NAGAR, 49, Main Ring Road, Adj. Haldi Ram, Near Moolchand Crossing

BOOK YOUR CLASSIFIED ADS
FOR RECRUITMENT ADS
PLEASE CONTACT
AMIT :
9811790649
TIMES interact

ncrtc राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र परिवहन निगम लि.
(भारत सरकार एवं प्रतिभागी राज्य सरकारों का एक संयुक्त उपक्रम)
ई-निविदा सूचना
निम्नलिखित के लिए ऑनलाइन निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं
एनआईटी सं: डीकेएमडब्ल्यूडीसीओएम-ओएस/10 ... निविदा आईडी 2025_एनसीआरटीसी_245258_1
टीपीडीडीएल की 33 केवी, 11 केवी, एलटी विद्युत यूटिलिटी की आपूर्ति, स्थापना, परीक्षण एवं कमीशनिंग स्थानांतरण/संशोधन और दिल्ली-पानीपत-करनाल नमो भारत कॉरिडोर में मलवला से नरेला तक स्थित यूटिलिटी का विखण्डन/स्थानांतरण (चै. 20770-33600) के लिए।
एनआईटी सं: डीकेएमडब्ल्यूडीसीओएम-ओएस/09 ... निविदा आईडी 2025_एनसीआरटीसी_245257_1
टीपीडीडीएल की 33 केवी, 11 केवी, एलटी विद्युत यूटिलिटी की आपूर्ति, स्थापना, परीक्षण एवं कमीशनिंग स्थानांतरण/संशोधन और दिल्ली-पानीपत-करनाल नमो भारत कॉरिडोर में कश्मीरी गेट से मलवला तक स्थित यूटिलिटी का विखण्डन/स्थानांतरण (चै. 9680 से 20770) के लिए।
विस्तृत जानकारी एवं अनुवर्ती परिशिष्ट/शुद्धिपत्र (यदि कोई हो) के लिए कृपया एनसीआरटीसी वेबसाइट www.ncrtc.in या सीपीपी पोर्टल www.etenders.gov.in/eprocure/app पर 16.12.2025 से 19.01.2026 (1500 बजे तक) देखें।
हस्ता- ई.डी/प्रोक्योरमेंट

भारत पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड
(भारत सरकार का उपक्रम)
निगम के स्वामित्व वाले और निगम द्वारा संचालित रिटेल आउटलेट्स (COCO) के लिए सेवा प्रदाता की नियुक्ति हेतु सूचना
भारत पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड ने दिल्ली राज्य में विभिन्न स्थानों पर अपने निगम के स्वामित्व वाले एवं निगम संचालित रिटेल आउटलेट्स (COCO) पर कर्मचारी तथा विभिन्न सेवाएं प्रदान करने के लिए सेवा प्रदाता की नियुक्त करने का प्रस्ताव रखा है। विस्तृत विज्ञापन, दिशानिर्देश / विवरणिका और आवेदन प्रपत्र हमारी वेबसाइट https://www.bharatpetroleum.in/Bharat-Petroleum-For/Business-Associates/COCO.aspx पर उपलब्ध है और इसे डाउनलोड भी किया जा सकता है। पूर्णरूप से भरे हुए आवेदन पत्र विस्तृत विज्ञापन में दर्शाए गए कार्यालय में दिनांक 16.01.2026, 1700 बजे तक अवश्य पहुंच जाने चाहिए। यदि कोई शुद्धिपत्र हो, तो उपरोक्त वेबसाइट पर प्रकाशित किया जाएगा।
MAK LUBRICANTS
Bharat Petroleum Aviation Service
एनरजाइज़िंग लाइव्स: एनरजाइज़िंग नया भारत

### प्रियंका-PK की मुलाकात से कांग्रेस में नई हलचल

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

File



**जन सुराज** पार्टी के संस्थापक और चुनावी रणनीतिकार प्रशांत किशोर (PK) की कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी से हालिया मुलाकात के बाद राजनीतिक गलियारों में नई चर्चाएं शुरू हो गई हैं। सूत्रों के मुताबिक, यह बैठक नई दिल्ली में करीब दो घंटे तक चली, जिसमें उत्तर प्रदेश और बिहार समेत उत्तर भारत के मौजूदा राजनीतिक हालात, चुनौतियों और आगामी चुनावी परिदृश्य पर विचार-विमर्श हुआ। हालांकि, दोनों पक्षों ने अभी इस मुलाकात पर कोई टिप्पणी नहीं की है।

प्रियंका गांधी से जब पत्रकारों ने इसपर सवाल पूछा तो उन्होंने इसे टालते हुए कहा कि ये कोई न्यूज है, दूसरे जरूरी मुद्दों पर बात कीजिए। लेकिन समय और संदर्भ को देखते हुए इसे सामान्य मुलाकात से कहीं अधिक अहम माना जा रहा है। खासतौर पर ऐसे समय में जब कांग्रेस उत्तर प्रदेश और उत्तर भारत के राज्यों में अपनी खोई जमीन वापस पाने की कोशिश कर रही है, प्रशांत किशोर से संवाद को रणनीतिक संकेत के तौर पर देखा जा रहा है।

प्रशांत किशोर और कांग्रेस के रिश्ते पिछले कुछ वर्षों में उतार-चढ़ाव भरे रहे हैं। 2021 में किशोर ने कांग्रेस के पुनरुद्धार को लेकर एक विस्तृत प्रस्ताव दिया था। इसके बाद अप्रैल 2022 में सोनिया गांधी के 10 जनपथ स्थित आवास पर राहुल गांधी और प्रियंका गांधी की मौजूदगी में उन्होंने पार्टी नेतृत्व के सामने पीपीटी प्रेजेंटेशन भी दिया था। बिहार विधानसभा चुनाव और अन्य मौकों पर उन्होंने कांग्रेस की रणनीति और कुछ मुद्दों, खासकर वोट चोरी और मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (SIR) जैसे विषयों पर भी सवाल उठाए थे। बावजूद इसके, कांग्रेस और पीके के बीच संवाद पूरी तरह खत्म नहीं हुआ। ताजा मुलाकात को इसी पृष्ठभूमि में देखा जा रहा है।

#### नए सहयोग के विकल्प तलाश रही कांग्रेस

राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि कांग्रेस उत्तर भारत में संगठन को मजबूत करने के लिए नए प्रयोगों और सहयोग के विकल्प तलाश रही है, जबकि प्रशांत किशोर भी राष्ट्रीय राजनीति में अपनी भूमिका को लेकर संभावनाएं टटोल रहे हैं। हालांकि कांग्रेस में उनके औपचारिक रूप से शामिल होने को लेकर फिलहाल कोई आधिकारिक संकेत नहीं है।

### पीएम पर आपत्तिजनक नारे, सदन में हंगामा

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

**प्रधानमंत्री नरेन्द्र** मोदी के खिलाफ रैली में कथित तौर पर धमकी भरे नारे लगाए जाने और बुधवार को गृह मंत्री अमित शाह की ओर से सदन में की गई एक टिप्पणी को लेकर सोमवार को लोकसभा और राज्यसभा में हंगामा हुआ। हंगामे के कारण शून्यकाल और प्रश्न काल नहीं चल सका। केंद्रीय संसदीय कार्य मंत्री किरन रिजिजू ने कहा कि हम देश के लिए काम कर रहे हैं और यह सबसे दुर्भाग्यपूर्ण और दुखद है कि कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने खुले तौर पर प्रधानमंत्री मोदी की कब्र खोदने की घोषणा की। रिजिजू ने कहा कि कांग्रेस और बीजेपी के कार्यकर्ता और नेता राजनीतिक प्रतिद्वंद्वी हैं, दुश्मन नहीं। सदन के नेता जेपी नड्डा ने रैली का जिक्र करते हुए विवादित नारों पर आपत्ति जताई और इसे निंदनीय बताया। नड्डा के बयान के बाद विपक्ष ने सदन में हंगामा किया और बाहर की घटना पर चर्चा पर सवाल उठाए।

**जेपी नड्डा ने नारों पर आपत्ति जताई और इसे निंदनीय बताया**

उधर, प्रियंका ने कहा कि हमें नहीं मालूम कि ये सब किसने कहा। रैली में स्टेज से किसी ने भी ऐसा कुछ नहीं कहा। उन्होंने आरोप लगाया कि सत्ता पक्ष के लोग जरूरी मुद्दों पर चर्चा नहीं करना चाहते इसलिए हंगामा करते हैं।



**कार्यालय अधीक्षण अभियन्ता बुलन्दशहर वृत्त, लो0नि0वि0, बुलन्दशहर।**

पत्रांक: 9092/96 एम(IV)-बुलन्दशहर वृत्त/2025-26 दिनांक:- 02.12.2025

**ई-प्रोक्योरमेन्ट निविदा सूचना**

महामहिम राज्यपाल उत्तर प्रदेश की ओर से अधीक्षण अभियन्ता, बुलन्दशहर वृत्त, लो0नि0वि0, बुलन्दशहर द्वारा निम्नलिखित कार्य की मदवार दरों पर ऑनलाइन निविदा http://etender.up.nic.in के माध्यम से उक्त कार्य के लिये लोक निर्माण विभाग में तालिका के कॉलम 10 के अनुसार सेतु में रजिस्टर्ड फर्म/ठेकेदार द्वारा दिनांक 19.12.2025 से 26.12.2025 तक अपराह्न 12.00 बजे तक उ0प्र0 सरकार से प्रचलित टी-2 के अनुसार आमंत्रित की जाती है। कार्य की तकनीकी निविदा दिनांक 26.12.2025 को अपराह्न 12.30 बजे खोली जायेगी। यदि किसी कारणवश निविदा खोलने की तिथि को कार्यालय बन्द होता है तो उक्त निविदा अगले कार्य दिवस में ऑनलाइन खोली जायेगी तथा निविदा खोलने का समय तथा स्थान पूर्ववत् होगी। ऑनलाइन फाइनेन्शियल बिड खोलने हेतु समय व तिथि वेबसाइट पर दर्शायी जायेगी।

| क्रम सं./कार्य सं. | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (रु. लाख में) | धरोहर धनराशि (रु. लाख में) | कार्य पूर्ण करने की अवधि | निविदा प्रपत्र का मूल्य व जी.एस.टी. सहित (रु. में) | सम्बन्धित अधिशासी अभियन्ता का पता | सम्बन्धित अधीक्षण अभियन्ता का पता | सम्बन्धित मुख्य अभियन्ता का पता | ठेकेदार के पंजीकरण की श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 |
| 1 | जनपद गौतमबुद्धनगर में [illegible] से अट्टा फतेहपुर मार्ग के किमी0-2 में स्थित [illegible] सेतु के पुनः निर्माण का कार्य। | 70.00 | 3.50 | 09 माह | निविदा शुल्क 300+3000+18% जी.एस.टी. रु. 414.00 =3714.00 | अधिशासी अभियन्ता प्रान्तीय खण्ड, लो.नि.वि. गौतमबुद्धनगर | अधीक्षण अभियन्ता बुलन्दशहर वृत्त, लो.नि.वि. बुलन्दशहर | मुख्य अभियन्ता मे0क्षे0 लो.नि.वि. मेरठ | A, B सेतु कार्य |

1. कार्य को पूर्ण करने की अवधि उक्त तालिका के कॉलम सं0-5 में वर्षाकाल सहित अंकित है।
2. निविदा प्रपत्र शुल्क का भुगतान इन्टरनेट बैंकिंग के माध्यम से किया जाना अनिवार्य होगा।
3. समस्त पंजीकृत ठेकेदारों द्वारा पिछले 5 वर्षों का टर्नओवर जो कि सी0ए0 से सत्यापित हो, एवं पिछले 5 वर्षों से सन्तोषजनक रूप से किये गये अधिकतम लागत के कार्यों का विवरण चाणक्य सॉफ्टवेयर में निविदा डालने के पूर्व अपलोड किया जायेगा।
ई-निविदा, जो कि http://etender.up.nic.in पर अपलोड की जायेगी। उसका विवरण लोक निर्माण विभाग, उ0प्र0 के चाणक्य सॉफ्टवेयर में उपलब्ध सॉफ्टवेयर पर भी निविदा डालने की अन्तिम तिथि एवं समय से पूर्व अपलोड करना अनिवार्य होगा।
4. निविदा से सम्बन्धित नियम/शर्तें तथा अन्य विवरण http://etender.up.nic.in पर उपलब्ध है।
5. कार्य सम्पादन के समय ठेकेदार को उ0प्र0 सरकार द्वारा जारी कोविड-19 से सम्बन्धित समस्त सुरक्षा उपायों का अनुपालन सुनिश्चित करना अनिवार्य होगा।
6. लोक निर्माण विभाग में निविदाओं का तकनीकी मूल्यांकन प्रहरी सॉफ्टवेयर के माध्यम से होना है। प्रहरी का यू0आर0एल http://wms.uppwd.gov.in/Prahari/ है।

(कंचन सिंह)
अधिशासी अभियन्ता
प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0, गौतमबुद्धनगर

UPID-242160/10.12.2025
www.upgov.nic.in

(मनीष वर्मा)
अधीक्षण अभियन्ता
बुलन्दशहर वृत्त, लो0नि0वि0 बुलन्दशहर

## गुमशुदा की तलाश



कशिश

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि एक लड़की जिसका नाम **कशिश, पुत्री: स्व. श्री बॉबी मिश्रा, पता: एच-3/152, पहली मंजिल, सेक्टर-16, रोहिणी, दिल्ली** जोकि **01.12.2025 को सुबह 10:00 बजे अपने घर से गुमशुदा है।** इस सन्दर्भ में **DD No. 83 A, दिनांक 11.12.2025** पुलिस थाना के.एन. काटजू मार्ग, दिल्ली में रिपोर्ट दर्ज है। नीचे गुमशुदा लड़की की पहचान दी गई है:

नाम: कशिश, उम्र: 18 वर्ष 09 महीने, कद: 4'11'', रंग: गेहुँआ, शरीर: मध्यम, चेहरा: अंडाकार, पहनावा: गुलाबी रंग की हुडी, काले रंग का पजामा और पैरों में चप्पल।

अगर किसी को इस गुमशुदा लड़की के बारे में कोई जानकारी मिले कृपया पुलिस थाना के.एन. काटजू मार्ग, दिल्ली को सूचित करने की कृपा करें।

वेबसाइट: http://cbi.nic.in, ई-मेल: cic@cbi.gov.in
फोन: 011-24368638 / 24368641, फैक्स: 011-24368639

थाना प्रभारी
पुलिस थाना के.एन. काटजू मार्ग, दिल्ली
फोन: 8750870327, 9868863401

DP/16779/RD/2025

आपको अनुकूल हालात मिल सकते हैं, लेकिन आखिर में बोलर्स को सही जगहों पर गेंद डालनी होगी और भारतीय गेंदबाजों ने वही किया। उन्हें इसका श्रेय दिया जाना चाहिए। धर्मशाला में पहली गेंद से ही उन्होंने हमारे लिए मुश्किलें खड़ी कीं। - एडेन मार्करम, कप्तान, साउथ अफ्रीका

**6**

मुकाबले जीते हैं सूर्यकुमार यादव ने बतौर कप्तान साउथ अफ्रीका के खिलाफ। वह दोनों देशों के बीच हुई टी20I सीरीज के सबसे सफल कप्तान हैं। महेंद्र सिंह धोनी ने साउथ अफ्रीका के खिलाफ पांच जीत हासिल की थी

## स्पोर्ट्स QUIZ

इस पेज पर छपी खबरों में ही इन सवालों का जवाब हैं।

1. सूर्यकुमार यादव ने साउथ अफ्रीका के खिलाफ बतौर कप्तान कितने टी20I मैच जीते हैं?
A) 5 B) 6 C) 7 D) 10
2. IPL 2026 के लिए आज मिनी ऑक्शन किस शहर में होगा?
A) दुबई B) मुंबई C) अबू धाबी D) शारजाह

**कल के जवाब**
1. A) हरियाणा 2. D) इंडोनेशिया

**लकी WINNER**



1. आरोन शर्मा, रतन पार्क, दिल्ली
2. सुरेश यादव, गाजियाबाद, यूपी
3. श्री चंद कुमार, कल्याण, मुंबई

आप अपने जवाब हमें **9319282367** पर अपने नाम, तस्वीर और शहर/गांव के नाम के साथ वॉट्सऐप करें। एक 'लकी विनर' का नाम और तस्वीर हम कल के अंक में छापेंगे। दो अन्य विजेताओं के नाम भी प्रकाशित होंगे।

## फटाफट खबरें

### मनु ने जीता गोल्ड

■ **नई दिल्ली:** ओलिंपिक्स मेडल विजेता मनु भाकर ने नैशनल शूटिंग चैंपियनशिप में विमिंस 25 मीटर पिस्टल सीनियर वर्ग का गोल्ड मेडल जीता। मनु ने फाइनल में 36 अंक हासिल किए, जबकि कर्नाटक की दिव्या टीएस (32) दूसरे स्थान पर रहीं। अंजलि चौधरी ने ब्रॉन्ज मेडल जीता। जूनियर वर्ग में सिमरनप्रीत कौर बरार ने गोल्ड जीता।

### BCCI पर सफाई

■ **नई दिल्ली:** खेल मंत्री मनसुख मांडविया ने लोकसभा में स्पष्ट किया कि भारतीय क्रिकेट बोर्ड (BCCI) को अभी राष्ट्रीय खेल महासंघ (NSF) के रूप में मान्यता प्राप्त नहीं है। उन्होंने बताया कि नया राष्ट्रीय खेल संचालन अधिनियम लागू होने के बाद स्थिति बदल सकती है। मांडविया ने कहा कि सभी NSF को जवाबदेही और सुशासन के मानकों का पालन करना होगा। क्रिकेट के ओलिंपिक खेल बनने के बाद BCCI को भी पंजीकरण कराना होगा।

### वानखेड़े में सीरीज

■ **मुंबई:** वानखेड़े स्टेडियम 16 से 18 दिसंबर तक इंडिया और इंडिया 'ए' के बीच तीन मैचों की शारीरिक दिव्यांग टी20 सीरीज की मेजबानी करेगा। भारतीय दिव्यांग क्रिकेट परिषद ने इसकी घोषणा की। मुंबई क्रिकेट संघ ने इसे गर्व का क्षण बताया। आयोजकों के अनुसार यह सीरीज समावेशिता, जज्बे और खेल उत्कृष्टता को बढ़ावा देने के साथ दिव्यांग क्रिकेट को नई पहचान देगी।

### डेफ टीम का क्लीन स्विप

■ **नई दिल्ली:** भारतीय डेफ क्रिकेट टीम ने दुबई के खिलाफ टी20 सीरीज में 3-0 से क्लीन स्वीप किया। वीरेंद्र सिंह को प्लेयर ऑफ द सीरीज चुना गया।

कुल 77 खिलाड़ियों के लिए आज IPL का मिनी ऑक्शन

# टीमें आज ऑलराउंडर्स पर लगा सकती है बड़ी बोलियां


■ **एजेंसियां, अबू धाबी:** इंडियन प्रीमियर लीग (IPL) 2026 सीजन से पहले आज सभी टीमों के पास ऑक्शन में अपनी कुछ खामियों को दूर कर एक मजबूत स्क्वॉड तैयार करने का मौका होगा। मिनी ऑक्शन में लीग की 10 टीमें कुल 77 स्लॉट्स भरने के लिए बोलियां लगाएंगी। विश्व स्तरीय पेस बोलिंग ऑलराउंडर के सीमित विकल्पों के बीच मंगलवार को होने वाली छोटी नीलामी में ऑस्ट्रेलिया के कैमरन ग्रीन फेवरेट की स्थिति में नजर आ रहे हैं। कोलकाता नाइटराइडर्स और चेन्नै सुपरकिंग्स उनके लिए बड़ी बोली लगा सकती हैं। इस नीलामी में 10 टीमों के पास संयुक्त रूप से 237 करोड़ 55 लाख रुपये उपलब्ध हैं।

**कोलकाता के पास है सबसे बड़ा पर्स:** नाइटराइडर्स के पास सबसे बड़ा पर्स 64 करोड़ 30 लाख रुपये का है और टीम को 13 प्लेयर्स की जरूरत है। वहीं चेन्नै सुपरकिंग्स के पास 43 करोड़ 40 लाख रुपये हैं और वह संतुलित संयोजन तैयार करने की कोशिश में रहेगी। इसके उलट मुंबई इंडियंस की भूमिका सीमित रहने की संभावना है, क्योंकि उसके पास महज दो करोड़ 75 लाख बचे हैं।

**लिविंगस्टोन, अय्यर पर होगी निगाहें:** ग्रीन के अलावा भारतीय ऑलराउंडर वेंकटेश अय्यर और इंग्लैंड के विस्फोटक बल्लेबाज लियम लिविंगस्टोन पर भी मोटी बोली लगने की उम्मीद है। फास्ट बोलिंग ऑलराउंडर्स की हमेशा से मांग रही है और इसी कारण ग्रीन, वेंकटेश और वेस्टइंडीज के जेसन होल्डर दो करोड़ रुपये के आधार मूल्य वाले सबसे आकर्षक नामों में शामिल हैं। IPL में ग्रीन का रेकॉर्ड प्रभावशाली रहा है। उन्होंने 29 मैचों में 704 रन बनाने के साथ 16 विकेट भी लिए हैं, जिससे उनका ऑलराउंड पैकेज उन्हें खास बनाता है। अय्यर के मामले में स्थिति दिलचस्प है। पिछले सीजन में बड़ी रकम के दबाव में उनका प्रदर्शन फीका रहा, लेकिन नाइटराइडर्स को टॉप ऑर्डर के बल्लेबाज और एक भरोसेमंद ऑलराउंडर की जरूरत है। आरटीएम कार्ड के विकल्प के बिना कोलकाता को उन्हें वापस पाने के लिए समझदारी भरा दांव खेलना होगा। लिविंगस्टोन और साउथ अफ्रीका के क्विंटन डीकॉक भी बड़ी बोली आकर्षित कर सकते हैं।




कैमरन ग्रीन







**टेलिकास्ट:** 2:30 बजे से स्टार स्पोर्ट्स और जियोहॉटस्टार पर



लियम लिविंगस्टोन

**1** एकमात्र प्लेयर है विरनदीप सिंह इस साल असोसिएट देश के जो रजिस्ट्रेशन के बाद ऑक्शन का हिस्सा बनाए गए हैं

**39** साल के जलज सक्सेना IPL ऑक्शन में शामिल होने वाले सबसे उम्रदराज प्लेयर हैं।

**244** भारतीय प्लेयर्स ने IPL मिनी ऑक्शन के लिए रजिस्ट्रेशन करवाया है, जबकि 115 विदेशी प्लेयर्स पर लगेगी बोली

### यहां विदेशी प्लेयर्स रहते हैं सबसे महंगे

NBT Lens — खबरों के अंदर की बात

अगर मिनी ऑक्शन के इतिहास पर नजर डालें तो विदेशी प्लेयर्स ही सबसे बड़ी बोली आकर्षित करते हैं। मिनी ऑक्शन 2024 में मिचेल स्टार्क ने पुराने रेकॉर्ड ध्वस्त करते हुए 24.75 करोड़ रुपये में बिके थे। उन्हें KKR ने खरीदा था। साल 2024 में ही सनराइजर्स हैदराबाद ने पैट कमिंस पर 20.50 करोड़ की बोली लगाई थी। इससे पूर्व, 2023 में सैम करन को पंजाब किंग्स ने 18.50 करोड़ में खरीदा था। कैमरन ग्रीन पर मुंबई ने 2023 मिनी ऑक्शन में 17.50 करोड़ की बोली लगाई थी। बेन स्टोक्स 2023 में सुपरकिंग्स की टीम में 16.25 करोड़ में शामिल हुए थे। साल 2021 में क्रिस मोरिस पर राजस्थान रॉयल्स ने 16.25 करोड़ रुपये खर्च किए थे। यह छह खिलाड़ी मिनी ऑक्शन में सबसे महंगे रहे हैं।

# 'मेसी उत्सव' में गुम हो गए भारतीय सुपर स्टार भूटिया

Rupesh.Singh@timesofindia.com

■ **नई दिल्ली:** लियोनेल मेसी के इस भारत दौरे ने फैंस को ना भूलने वाले कई पल दिए, वहीं कुछ कड़वी सच्चाई से भी रूबरू कराया। मेसी तीन महानगरों का टूर करके सोमवार को राष्ट्रीय राजधानी पहुंचे थे। मुंबई में मेसी की मुलाकात भारतीय सुपर स्टार सुनील छेत्री से हुई थी। दिल्ली में भारतीय फुटबॉल के एक अन्य दिग्गज बाईचुंग भूटिया को भारतीय फुटबॉल बिरादरी की नुमाइंदगी करनी थी। हालांकि, क्रिकेट स्टेडियम में आयोजित इस 'फुटबॉल उत्सव' पर भारतीय फुटबॉल का यह पूर्व कप्तान गुम हो गया।

**करते रहे इंतजार:** मेसी के कार्यक्रम में शिरकत करने के लिए बाईचुंग दोपहर करीब 3.30 बजे स्टेडियम पहुंच गए थे। उन्हें उनके लिए निर्धारित स्थान तक ले जाने के लिए आयोजकों की ओर से कोई भी मौजूद नहीं था। बाईचुंग हर गेट पर अपना परिचय दे रहे थे, इस दिग्गज को फुटबॉल के जश्न के लिए तैनात वॉलंटियर्स और सुरक्षाकर्मी पहचान नहीं पा रहे थे। बाईचुंग ने कई फोन कॉल्स किए और काफी देर तक इंतजार किया, लेकिन मदद किसी ओर से आती नहीं दिखी। इस बीच उन्हें किसी शख्स ने पहचाना और फिर किसी तरह उन्हें स्टेडियम की सबसे खास जगहों में से एक 'विराट कोहली पविलियन' तक पहुंचाया।

**खेलना था मैच भी।:** यह पूछने पर कि उन्हें किसने आमंत्रित किया है, बाईचुंग ने कहा, 'मैं मुख्य आयोजक सताद्रु दत्ता के संपर्क में था। लेकिन उनकी गिरफ्तारी के बाद से कम्युनिकेशन गैप हो गया है। आयोजन से जुड़े कुछ और भी लोग हैं जिनसे मेरी बातचीत चल रही थी। मुझे यहां शायद मैच भी खेलना था और मेसी को टी-शर्ट भी भेंट करनी थी। लेकिन, यहां आने तक कुछ भी कंफर्म नहीं हो पाया।' पविलियन क्षेत्र में बाईचुंग करीब चार बजे पहुंच गए थे, लेकिन उन्हें तब तक यह नहीं पता था कि आखिर वह मैदान पर उस जगह कैसे पहुंचेंगे जहां जश्न मन रहा था। मेसी ने मैदान का चक्कर लगा लिया। वह मेन स्टेज पर भी पहुंच गए, लेकिन बाईचुंग पविलियन में ही इंतजार करते रहे। कार्यक्रम के अंतिम चरण में भूटिया के पास एक कॉल आया और उन्हें मैदान पर बुलाया गया। भारतीय फुटबॉल टीम के पूर्व कप्तान तेजी से सीढ़ियां उतरते हुए मैदान में पहुंचे जहां उनकी और उनके परिवार की मुलाकात मेसी, लुईस सुआरेज और रोड्रिगो डी पॉल से हुई।

Sunil Kataria



लियोनेल मेसी, लुईस सुआरेज (बाएं) और रोड्रिगो डी पॉल (दाएं) को क्रिकेट बैट भेंट करते इंटरनैशनल क्रिकेट काउंसिल (ICC) के प्रेजिडेंट जय शाह



RUPESH SINGH

स्टेडियम की एक गैलरी में बैठे पूर्व भारतीय कप्तान बाईचुंग भूटिया

### मेसी के इस टूर पर बिंद्रा ने उठाए सवाल

ओलिंपिक्स गोल्ड मेडलिस्ट और भारत के पूर्व निशानेबाज अभिनव बिंद्रा ने मेसी के भारत दौरे पर सवाल उठाते हुए कहा है कि इस पूरे घटनाक्रम ने उन्हें सोचने पर मजबूर कर दिया कि आखिर हम हासिल क्या करना चाह रहे हैं। बिंद्रा ने सोशल मीडिया पर लिखा, 'जैसे-जैसे उनका हालिया भारत दौरा आगे बढ़ा, कुछ जगहों पर अफरा-तफरी हुई और मुझे काफी असहज लगा। इसने मुझे सोचने पर मजबूर किया कि हम असल में क्या हासिल करने की कोशिश कर रहे थे। एक पल के लिए उनके करीब जाने या तस्वीर खिंचवाने के लिए लाखों रुपये खर्च किए जा रहे हैं। मैं दुखी हूं और मुझे हैरानी हो रही है कि क्या यह संभव था कि इस ऊर्जा और निवेश का एक हिस्सा भी हमारे देश में खेलों की बुनियाद पर खर्च किया जा सकता था।'

# हज़ारे ट्रॉफी में हरेक प्लेयर को खेलने होंगे दो-दो मैच



विराट और रोहित शर्मा भी खेलेंगे

■ **पीटीआई, नई दिल्ली:** भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (BCCI) ने भारतीय टीम के मौजूदा प्लेयर्स के लिए 24 दिसंबर से शुरू हो रही विजय हजारे ट्रॉफी में कम से कम दो वनडे मैच खेलना अनिवार्य कर दिया है। साउथ अफ्रीका के खिलाफ आखिरी टी20 मैच (19 दिसंबर) और न्यूजीलैंड के खिलाफ पहले वनडे (11 जनवरी, 2026) के बीच तीन सप्ताह से अधिक का अंतर है और बोर्ड चाहता है कि सभी सीनियर खिलाड़ी घरेलू क्रिकेट खेलें। अजित अगरकर की अध्यक्षता वाली चयन समिति ने सभी को यह निर्देश दे दिया है। इस साल की शुरुआत में ऑस्ट्रेलिया में टेस्ट सीरीज में हार के बाद यह सिफारिश की गई थी। इ

**BCCI का निर्देश**

**केवल अनफिट होने पर छूट:** उन्होंने कहा, 'किसी को छूट तभी दी जाएगी जब उत्कृष्टता केंद्र से किसी को अनफिट घोषित किया जाता है, लेकिन अधिकारियों का मानना है कि साउथ अफ्रीका के खिलाफ सीरीज के बाद चोट से उबरने के लिए काफी समय होगा।' इस निर्देश से यह धारणा भी टूटेगी कि सिलेक्शन और हेड कोच गौतम गंभीर सिर्फ कोहली और रोहित का उदाहरण देना चाहते हैं। इस बीच जसप्रीत बुमरा को धर्मशाला में तीसरे टी20 से पहले निजी कारणों से घर लौटना पड़ा। विश्वस्त सूत्रों के अनुसार उनके करीबी परिजन को अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

### रोहित, विराट भी उतरेंगे

रोहित शर्मा और विराट कोहली टूर्नामेंट के लिए अपनी उपलब्धता की सूचना दे चुके हैं। वहीं शुभमान गिल, जसप्रीत बुमरा, केएल राहुल, हार्दिक पंड्या और सूर्यकुमार यादव को अपनी अपनी टीमों के लिए कम से कम दो मैच खेलने के लिए कहा जा सकता है। बीसीसीआई के एक सीनियर अधिकारी ने कहा, 'विजय हजारे ट्रॉफी के छह दौर 24 दिसंबर से खेले जाने हैं। यह खिलाड़ियों और उनके प्रदेश संघों पर निर्भर करता है कि वे कौन से दो दौर खेलना चाहते हैं।'

# गिल पर सभी को भरोसा रखना चाहिए: अभिषेक

■ **एजेंसियां, धर्मशाला:** बारह वर्ष की उम्र से शुभमान गिल के साथ खेल रहे अभिषेक शर्मा को पता है कि खराब फॉर्म से उबरकर वह भारत के लिए टी20 वर्ल्ड मैच जीतेंगे और अगले साल टी20 वर्ल्ड कप में भी शानदार प्रदर्शन करेंगे। साउथ अफ्रीका के खिलाफ तीसरे टी20 में उन्होंने 28 गेंद में 28 रन बनाए। गिल और कप्तान सूर्यकुमार यादव के खराब फॉर्म के बारे में अभिषेक ने कहा, 'मैं एक बात साफ बताना चाहता हूं कि आप भरोसा रखिए। ये दोनों खिलाड़ी भारत के लिए वर्ल्ड कप में मैच जीतेंगे और इस सीरीज में भी।'

रिएक्शन



भारतीय ओपनर अभिषेक शर्मा

भारतीय टीम के बोलिंग कोच मोर्नी मोर्कल ने भी भारतीय गेंदबाजों की तारीफ की। मोर्कल ने कहा, 'मुझे खुशी है कि गेंदबाजों ने इस तरह से वापसी की।'

# टंग की वापसी, बशीर को जगह नहीं मिली

■ **एजेंसियां, एडिलेड:** इंग्लैंड ने बुधवार से यहां खेले जाने वाले तीसरे एशेज टेस्ट के लिए गस एटकिंसन की जगह जोश टंग को टीम में वापस बुलाया है, लेकिन धीमे गेंदबाजों की मददगार पिच की संभावना के बावजूद स्पिनर शोएब बशीर को एकादश में जगह नहीं मिली है। ऑस्ट्रेलिया की टीम में भी नाथन लियोन की वापसी हुई है। टंग की वापसी इंग्लैंड की टीम में एकमात्र बदलाव है जिसे गाबा में आठ विकेट से हार का सामना करना पड़ा था। इंग्लैंड की टीम पांच मैचों की सीरीज में 0-2 से पीछे है।

एशेज




जोश टंग

# शेफाली और हार्मर चुने गए महीने के बेस्ट प्लेयर

■ **एजेंसियां, दुबई:** विमिंस वर्ल्ड कप फाइनल में निर्णायक भूमिका निभाने वाली भारतीय ओपनर शेफाली वर्मा को ICC ने नवंबर महीने की 'प्लेयर ऑफ द मंथ' चुना है। शेफाली ने पिछले महीने नवी मुंबई में खेले गए वर्ल्ड कप फाइनल में साउथ अफ्रीका के खिलाफ 78 गेंदों में 87 रन की शानदार पारी खेली थी, जो विमिंस वर्ल्ड कप फाइनल में किसी भारतीय ओपनर का सर्वोच्च स्कोर है। उनकी पारी की बदौलत भारत ने सात विकेट पर 298 रन बनाए और 52 रन से जीत दर्ज कर पहली बार वर्ल्ड कप खिताब अपने नाम किया।

ICC पुरस्कार



शेफाली वर्मा

**लिए थे 17 विकेट:** साउथ अफ्रीका के स्पिनर साइमन हार्मर को भारत के खिलाफ टेस्ट सीरीज में शानदार प्रदर्शन के लिए मेंस 'प्लेयर ऑफ द मंथ' चुना गया। हार्मर ने दो टेस्ट में 17 विकेट लेकर साउथ अफ्रीका को भारत में 25 साल बाद टेस्ट सीरीज जीत दिलाई।

टेनिस प्रीमियर लीग

## जीएस दिल्ली एसेस ने जीती पहली ट्रॉफी

■ **एजेंसियां, अहमदाबाद:** जीएस दिल्ली एसेस ने यहां टेनिस प्रीमियर लीग के फाइनल में यश मुंबई ईगल्स पर 51-36 से शानदार जीत के साथ पहली बार इस खिताब पर कब्जा किया। बेल्जियम की खिलाड़ी सोफिया कोस्टौलास ने शानदार प्रदर्शन करते हुए रिया भाटिया को 18-7 से हराकर विमिंस सिंगल्स में अपना अजेय रेकॉर्ड बरकरार रखा। मिक्स्ड डबल्स में कोस्टौलास और जीवन नेदुनचेझियान ने भाटिया और निकी पुनाचा की जोड़ी को 16-9 से हराकर दिल्ली की बढ़त को मजबूत किया। मेंस सिंगल्स में मुंबई ईगल्स के तॉमस जुमूर ने बिली हैरिस को हराया, लेकिन मेंस डबल्स में हैरिस और नेदुनचेझियान ने दिल्ली की जीत पर मुहर लगा दी।

# एजाज़ को न्यूज़ीलैंड की टीम में मिली जगह, फिट ब्लंडेल भी करेंगे वापसी

■ **एजेंसियां, वेलिंग्टन:** न्यूजीलैंड के ऑफ स्पिनर एजाज पटेल को वेस्टइंडीज के खिलाफ तीसरे और आखिरी टेस्ट के लिए टीम में चुना गया है। यह मैच गुरुवार से माउंट माउंगानुई में खेला जाएगा। एजाज को ब्लेयर टिकनर की जगह टीम में शामिल किया गया है। टिकनर दूसरे टेस्ट के दौरान वेलिंग्टन में बाउंड्री पर फील्डिंग करते समय कंधे में चोट लगने के कारण बाहर हो गए थे। कीवी टीम में टॉम ब्लंडेल को भी जगह मिली है। ब्लंडेल हैमस्ट्रिंग इंजरी की वजह से दूसरा टेस्ट नहीं खेल पाए थे। सैंतीस वर्षीय एजाज पटेल वही गेंदबाज हैं, जिन्होंने वर्ष 2021 में मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम में भारत के खिलाफ एक टेस्ट पारी में सभी 10 विकेट लिए थे। फरवरी 2020 के बाद यह उनका घरेलू जमीन पर पहला टेस्ट मैच हो सकता है।

क्रिकेट कनेक्ट



न्यूजीलैंड के स्पिनर एजाज पटेल

### दम्मिका रणतुंगा को किया गया गिरफ्तार

**कोलंबो:** श्रीलंका के पूर्व टेस्ट क्रिकेटर और वर्ल्ड कप विजेता कप्तान अर्जुन रणतुंगा के बड़े भाई दम्मिका रणतुंगा को भ्रष्टाचार रोधी आयोग ने गिरफ्तार किया था, लेकिन सोमवार को उन्हें जमानत पर रिहा कर दिया गया। भ्रष्टाचार जांच आयोग ने बताया कि 63 वर्षीय दम्मिका को 2017 में सरकारी संस्था सीलोन पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन द्वारा कच्चे तेल की खरीद में गलत निविदा प्रक्रिया के लिए गिरफ्तार किया गया था।

मेसी का इवेंट

## अव्यवस्था को लेकर दो PIL दाखिल हुई

■ **आईएनएस, कोलकाता:** सॉल्ट लेक स्टेडियम में शनिवार को हुए लियोनेल मेसी इवेंट में अव्यवस्था के बाद सोमवार को कलकत्ता हाई कोर्ट में दो जनहित याचिकाएं दायर (PIL) की गईं। कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश सुजॉय पॉल की अध्यक्षता वाली डिविजन बेंच ने दोनों याचिकाएं स्वीकार कर ली हैं और मंगलवार को सुनवाई होने की संभावना है। सीनियर एडवोकेट बिकाश रंजन भट्टाचार्य द्वारा दायर पहली PIL में टिकट बिक्री में कथित वित्तीय अनियमितताओं की विस्तृत जांच की मांग की गई है। दूसरी PIL सीनियर एडवोकेट सब्यसाची चट्टोपाध्याय ने दाखिल की है, जिसमें पूरे मामले की जांच नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक से कराने की मांग की गई है।

## 12 राशियां और आपका दिन



**ARIES** 21 Mar - 19 Apr
प्रॉपर्टी से संबंधित क्षेत्रों में उत्तम लाभ मिलेगा। आपको अपने परिवार के आशीर्वाद से शासन द्वारा सम्मानित किए जाने की संभावना रहेगी। आज आप जनता के प्रिय बनेंगे। सायंकाल के समय परिजनों के शारीरिक कष्ट होने से आपको कुछ देर परेशानी रहेगी। देर रात तक पुनः सब सामान्य हो जाएगा।

**TAURUS** 20 Apr - 19 May
राशि स्वामी सप्तम प्रमुख त्रिकोण जन्म भाव में चल रहा है, बैंक क्षेत्रों में होने से शत्रुओं को बल मिलेगा। तुला राशि का चंद्रमा षष्ठम भाव में मंगल के घर पर होकर आपके अंदर निर्भीकता का भाव साकार करेगा, इसलिए आज आप निर्भीकता से अपने कार्यों को संपन्न करने में सक्षम रहेंगे।

**GEMINI** 21 May - 21 Jun
आज आप इस बात का पूरा ध्यान रखें कि आपकी कोई बात सामने वाले को बुरी न लग जाए। औपचारिकता में बिल्कुल भी न उलझना, आपको जो कहना हो, जो चाहिए, बेहिचक कह देना। यदि आपका धन कहीं रुका हुआ है तो आज मिल सकता है। विवेक से लिए गए निर्णय लाभप्रद रहेंगे।

**CANCER** 22 Jun - 22 Jul
आज आपको अपने से छोटे परिजनों का सहयोग पाने के लिए संघर्ष करना पड़ेगा। आप अपने स्वभाव के प्रति गंभीर रहें, कड़ी मेहनत से ही अपने कार्यों में सफल हो सकेंगे। भौतिक सुख साधनों पर खर्च अधिक होगा। शत्रु अपने षड्यंत्रों में सफल नहीं हो पाएंगे। खुश मिजाज व्यक्ति होने के कारण दूसरे लोग आपसे संबंध बनाने की चाहत रखेंगे।

**LEO** 23 Jul - 22 Aug
आज आपके अंदर परोपकार की भावना बढ़ने लगेगी। आपका अधिक समय धार्मिक अनुष्ठानों में व्यतीत होगा। आत्मविश्वास के बल पर किए गए प्रयासों में सफलता मिलेगी। पुराने रुके हुए कार्य थोड़ा खर्च करने से बन सकते हैं। नई योजनाओं पर आज काम शुरू हो जाएगा।

**VIRGO** 23 Aug - 22 Sep
भाग्य की दृष्टि से आज का दिन अच्छा रहेगा। यदि पिछले दिनों से शरीर में कोई कष्ट चला आ रहा है तो उसमें सुधार होगा। संतान से शुभ समाचार मिलेगा। जीवनसाथी का सहयोग मिलने की संभावना बनी रहेगी। वाणी पर संयम रखें, आप अपनी कार्यकुशलता से सर्वत्र विजय, विभूति, सफलता प्राप्त करेंगे।

**LIBRA** 23 Sep - 22 Oct
यदि आप विद्यार्थी हैं तो आपकी शैक्षणिक दिशा में परिवर्तन होगा। शिक्षा की ओर आपकी रुचि बढ़ेगी। नए कार्य सीखने में सफल होंगे। आप अपनी बातों को सत्य साबित करने में सफल रहेंगे। माता-पिता, गुरु के प्रति निष्ठा, भक्ति भाव प्रतिष्ठा वृद्धि में सहायक होगा। सायंकाल में कोई प्रिय वस्तु के चोरी होने का भय है। सावधान रहें।

**SCORPIO** 23 Oct - 21 Nov
आज आमदनी में ज्यादा खर्च की स्थिति रहेगी। शासन के द्वारा किए गए श्रेष्ठ कार्यों से आपके मान-सम्मान में वृद्धि होगी। आप अपने धैर्य तथा प्रतिभा से शत्रु पक्ष पर विजय प्राप्त करने में सफल रहेंगे। सायंकाल से रात्रि तक प्रिय व्यक्तियों के दर्शन से मन प्रफुल्लित रहेगा। रात्रि में मौज-मस्ती में समय व्यतीत होगा।

**SAGITTARIUS** 22 Nov - 21 Dec
राशि स्वामी देवगुरु बृहस्पति अष्टम भाव में उच्च के चलन पर है। ज्ञान की वृद्धि होगी। आपके कठिन प्रयासों से इच्छा की पूर्ति होगी। बृहस्पति शासन का प्रतिनिधि है, इसलिए शासन द्वारा आपको सम्मानित किए जाने की प्रबल संभावना है। सायंकाल धार्मिक अनुष्ठानों पर समय व्यतीत होगा।

**CAPRICORN** 22 Dec - 19 Jan
आज आपको पूर्वजों से धन मिलने की संभावना है। आज किसी रचनात्मक कार्य में आपकी रुचि बढ़ सकती है। बिना मांगे किसी को सलाह न दें, उल्टा असर होगा। रात्रि के समय पुण्य कार्यों में लगेंगे, जिससे आपका मन शांत और प्रसन्न रहेगा। हो सके तो आज किसी को उधार न दें।

**AQUARIUS** 20 Jan - 18 Feb
आमदनी की बढ़ोतरी के लिए किए गए प्रयास सार्थक सफल रहेंगे। श्रेष्ठ मंत्री द्वारा प्राप्त धन से वृद्धि होगी। भाग्य की दृष्टि से आज का दिन अच्छा रहेगा। संतान पक्ष से सुखद समाचार मिलेगा। आज आपको हर क्षेत्र में लाभ की प्राप्ति होगी। आपको मित्रों का सहयोग मिलेगा।

**PISCES** 19 Feb - 20 Mar
आज आपकी अपनी संपत्ति में वृद्धि होगी। आपको ननिहाल से भी मान-सम्मान मिलेगा। आपको जीवनसाथी की ओर से पूर्ण सहयोग मिलेगा। नौकरी में गुप्त शत्रु चुगली करेंगे, जिससे सायंकाल के समय परेशानी हो सकती है। आपकी राशि का स्वामी बृहस्पति वक्री चल रहा है। अतः अपने गुरु के प्रति निष्ठा व भक्तिभाव पूर्ण रखें।

## जन्मदिन की शुभकामनाएं

इस वर्ष के स्वामी सूर्य शुक्र बने हैं। वर्ष रजत पाद से प्रवेश हुआ है। दिसंबर शेष से जनवरी 2026 तक आय के नए स्रोत सामने आएंगे। विरोधी पक्ष पराजित होगा। आपके भाग्य का सितारा फिर से चमकने लगेगा। नया परिचय मित्रता में परिवर्तित होने से हर्ष होगा। फरवरी महीने की शुरुआत से लेकर मार्च महीने के अंत तक में व्यापार में ज्यादा धन लगाना लाभप्रद रहेगा। इस दौरान आपका जीवन स्तर भी ऊंचा उठेगा। व्यावसायिक तथा सामाजिक प्रतिद्वंद्वियों के लिए आप सिरदर्द बने रहेंगे। अप्रैल महीने से लेकर मई के महीने के अंत तक में सगे-संबंधी आपकी प्रशंसा करेंगे। पारिवारिक समस्या का समाधान निकल आएगा। जून से जुलाई में पास व निकट की सार्थक तीर्थ यात्रा का योग बन रहा है। अगस्त से सितंबर में अत्यधिक सक्रियता से आपके स्वास्थ्य पर विपरीत प्रभाव पड़ सकता है। अपनी सेहत का ध्यान रखें। अक्टूबर से नवंबर में किसी नवल कार्य की योजना बनेगी। घर में सुख-शांति और स्थिरता का आनंद उठाएं। विशेष अच्छे परिणाम के लिए पांच पीले फूल व दो केले प्रातः स्नान के उपरांत केले के पेड़ की जड़ में रख दें। -आचार्य कृष्ण दत्त शर्मा

## कल का पंचांग
(बुधवार, 17 दिसंबर 2025)

राष्ट्रीय मिति मार्गशीर्ष 26, शक संवत 1947, पौष, कृष्ण, त्रयोदशी, बुधवार, विक्रम संवत 2082। सौर पौष मास प्रविष्टे 3, जमादि उस्सानी 25, हिजरी 1447 (मुस्लिम) तदनुसार अंग्रेजी तारीख 17 दिसंबर 2025 ई.। सूर्य दक्षिणायन, दक्षिण गोल, हेमंत ऋतु। राहुकाल दोपहर 12 बजे से 1 बजकर 30 मिनट तक। त्रयोदशी तिथि अर्धरात्रोत्तर 2 बजकर 33 मिनट तक उपरांत चतुर्दशी तिथि का आरंभ। विशाखा नक्षत्र सायं 5 बजकर 11 मिनट तक उपरांत विशाखा नक्षत्र का आरंभ। सुकर्मा योग अपराह्न 2 बजकर 16 मिनट तक उपरांत धृतिमान योग का आरंभ। वर करण मध्याह्न 1 बजकर 16 मिनट तक उपरांत विष्टि करण का आरंभ। चंद्रमा दिन के 10 बजकर 26 मिनट तक तुला। आज के व्रत त्योहार - धनु संक्रांति, पुण्यकाल मध्याह्न तक।

## सुडोकू

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | 5 | 3 | | 1 | 9 |
| 7 | | | | 6 | 2 | | | 3 |
| | 8 | | 9 | 7 | | | | |
| | 6 | | | | | | | 5 |
| | 1 | 9 | | | | 8 | 4 | |
| 2 | | | | | | | 7 | |
| | | | | 2 | 4 | | 3 | |
| 8 | | | 5 | 1 | | | | 4 |
| 1 | 2 | | 3 | 9 | | | | |

## TELEVISION



big magic

09:00 बबलू डबलू
10:00 [illegible]
11:00 रुद्र के रक्षक
11:30 अलादीन
12:00 [illegible]
13:30 [illegible]
14:30 हम पांच
15:00 अजब देश की गजब कहानी
16:00 [illegible]
18:30 रुद्र के रक्षक
21:00 [illegible]

CCI NG 3.7 Product: NBTDelhiBS PubDate: 16-12-2025 Zone: Mahanagar Edition: 1 Page: NBTMAH11 User: rajesh.mishra Time: 12-15-2025 22:44 Color:

नवभारत टाइम्स NBT Delhi Times OF INDIA masala mix
TUESDAY, DECEMBER 16, 2025 ADVERTORIAL, ENTERTAINMENT, PROMOTIONAL FEATURE



सोनाक्षी सिन्हा ने कहा है कि ऐक्ट्रेस को ट्रोलिंग से बचाना जरूरी है।



करीना कपूर अपने बच्चों के साथ मेसी से मिलने पहुंचीं

# मेसी से मिलने के लिए पहुंचे बॉलिवुड के सितारे

लियोनेल मेसी के इंडिया टूर के दौरान मुंबई में तमाम फिल्मी सितारों ने उनसे मुलाकात की। करीना कपूर खान अपने दोनों बेटों तैमूर अली खान और जेह के साथ वानखेड़े स्टेडियम पहुंचीं। सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे फोटो में जेह और तैमूर ने मेसी और अर्जेंटीना नाम की जर्सी पहनी हुई थी। करीना ने इसकी एक फोटो भी शेयर की है।

करीना के अलावा अजय देवगन भी स्टेडियम में नजर आए। वह मेसी से हाथ मिलाते हुए दिखाई दिए। वहीं टाइगर श्रॉफ भी स्टेडियम में मौजूद थे। रफ एंड टफ अंदाज में पहले उन्होंने मेसी से हाथ मिलाया फिर उनके साथ फोटो भी ली। मेसी के साथ उनकी फोटो सोशल मीडिया पर भी वायरल हो रही है। इस दौरान शाहिद कपूर भी स्टेडियम में मौजूद थे। उनके बच्चों ने भी मेसी से मुलाकात की और फोटो खिंचवाई। वहीं शिल्पा शेट्टी अपने पति राज कुंद्रा और बेटे वियान के साथ स्टेडियम में दिखाई दीं। दरअसल, लियोनेल मेसी वानखेड़े स्टेडियम में GOAT कप एग्जीबिशन मैच खेलने पहुंचे थे। इस दौरान मेसी के साथ फुटबॉलर रॉड्रिगो डी पॉल और लुई सुआरेज भी मौजूद थे।



अजय देवगन और लियोनेल मेसी



शाहिद कपूर के बच्चों के साथ मेसी



गीता बसरा ने की मेसी से मुलाकात


# बॉन्डी बीच हमले को लेकर हॉलिवुड स्टार्स ने जताया दुख

ऑस्ट्रेलिया के सिडनी स्थित बॉन्डी बीच पर हुए आतंकी हमले पर हॉलिवुड स्टार्स ने दुख जाहिर किया है। इस बारे में एश्टन कुचर ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर लिखा, 'ये विरोधी सोच सिर्फ बातें नहीं हैं, इसकी कीमत लोगों को अपनी जान देकर चुकानी पड़ती है और मेरे भाई-बहन इसकी कीमत चुका रहे हैं। काश ये विनाश किसी तरह के छुपे हुए चमत्कार को पैदा करे, एक ऐसा चमत्कार जिसे देखने की काबिलियत अभी तक हम लोगों में नहीं है।'

गैल गैडोट ने इस हमले को दिल दहला देने वाला बताते हुए सोशल मीडिया पर लिखा, 'मेरा दिल टूट गया है। ऑस्ट्रेलिया के बॉन्डी बीच पर हुए आतंकी हमले के बाद दुख बहुत ज्यादा है। बुराई ने जानबूझकर समुदाय और उम्मीद के एक पवित्र पल पर हमला किया।' वह आगे लिखती हैं, 'हमें पीड़ितों का सम्मान चुप्पी से नहीं, बल्कि ऐसी दुनिया की मांग करके करना चाहिए जहां हर जिंदगी सुरक्षित हो।' वहीं अभिनेत्री कायली मिनोग ने लिखा, 'मेरा दिल तुम्हारे साथ है बॉन्डी।'



गैल गैडोट



एश्टन कुचर



# बिना हेलमेट बाइक चलाने पर सोहेल ने मांगी माफी

सलमान खान के भाई सोहेल खान का बिना हेलमेट के मुंबई की सड़कों पर बाइक चलाने वाला विडियो खूब वायरल हुआ, जिसकी आलोचना भी हुई। अब सोहेल ने इसको लेकर माफी मांगी है।

सोहेल खान ने सोशल मीडिया पर लिखा, 'मैं सभी बाइक राइडर्स से विनती करता हूं कि प्लीज हेलमेट पहनें। मैं कभी-कभी हेलमेट पहनने से बचता हूं, क्योंकि मुझे क्लॉस्ट्रोफोबिया होता है, लेकिन यह हेलमेट न पहनने का कोई बहाना नहीं है। मैं ट्रैफिक अथॉरिटीज से माफी चाहता हूं।'

THE ECONOMIC TIMES

## फटाफट खबरें

### 1.22 लाख से ज्यादा ने चुनी UPS

पीटीआई, नई दिल्ली: केंद्र सरकार की नई पेंशन योजना यूनिफाइड पेंशन स्कीम (UPS) को कर्मचारियों का सपोर्ट मिल रहा है। सरकार ने सोमवार को संसद में बताया कि 30 नवंबर 2025 तक कुल 1,22,123 केंद्रीय कर्मचारियों ने इस स्कीम को अपनाया है। लोकसभा में वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी ने बताया कि जिन कर्मचारियों ने UPS चुना है, उन्हें अपनी पूरी नौकरी के दौरान एक बार वापस NPS में जाने का मौका दिया जाएगा।

### 'डेड इकॉनमी' पर FM का पलटवार

पीटीआई, नई दिल्ली: वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने सोमवार को साफ कर दिया कि भारत की अर्थव्यवस्था कतई 'बेजान' (Dead Economy) नहीं है। उन्होंने भारत की 8.2 प्रतिशत की शानदार ग्रोथ रेट और ग्लोबल एजेंसियों द्वारा सुधारी गई रेटिंग का हवाला दिया। लोकसभा में विपक्ष के सदस्य सरकार से अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप के उस बयान पर जवाब मांग रहे थे, जिसमें उन्होंने भारत को 'डेड इकॉनमी' कहा था।

### रवि रंजन बने SBI के नए MD

पीटीआई, नई दिल्ली: केंद्र सरकार ने सोमवार को रवि रंजन को स्टेट बैंक ऑफ इंडिया (SBI) का नया मैनेजिंग डायरेक्टर (MD) नियुक्त कर दिया है। इससे पहले रवि रंजन बैंक में ही डिप्टी मैनेजिंग डायरेक्टर की जिम्मेदारी संभाल रहे थे। उन्होंने विनय एम. की जगह ली है, जिनका कार्यकाल 30 नवंबर 2025 को पूरा हो गया था।

### 'क्रिप्टो लेन-देन में टॉप 10 में भारत'


वि, नई दिल्ली : बायबिट (Bybit) और डीएल रिसर्च (DL Research) ने मिलकर 'वर्ल्ड क्रिप्टो रैंकिंग्स 2025' रिपोर्ट जारी की है। रिपोर्ट के मुताबिक, लेन-देन के मामले में भारत दुनिया के टॉप 10 देशों में शुमार हो गया है। रिपोर्ट के मुताबिक, भारत को ग्लोबल लिस्ट में 9वीं रैंक मिली है।

# सोना एक दिन में 4,000 रु. महंगा

## 1,37,600 रुपये/10 ग्राम के ऑल-टाइम हाई पर पहुंचा गोल्ड

NBT रिपोर्ट, मुंबई : सोना और चांदी की कीमतों में तेजी बनी हुई है। ऑल इंडिया ज्वैलर्स असोसिएशन के मुताबिक, सोमवार को दिल्ली में सोने की कीमतों में 4,000 रुपये का जबरदस्त उछाल आया। इसके साथ ही सोना 1,37,600 रुपये प्रति 10 ग्राम के अपने अब तक के ऑल-टाइम हाई पर पहुंच गया। इससे पहले 17 अक्टूबर को सोने ने 3,200 रुपये की छलांग लगाई थी और 1,34,800 रुपये का रेकॉर्ड बनाया था। 31 दिसंबर 2024 के 78,950 रुपये प्रति 10 ग्राम के भाव से तुलना करें तो सोना अब तक 74.3 प्रतिशत महंगा हो चुका है। दूसरी ओर, सोमवार को चांदी की कीमतें 1,99,500 रुपये (सभी टैक्स सहित) पर स्थिर रहीं। हालांकि, इस साल अब तक चांदी ने 1,09,800 रुपये (122.41%) की भारी बढ़त हासिल की है। 31 दिसंबर 2024 को इसका भाव 89,700 रुपये प्रति किलो था।

> इस साल सोने ने करीब 74% का रिटर्न दिया है।



AI Image

### दुनिया में तनाव से बढ़ रहा दाम: केंद्र

पीटीआई, नई दिल्ली: सोने और चांदी की कीमतों में हाल ही में जो भारी उछाल आया है, उसकी सबसे बड़ी वजह दुनिया भर में बढ़ा तनाव (जियोपॉलिटिकल टेंशन) और ग्लोबल ग्रोथ को लेकर बना डर है। सोमवार को वित्त मंत्रालय ने बताया कि आर्थिक अनिश्चितता की वजह से लोग सोने को सबसे सुरक्षित निवेश मान रहे हैं। लोकसभा में वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी ने कहा कि कीमतें बाजार तय करता है, सरकार का इसमें कोई दखल नहीं होता।

वहीं, MCX पर फरवरी डिलीवरी वाले सोने के कॉन्ट्रैक्ट में सोने में 1,874 रुपये (1.4%) का उछाल आया और यह 1,35,496 रुपये प्रति 10 ग्राम के रेकॉर्ड लेवल पर पहुंच गया। वहीं, मार्च 2026 के कॉन्ट्रैक्ट के लिए, चांदी 5,255 रुपये (2.72%) बढ़कर 1,98,106 रुपये प्रति किलोग्राम हो गई।

### सेंसेक्स-निफ्टी में मामूली गिरावट


सोमवार को सेंसेक्स 54.30 अंक गिरकर 85,213.36 पर बंद हुआ। एक समय 427 अंक टूटकर 84,840 पर पहुंच गया था। निफ्टी भी 19.65 अंक (0.08%) की हल्की गिरावट के साथ 26,027.30 पर बंद हुआ। दिन के दौरान यह 25,904 तक लुढ़क गया था।

### 90.78 के निचले स्तर पर रुपया

सोमवार को डॉलर के मुकाबले रुपया एक समय 90.80 के लेवल तक गिर गया, जो अब तक का सबसे निचला स्तर है। आखिर में यह पिछले बंद भाव के मुकाबले 29 पैसे की कमजोरी के साथ 90.78 (अस्थायी) के नए ऑल- टाइम लो पर बंद हुआ।

## नवंबर में भी माइनस में रही थोक महंगाई

पीटीआई, नई दिल्ली: नवंबर महीने में थोक मूल्य सूचकांक (WPI) पर आधारित महंगाई दर लगातार दूसरे महीने 'माइनस' में रही। सोमवार को जारी सरकारी आंकड़ों के मुताबिक, नवंबर में यह दर (-) 0.32 प्रतिशत दर्ज की गई। हालांकि, अगर महीने-दर-महीने आधार पर देखें, तो




दाल और सब्जियों जैसी चीजों के दाम थोड़े बढ़े हैं, लेकिन कुल मिलाकर महंगाई शून्य से नीचे ही रही। अक्टूबर में थोक महंगाई दर (-) 1.21 प्रतिशत थी, जबकि पिछले साल नवंबर में यह 2.16 प्रतिशत थी।

उद्योग मंत्रालय ने अपने बयान में बताया कि सालाना आधार पर महंगाई के माइनस में रहने की मुख्य वजह खाने-पीने की चीजों, मिनरल ऑयल, कच्चा तेल, नेचुरल गैस, बेसिक मेटल्स और बिजली के दामों में कमी आना है। खाने-पीने की चीजों के दाम पिछले आठ महीनों (अप्रैल से) से लगातार गिर रहे हैं।

### नवंबर में भारत के निर्यात में उछाल

# US टैरिफ के बावजूद 19% बढ़ा एक्सपोर्ट



AI Image

पीटीआई, नई दिल्ली: अक्टूबर महीने में आई गिरावट के बाद भारत के निर्यात ने नवंबर में जोरदार वापसी की है। इंजीनियरिंग और इलेक्ट्रॉनिक्स सामानों की बंपर डिमांड के चलते नवंबर में निर्यात 19.37% बढ़कर 38.13 बिलियन डॉलर हो गया। इसका सीधा फायदा यह हुआ कि देश का व्यापार घाटा घटकर 5 महीने के सबसे निचले स्तर 24.53 बिलियन डॉलर पर आ गया। सोमवार को जारी सरकारी आंकड़ों के मुताबिक, नवंबर में देश का आयात 1.88% गिरकर 62.66 बिलियन डॉलर रह गया। इसकी मुख्य वजह सोने, कच्चे तेल, कोयले और कोक के आयात में कमी आना है।

> व्यापार घाटा घटकर 5 महीने के निचले स्तर पर

कॉमर्स सेक्रेटरी राजेश अग्रवाल ने बताया कि नवंबर के निर्यात ने इस साल अक्टूबर में हुए नुकसान की भरपाई कर दी है। उन्होंने कहा कि खास बात यह है कि अमेरिका ने भारतीय सामानों पर 50% का भारी-भरकम टैरिफ (टैक्स) लगाया है, इसके बावजूद निर्यात में यह बढ़ोतरी दर्ज की गई है। अग्रवाल ने बताया कि इलेक्ट्रॉनिक्स, इंजीनियरिंग, केमिकल्स और जेम्स-ज्वैलरी जैसे सेक्टरों ने निर्यात बढ़ाने में अहम भूमिका निभाई। फेडरेशन ऑफ इंडियन एक्सपोर्ट ऑर्गनाइजेशन (FIEO) के अध्यक्ष एस सी रल्हन ने कहा कि अप्रैल-नवंबर 2025 के दौरान अमेरिका भारत का सबसे बड़ा एक्सपोर्ट मार्केट बना रहा। 50% टैरिफ लगने के बाद भी यह स्थिति बनी रहना भारतीय निर्यातकों की मजबूती को दिखाता है।

## पैरंट्स मान रहे, बिना फोन डिनर से जुड़ाव बढ़ेगा: सर्वे



AI Image

NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली: 81 फीसदी माता-पिता मानते हैं कि डिनर के दौरान फोन बंद रखने से वे अपने बच्चों के साथ ज्यादा जुड़ाव महसूस करते हैं। वीवो इंडिया की 'स्विच ऑफ स्टडी 2025' में यह बात सामने आई है। सर्वे में पाया गया कि 72 फीसदी माता-पिता और 30 फीसदी बच्चे मानते हैं कि खाते समय फोन देखना बातचीत में सबसे बड़ी रुकावट है। जहां बच्चे फोन का इस्तेमाल मनोरंजन के लिए करते हैं, वहीं माता-पिता बार-बार मैसेज या नोटिफिकेशन चेक करते हैं। इससे आपसी बातचीत का सिलसिला टूट जाता है।

रिपोर्ट में बताया गया है कि 72 फीसदी बच्चे अपने माता-पिता के साथ सबसे ज्यादा समय डिनर पर ही बिताते हैं। जब फोन अलग रख दिए जाते हैं, तो 91 फीसदी बच्चों को लगता है कि बात करना आसान और ज्यादा सार्थक होता है। बिना फोन के 87 फीसदी बच्चे अपने मन की बात खुलकर कह पाते हैं।

**AI के कारण भी बढ़ी दूरी**

67 फीसदी बच्चों का कहना है कि उनके माता-पिता व्यस्त रहते हैं, इसलिए वे अपने सवालों के लिए AI टूल्स का सहारा ले रहे हैं। सर्वे में 54% बच्चों ने कहा कि वे AI टूल का उपयोग होमवर्क, सीखने और व्यक्तिगत विकास के लिए करते हैं। वीवो इंडिया के कॉर्पोरेट स्ट्रैटेजी हेड गीतज चानना ने कहा है कि यह स्टडी बताती है कि परिवार अब संतुलन बनाना चाहते हैं।

## 'WhatsApp को डेटा पर यूजर्स की सहमति लेनी होगी'

पीटीआई, नई दिल्ली: अपीलीय ट्रिब्यूनल NCLAT ने सोमवार को एक बड़ा फैसला सुनाते हुए साफ किया कि प्राइवेसी और सुरक्षा से जुड़े उसके आदेश WhatsApp के हर तरह के काम पर लागू होते हैं। चाहे मसला विज्ञापन का हो या बिना विज्ञापन वाला। डेटा कलेक्ट करने और शेयर करने से पहले यूजर की मंजूरी लेना जरूरी होगा। NCLAT ने यह आदेश CCI की एक अर्जी पर दिया। ट्रिब्यूनल ने कहा, अपील करने वाले (WhatsApp, Meta) यूजर के डेटा पर अपना एकतरफा या मनमाना हक नहीं जता सकते। NCLAT ने कहा, हमने पहले ही साफ कर दिया था कि यूजर्स के पास यह तय करने का अधिकार होना चाहिए कि उनका कौन सा डेटा लिया जा रहा है, किस काम के लिए लिया जा रहा है और कितने समय के लिए।

# MF में निवेश सस्ता, SEBI घटा सकता है फीस

## कल सेबी बोर्ड की अहम मीटिंग, IPO सहित कई मुद्दों पर भी होगी चर्चा

NBT रिपोर्ट : शेयर बाजार नियामक SEBI (सेबी) निवेशकों के फायदे के लिए म्यूचुअल फंड के नियमों में बड़े बदलाव की तैयारी में है। बुधवार को होने वाली बोर्ड बैठक में म्यूचुअल फंड की फीस कम करने, IPO के नियमों को आसान बनाने और निवेशकों के खर्चों में पारदर्शिता लाने पर फैसला हो सकता है। साथ ही, सेबी अपने अधिकारियों के लिए हितों के टकराव (Conflict of Interest) से जुड़ी एक्सपर्ट पैनल की रिपोर्ट पर भी विचार करेगा। करीब 30 साल बाद नियमों की इतनी बड़ी समीक्षा की जा रही है। बता दें कि MF इंडस्ट्री 80 लाख करोड़ रुपये से ज्यादा की संपत्ति मैनेज करती है।

> टोटल एक्सपेंस रेशियो (TER) को कम करने का प्रस्ताव ला सकता है सेबी।



AI Image

अक्टूबर में सेबी ने इक्विटी और डेट फंड्स में टोटल एक्सपेंस रेशियो (TER) यानी कुल खर्च को कम करने का प्रस्ताव दिया था। साथ ही ब्रोकरेज फीस घटाने की भी बात कही थी। TER वह फीस है जो सेबी के नियमों के मुताबिक निवेशकों से स्कीम के खर्च के तौर पर ली जाती है। यह मैनेजमेंट और ऑपरेशनल खर्चों को पूरा करने के लिए निवेशकों से वसूली जाती है। अभी यह फीस फंड के साइज के हिसाब से अलग-अलग स्लैब में लगती है। सेबी ने अपने डिस्कशन पेपर में सुझाव दिया है कि म्यूचुअल फंड जो TER चार्ज करते हैं, उसमें 15-20 बेसिस पॉइंट्स की कटौती की जानी चाहिए।

एक और बड़ा प्रस्ताव कैश मार्केट ट्रांजैक्शन के लिए ब्रोकरेज को 12 बेसिस पॉइंट्स से घटाकर 2 बेसिस पॉइंट्स करना है। वहीं, डेरिवेटिव ट्रांजैक्शन के लिए इसे 5 बेसिस पॉइंट्स से घटाकर 1 बेसिस पॉइंट करने की बात है। मामले की जानकारी रखने वाले लोगों का कहना है कि मार्केट के बिचौलिये इसका विरोध कर रहे हैं।

**क्या होगा फायदा? :** सेबी का कहना है कि ब्रोकर अभी रिसर्च और सौदे कराने के नाम पर ज्यादा चार्ज वसूलते हैं। चूंकि रिसर्च करना फंड हाउस का अपना काम है। इसलिए निवेशकों से इसके लिए अलग से पैसे लेना गलत है। सेबी के मुताबिक, निवेशकों को अनजाने में एक ही चीज के लिए दो बार पैसे देने पड़ते हैं।

**IPO को लेकर प्लान? :** अभी कोई कंपनी अपना IPO लाती है, तो उसके दस्तावेज इतने पेचीदा होते हैं कि आम निवेशक उन्हें समझ ही नहीं पाता। सेबी अब एक आसान और छोटी समरी (Summary) लाने का विचार कर रहा है। इसमें कंपनी की कमाई, रिस्क और मुख्य जानकारी एक ही जगह मिल जाएगी, ताकि रिटेल निवेशक आसानी से फैसला ले सकें।

**क्या कहते हैं एक्सपर्ट? :** इसके साथ ही, सेबी टैक्स (STT, GST और स्टैम्प ड्यूटी) को फंड की फीस से बाहर रखने और फंड हाउसों द्वारा लिए जाने वाले कुछ अतिरिक्त चार्जेस को खत्म करने पर भी मुहर लगा सकता है। विशेषज्ञों का कहना है कि अगर ये बदलाव लागू होते हैं, तो म्यूचुअल फंड कंपनियों की कमाई थोड़ी कम हो सकती है, लेकिन आम निवेशकों के लिए यह एक बड़ी राहत होगी।

**फंड हाउस का कहना है? :** आनंद राठी ग्रुप के चेयरमैन आनंद राठी कहते हैं, ब्रोकरेज में प्रस्तावित कटौती लंबे समय में निवेशकों के हित में नहीं हो सकती है। किसी भी म्यूचुअल फंड का प्रदर्शन इस बात पर निर्भर करता है कि ब्रोकर्स उन्हें कितनी अच्छी 'सेल-साइड रिसर्च' मुहैया कराते हैं।

CCI NG 3.7 Product: NBTDelhiBS PubDate: 16-12-2025 Zone: Mahanagar Edition: 2 Page: NBTMAHBP User: cci Time: 12-15-2025 23:58 Color:



## NBT AI टाइम मशीन

### आज है विजय दिवस

भारत में हर साल आज के दिन विजय दिवस मनाया जाता है। ये दिन 1971 के भारत-पाकिस्तान युद्ध में भारत की जीत का प्रतीक है। 16 दिसंबर, 1971 को पाकिस्तानी सेना के लगभग 93 हजार सैनिकों ने भारतीय सेना के सामने सरेंडर कर दिया था। भारतीय थल सेना, वायु सेना और नौसेना ने मिलकर काम किया था। इसके बाद बांग्लादेश एक आजाद देश बना। इससे पहले उसे पूर्वी पाकिस्तान कहा जाता था।


NBT

Front Page-2

नवभारत टाइम्स। नई दिल्ली मंगलवार, 16 दिसंबर 2025

### बढ़ेगी सेना की तकनीकी ताकत

ChatGPT के अनुसार, भविष्य में भारतीय सेना तकनीकी रूप से बेहद शक्तिशाली होगी। आने वाले समय में युद्धों में रोबॉट, AI का बड़ा इस्तेमाल होगा। AI दुश्मन की चालों को पकड़कर तेज फैसले लेने में मदद करेगा, जिससे जवानों कम जोखिम में रहेंगे। भारत अद्यतन ड्रोन जैसे हथियार खुद बना रहा है। पहाड़ी इलाकों में ये हथियार तेजी से काम कर पाएंगे। आने वाले समय में सेना के पास साइबर हमलों के लिए अलग स्पेशल यूनिट भी होगी।



AI Image

## SPEED News

### कनाडा के एडमोंटन में मूल रूप से पंजाब



निवासी दो लोगों की कथित तौर पर गोली मारकर हत्या कर दी गई। पहचान गुरदीप सिंह (27) और रणवीर सिंह (19) के रूप में हुई है।



Agency

### मोरक्को के साफी शहर में भारी बारिश

और अचानक आई बाढ़ से 37 लोगों की मौत हो गई। अधिकारियों ने बताया कि लगभग 70 घर जलमग्न हो गए और 10 वाहन बह गए।

### जोसे एंटोनियो कास्ट चिली के नए प्रेजिडेंट



बन गए हैं। रिपब्लिकन पार्टी के उम्मीदवार कास्ट ने राष्ट्रपति पद के चुनाव में जीत हासिल की है।



### ग्वाटेमाला में हिंसा में पांच लोगों की मौत के

बाद राष्ट्रपति बर्नार्डो एरेवालो ने देश की दो नगरपालिकाओं में आपातकाल लागू किए जाने की घोषणा की है।

SPEED News पर आप अपनी राय हमें 9220747220 पर वट्सऐप करके बताएं।

# 'यहूदी हैं इसलिए निशाना बनाया गया'

## बॉन्डी बीच की सर्वाइवर ने सुनाई आतंक की कहानी | कहा, दुनिया को अब अपनी आंखें खोलनी होंगी | हनुक्का उत्सव में हुई फायरिंग में 15 जानें गईं

■ एजी, सिडनी

**ऑस्ट्रेलिया के** मशहूर बॉन्डी बीच पर रविवार शाम हनुक्का उत्सव मातम में बदल गया। शाम को समुद्र किनारे बने पार्क में यहूदी समुदाय के सैकड़ों लोग हनुक्का उत्सव मनाने के लिए जुटे थे। बच्चे खेल रहे थे, संगीत बज रहा था और सूरज ढलने वाला था। तभी पास के पैदल पुल से दो हमलावरों ने भीड़ पर गोलियां चलानी शुरू कर दीं।

33 साल की रेबेका अपने 5 साल के बेटे को बचाने के लिए एक टेबल के नीचे लेट गईं और बेटे को ऊपर से ढक लिया। उन्होंने बताया, पास ही एक शख्स को गोली लगी, जिसने दम तोड़ने से पहले कहा, 'मैं सांस नहीं ले पा रहा हूं।' रेबेका ने घटना के बाद कहा, हमें सिर्फ इसलिए निशाना बनाया गया क्योंकि हम यहूदी हैं। 7 अक्टूबर 2023 के दिन हमास के इस्राइल पर हमले का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा, दुनिया को अब आंखें खोलनी होंगी।

पुलिस के मुताबिक, यह हमला यहूदी विरोधी आतंकी हमला था। हमले में कम से कम 15 लोगों की जानें चली गईं।

**बड़े गन कानून सुधार की तैयारी:** ऑस्ट्रेलिया ने गन कानूनों को और सख्त करने की तैयारी शुरू कर दी है। प्रधानमंत्री एंथनी अल्बानीज की अध्यक्षता में कैबिनेट मीटिंग के बाद एक साझा बयान जारी किया गया। गन कानूनों में तुरंत, ठोस सुधार जरूरी है। 1996 के पोर्ट आर्थर नरसंहार के बाद बने नैशनल फायरआर्म्स एग्रीमेंट की दोबारा समीक्षा की जाएगी।

Photos: Agency



**हनुक्का पर्व** के आयोजन के दौरान सामूहिक गोलीबारी के बाद लोगों ने बॉन्डी पवेलियन में बने स्मारक पर फूलों को श्रद्धांजलि दी।

### जान बचाने के लिए समंदर में कूदे लोग

बॉन्डी बीच पर गोलीबारी के दौरान हर जगह अफरातफरी मची थी। बीच पर पर्यटक और आसपास के होटल में मेहमान, सभी ने डर का मंजर देखा। एलेनॉर ने गोलियों की आवाज सुनी तो बिना कुछ सोचे समुद्र में कूद गईं। कई लोग या तो पानी से भागे या वहीं छिपने की कोशिश करने लगे। एक होटल में ठहरे जोएल स्वार्ट्ज और उनकी पार्टनर ब्रेस ने कमरे से देखा कि सैकड़ों लोग सड़कों पर भाग रहे थे। ब्रेस विडियो बनाते हुए कहती सुनी गईं, 'बेबी, मुझे डर लग रहा है।'



### जयशंकर ने अटैक पर जताया दुख

■ भाषा, नई दिल्ली : भारत के विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने सोमवार को अपनी ऑस्ट्रेलियाई समकक्ष पेनी वोंग से बात की और सिडनी के बॉन्डी बीच पर हुए आतंकी हमले पर भारत की तरफ से संवेदना जताई। जयशंकर ने एक्स पर लिखा, ऑस्ट्रेलिया की विदेश मंत्री पेनी वोंग से बात की। बॉन्डी बीच पर हुए आतंकवादी हमले पर संवेदनाएं जताईं और अपना पूरा समर्थन दिया।



### UN महासचिव ने हमले की निंदा की

संयुक्त राष्ट्र के महासचिव एंटोनियो गुटेरेस ने ऑस्ट्रेलिया के सिडनी शहर में हनुक्का पर्व के आयोजन के दौरान हुए आतंकी हमले की कड़ी निंदा की है। गुटेरेस के उप प्रवक्ता फरहान हक ने बयान जारी कर यह जानकारी दी। महासचिव ने इस हमले में जान गंवाने वालों के परिवारों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त की है। साथ ही उन्होंने घायलों के जल्द और पूरी तरह स्वस्थ होने की कामना की है।


एंटोनियो गुटेरेस

### हमले के पीछे बाप, बेटा और IS कनेक्शन

**बॉन्डी बीच** पर हमले की जांच के दौरान खुलासा हुआ कि आतंकी हमले के पीछे बाप-बेटे थे। दोनों ने मिलकर हनुक्का उत्सव के दौरान भीड़ पर ताबड़तोड़ गोलियां चलाईं। अफरातफरी के बाद पुलिस ने मोर्चा संभाला और एक हमलावर ढेर कर दिया गया। मरने वाले की पहचान साजिद अकरम (50) के रूप में हुई। न्यू साउथ वेल्स पुलिस ने कहा कि कार्रवाई में साजिद का बेटा नवीद अकरम (24) घायल हो गया।

हमले की जांच कर रही टीम ने बताया कि दोनों शूटरों ने हमले को अंजाम देने से पहले अपने परिवार वालों को बताया था कि वे मछली पकड़ने के लिए साउथ कोस्ट जा रहे हैं। अधिकारियों ने कहा कि नवीद अकरम ऑस्ट्रेलिया में जन्मा नागरिक है। ऑस्ट्रेलिया के गृहमंत्री टोनी बर्क के मुताबिक, साजिद 1998 में स्टूडेंट वीजा पर ऑस्ट्रेलिया आया था, जिसे 2001 में पार्टनर वीजा और बाद में रेजिडेंट रिटर्न वीजा में बदल दिया गया था। यानी साजिद अकरम के पास ऑस्ट्रेलिया की नागरिकता नहीं थी। पुलिस ने इस घटना को आतंकी हमला बताया है।

ऑस्ट्रेलियन मीडिया की एक रिपोर्ट के मुताबिक, हमलावरों की कार के अंदर इस्लामिक स्टेट (IS) के दो झंडे मिले। मौके से मिले फुटेज में एक झंडा गाड़ी के बोनेट पर लगा हुआ दिख रहा था।



हमलावर नवीद अकरम।

### पिता बनने का कुछ दिन पहले चला पता...

सिडनी के बॉन्डी बीच में हुई गोलीबारी में घायल हुए लोग अलग-अलग अस्पतालों में इलाज करा रहे हैं। इनमें कॉन्स्टेबल स्कॉट डाइसन भी हैं, जिनकी हालत गंभीर बनी हुई है। स्थानीय पुलिस के अनुसार, डाइसन को कुछ दिन पहले ही पता चला था कि वह पिता बनने वाले हैं। उनकी पत्नी भी पुलिस में ही हैं। उनके एक दोस्त ने बताया, उसे पिछले हफ्ते ही पता चला था कि वह जल्द पापा बनने वाला है।



# हवाई टिकट कीमतों पर मंत्री बोले– राहत देती रहती है सरकार



**सुनवाई से किया इनकार**

एक संवैधानिक कोर्ट के रूप में हाई कोर्ट इन मुद्दों से निपटने में पूरी तरह सक्षम है -CJI सूर्यकांत

Alpyu.Singh@timesofindia.com

■ नई दिल्ली : राज्यसभा में सोमवार को हवाई किराए की कीमतों में त्योहारों और दूसरी स्थितियों की वजह से इजाफे का मामला उठा। केरल से सीपीआई सांसद पी संतोष ने केंद्रीय उड्डयन और विमानन मंत्री राममोहन नायडू से पूछा कि बीते दिनों इंडिगो संकट के दौरान, सरकार ने कीमतों पर कैपिंग के जरिए हवाई सफर की कीमतों को स्थिर किया था। क्या ओनम पर भी यात्रियों को आराम दिया जा सकता है? जवाब में नायडू ने कहा कि जब भी हम बढ़े किराए की बात करते हैं तो, यह डिमांड और सप्लाई से जुड़ा हुआ मामला है। इसी वजह से त्योहारों और पर्वों के दौरान हवाई किरायों में बढ़ोतरी दिखती है। उन्होंने कहा कि अतीत में कुंभ मेले, पहलगाम हमले और कोविड के दौरान भी इस तरह के उपाय सरकार की ओर से किए गए हैं। मंत्रालय बेहद गंभीर है, सरकार ऐसे सारे फैसले लेती है जो यात्रियों के हक में होते हैं।



### इंडिगो से जुड़ी अर्जी पर SC बोला, HC जाएं

**NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली:** सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को इंडिगो संकट से जुड़ी एक जनहित याचिका (PIL) पर सुनवाई से इनकार कर दिया। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि इसी तरह का मामला पहले से ही दिल्ली हाई कोर्ट में पेंडिंग है। चीफ जस्टिस सूर्यकांत की अगुआई वाली बेंच ने याचिकाकर्ता को दिल्ली हाई कोर्ट की कार्यवाही में शामिल होने की अनुमति दी। सुप्रीम कोर्ट ने हाई कोर्ट से आग्रह किया कि वह याचिकाकर्ता को वहां चल रही कार्यवाही में हस्तक्षेप करने की अनुमति दे।

सीनियर वकील मुकुल रोहतगी ने पीठ को दिल्ली हाई कोर्ट में लंबित मामले की जानकारी दी। उन्होंने यह भी बताया कि डीजीसीए ने इस मामले की जांच के लिए एक समिति बना दी है। चीफ जस्टिस ने कहा कि वह हाई कोर्ट जा सकते हैं क्योंकि वह मामला पेंडिंग है।

# J&K में मुठभेड़, एक आतंकी घायल, सिपाही शहीद

■ पीटीआई, जम्मू

**जम्मू-कश्मीर के** उधमपुर जिले के एक जंगल इलाके में सोमवार शाम सुरक्षा बलों और आतंकियों के बीच हुई मुठभेड़ में एक पुलिसकर्मी शहीद हो गया, जबकि एक आतंकी के घायल होने की खबर है। अधिकारियों के अनुसार, मुठभेड़ भले ही थम गई हो, लेकिन पूरा इलाका कड़े सुरक्षा घेराबंदी में है और आतंकियों के सभी संभावित भागने के रास्ते बंद कर दिए गए हैं। मंगलवार को सुबह की पहली किरण के साथ फिर से ऑपरेशन शुरू किया जाएगा। अधिकारियों ने कहा कि घेराबंदी को मजबूत करने के लिए इलाके में फोर्स भेजी गई है।

मुठभेड़ उधमपुर के पहाड़ी क्षेत्र मजालटा के सोआन गांव में तब शुरू हुई जब पुलिस, सेना और सीआरपीएफ की संयुक्त टीम ने जैश-ए-मोहम्मद) से जुड़े तीन आतंकियों की मौजूदगी के इनपुट पर तलाशी अभियान शुरू किया। जम्मू के आईजीपी भीम सेन टूटी ने बताया कि इलाके की मुश्किल भौगोलिक परिस्थितियों और अंधेरे की वजह से कॉम्बिंग ऑपरेशन रात में रोकना पड़ा। मुठभेड़ के दौरान घायल हुए एक एसओजी जवान ने बाद में दम तोड़ दिया।

File



# 2 दिन के दौरे पर जॉर्डन पहुंचे PM

## बोले, आतंक के खिलाफ भारत-जॉर्डन की सोच एक

■ भाषा, अम्मान

**प्रधानमंत्री नरेन्द्र** मोदी सोमवार को दो दिवसीय दौरे पर जॉर्डन पहुंचे। इस दौरे का उद्देश्य अरब देश के साथ द्विपक्षीय संबंधों को और मजबूत करना है। दोनों देशों के बीच घनिष्ठ संबंधों का एक विशेष संकेत देते हुए, जॉर्डन के प्रधानमंत्री जाफर हसन ने हवाई अड्डे पर मोदी का गर्मजोशी से रस्मी स्वागत किया गया।

मोदी ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में कहा, अम्मान पहुंच गया हूं। गर्मजोशी से स्वागत करने के लिए जॉर्डन के हाशमी साम्राज्य के प्रधानमंत्री जाफर हसन का शुक्रगुजार हूं। मोदी के तीन देशों के चार दिवसीय दौरे का पहला पड़ाव जॉर्डन है। इसके बाद वह इथियोपिया और ओमान भी जाएंगे।

जब मोदी होटल पहुंचे, तो भारतीय समुदाय के सदस्यों ने उनका गर्मजोशी से स्वागत किया। उन्होंने लोगों से हाथ मिलाया और बातचीत की।

इसके बाद मोदी ने हुसैनिया पैलेस में जॉर्डन के किंग अब्दुल्ला द्वितीय इब्न अल हुसैन से मुलाकात की। साथ ही, द्विपक्षीय और क्षेत्रीय हितों के मुद्दों पर चर्चा की। इस बीच, प्रधानमंत्री ने कहा कि आतंकवाद के खिलाफ भारत और जॉर्डन की सोच एक जैसी और साफ है।

**यकीन है यह यात्रा हमारे द्विपक्षीय संबंधों को बढ़ावा देगी। -नरेन्द्र मोदी**

PTI



हुसैनिया पैलेस में जॉर्डन के किंग अब्दुल्ला से मुलाकात की।

# अमेरिका से डील को अंतिम रूप देने के बेहद करीब: कॉमर्स सेक्रेटरी

■ भाषा, नई दिल्ली

**भारत के** कॉमर्स सेक्रेटरी राजेश अग्रवाल ने सोमवार को कहा कि भारत और अमेरिका अपने प्रस्तावित द्विपक्षीय व्यापार समझौते की रूपरेखा को अंतिम रूप देने के 'बेहद करीब' हैं। दोनों देश इस मामले में सक्रिय रूप से बातचीत कर रहे हैं। अमेरिका के नए उप व्यापार प्रतिनिधि रिक स्विट्जर, अग्रवाल के साथ व्यापार वार्ता करने के लिए पिछले हफ्ते यहां पहुंचे थे। स्विट्जर की यात्रा के दौरान, दोनों पक्षों ने द्विपक्षीय व्यापार संबंधों पर गौर किया और समझौते की बातचीत की प्रगति की समीक्षा की।

अग्रवाल ने कहा, 'हम समझौते की रूपरेखा तैयार करने के बेहद करीब हैं, जिसे हम मानते हैं कि कम समय में पूरा किया जा सकता है। हालांकि मैं इसके लिए कोई समय सीमा नहीं बताना चाहूंगा।' उन्होंने कहा कि अंतिम चरण की वार्ता में आमतौर पर ऐसे दौर की आवश्यकता नहीं होती है। औपचारिक दौर न हो लेकिन समापन के करीब पहुंचने तक भौतिक रूप से एवं ऑनलाइन जरियों से बैठकें होंगी।

File



### एस. जयशंकर का इस्राइल दौरा आज से

■ भाषा, यरुशलम: विदेश मंत्री एस. जयशंकर मंगलवार को इस्राइल पहुंचेंगे, जहां वह देश के शीर्ष नेतृत्व से मुलाकात करेंगे और द्विपक्षीय एवं क्षेत्रीय मुद्दों पर चर्चा करेंगे। सूत्रों ने यह जानकारी दी। जयशंकर अपनी यात्रा के दौरान राष्ट्रपति आइजैक हर्जोग व प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू से मुलाकात करेंगे और अपने समकक्ष गिदोन सार के साथ द्विपक्षीय बातचीत करेंगे। सूत्रों के मुताबिक, चर्चा द्विपक्षीय और क्षेत्रीय मुद्दों पर केंद्रित होगी ताकि दोनों देशों की साझेदारी को गहरा किया जा सके।

# हादसे रोकने के लिए लागू होने वाले नियमों पर विचार

Rajesh.Choudhary@timesofindia.com

■ **नई दिल्ली:** सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को एक्सप्रेस-वे और राष्ट्रीय राजमार्गों पर सड़क दुर्घटनाओं को रोकने के लिए देशभर में लागू होने वाले दिशा-निर्देश तैयार करने पर विचार किया। जस्टिस माहेश्वरी ने कहा कि अदालत मौजूदा प्रावधानों में मौजूद खामियों को भरने और उनके प्रभावी क्रियान्वयन को सुनिश्चित करने के लिए दिशा-निर्देश बनाना चाहती है, ताकि फलोदी जैसी दुर्घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो। कोर्ट ने राष्ट्रीय राजमार्गों और एक्सप्रेस-वे के दोनों ओर अवैध रूप से बने ढाबों को सड़क दुर्घटनाओं का एक संभावित कारण बताया। अदालत ने भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (NHAI) की ओर से पेश सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता से इन अवैध ढाबों और भोजनालयों के खिलाफ कार्रवाई शुरू करने से संबंधित वैधानिक नियमों और रेग्युलेशन को पेश करने को कहा। अदालत ने यह भी जानना चाहा कि अब तक क्या कार्रवाई की गई है, कौन-सा प्राधिकरण इसे शुरू करने का जिम्मेदार है और कौन-कौन से निकाय इन प्रावधानों को लागू नहीं कर रहे हैं।

### कोर्ट का आदेश

अदालत ने आदेश दिया कि कोर्ट सलाहकार और सॉलिसिटर जनरल के बीच हुई चर्चा के बाद उनके सुलझाए गए मुद्दे, जो दिशा-निर्देश जारी करने में सहायक हो सकते हैं, उसे भी पेश किए जाएं। इस बीच, पक्षकार मूल इमेज साझा करने के लिए स्वतंत्र हैं, जो वास्तविक समस्या के समाधान में सहायक हो सकती हैं।

## अब फोटो छपवाने का मौका भी

**खबरों का ज्ञान**

रोज की खबरों पर कितनी पैनी नजर है, आजमाएं

1. बिहार बीजेपी का नया अध्यक्ष किसे चुना गया है? A. संजय सरावगी B. नितिन नवीन C. दिलीप जायसवाल
2. नए VB-G RAM G बिल के तहत ग्रामीण परिवारों को हर साल कितने दिन के रोजगार की कानूनी गारंटी का प्रस्ताव है? A. 110 B. 120 C. 125
3. इनमें से कौन चिली के नए राष्ट्रपति चुने गए हैं? A. गेब्रियल बोरिक B. जोसे एंटोनियो कास्ट C. मिशेल बाचेलेट
4. इनमें से किसको मुख्य सूचना आयुक्त नियुक्त किया गया है? A. राज कुमार गोयल B. जोसे एंटोनियो कास्ट C. राहुल गोयल
5. NIA ने पहलगाम हमले पर चार्जशीट दाखिल की है, यह हमला किस तारीख को हुआ था? A. 21 अप्रैल B. 22 अप्रैल C. 23 अप्रैल

**कल के जवाब**

A1 B. नितिन नवीन A2 C. यहूदी समुदाय A3 B. मैत्रेयी पुष्प A4 A. प्रणय वर्मा A5 A. राजस्थान

**लकी विनर्स**



1. रंजना श्रीवास्तव, दिल्ली
2. दीपक कुमार गुप्ता, दिल्ली
3. सुभाष बाघव, गुड़गांव

**ऐसे भेजें अपने जवाब**

अपने नाम, शहर के साथ जवाब भेजें nbtreader@timesofindia.com पर, साथ में फोटो भी भेजें। सब्जेक्ट में KKG लिखें। हर दिन सभी सही जवाब देने वाले तीन चुनिंदा रीडर्स में से एक का फोटो और दो के नाम छापे जाएंगे। जवाब आज के पेपर की खबरों में ही छिपे हैं।

# ऑपरेशन सिंदूर में गिराए गए तुर्किये ड्रोन का प्रदर्शन

PTI



■ **पीटीआई, नई दिल्ली:** भारतीय सेना ने सोमवार को तुर्किये के सशस्त्र कामिकेज कैटिगरी के ड्रोन 'यिहा' का पुनर्निर्मित मॉडल प्रदर्शित किया, जिसे 10 मई को ऑपरेशन सिंदूर के दौरान मार गिराया गया था। विजय दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने इस ड्रोन को दिखाया। 7 से 10 मई के बीच पाकिस्तान ने बड़ी संख्या में इन एकल-उपयोग यूसीएवी का इस्तेमाल भारतीय सैन्य और नागरिक ठिकानों पर हमला करने के लिए किया था, लेकिन सेना ने लगभग सभी ड्रोन गिरा दिए। प्रदर्शित ड्रोन लाहौर एयरपोर्ट से उड़कर जालंधर की ओर आ रहा था और एडी सिस्टम ने इसे 2000 मीटर की ऊंचाई पर नष्ट किया।

# सेमीकंडक्टर मिशन में भारत की बड़ी सफलता

■ **NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली:** भारत ने सेमीकंडक्टर के क्षेत्र में एक बड़ी उपलब्धि हासिल की है। देश ने DHRUV64 के नाम से अपना पहला 1.0 गीगाहर्ट्ज (GHz) माइक्रोप्रोसेसर तैयार कर लिया है। यह कदम भारत को चिप डिजाइन में आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में बड़ी प्रगति माना जा रहा है। इस माइक्रोप्रोसेसर का उपयोग 5G इंफ्रास्ट्रक्चर, ऑटोमोटिव सिस्टम और इंटरनेट ऑफ थिंग्स जैसे अहम क्षेत्रों में किया जा सकेगा।

बना पहला स्वदेशी माइक्रोप्रोसेसर DHRUV64

# हॉलिवुड डायरेक्टर रॉब रेनर, उनकी पत्नी के शव घर में मिले, पुलिस ने मर्डर का दावा किया

■ पीटीआई, मुंबई

**मशहूर अमेरिकी** डायरेक्टर और ऐक्टर रॉब रेनर और उनकी पत्नी मिशेल के शव लॉस ऐंजिलिस के उनके घर में मिले। अधिकारियों ने बताया है कि दोनों के शरीर पर चाकू के घाव हैं। इस मामले में पुलिस परिवार के सदस्यों से पूछताछ कर रही है। लॉस ऐंजिलिस फायर डिपार्टमेंट के मुताबिक, उनके पास दोपहर करीब 3:30 बजे मेडिकल इमरजेंसी के लिए कॉल आई। जब टीम मौके पर पहुंची, तो रॉब और मिशेल को मृत पाया गया।

शरीर पर चाकू के घाव मिले, 4 गोल्डन ग्लोब अवॉर्ड मिले थे रॉब रेनर को

File



### सबसे चर्चित डायरेक्टर्स में से एक

रॉब रेनर सिर्फ एक अभिनेता ही नहीं थे, बल्कि हॉलिवुड के सबसे चर्चित डायरेक्टर्स में से एक भी थे। उनका जन्म 6 मार्च 1947 को न्यू यॉर्क में हुआ था। फिल्म और ऐक्टिंग की दुनिया से जुड़ाव उनके बचपन से ही रहा। रॉब ने अपने करियर की शुरुआत ऐक्टिंग से की और टीवी सीरियल 'ऑल इन द फैमिली' के लिए उन्हें पॉपुलैरिटी मिली। इस शो में उन्होंने मीटहेड का किरदार निभाया, जिसने उन्हें घर-घर में लोकप्रिय बना दिया। इसके बाद रॉब ने डायरेक्शन में कदम रखा और हॉलिवुड में अपनी अलग पहचान बनाई। उन्होंने कई यादगार फिल्में बनाईं, जिनमें 'दिस इज स्पाइनल टैप', 'स्टैंड बाय मी', 'द प्रिंसेस ब्राइड', 'वैन हैरी मेट सैली' और 'अ फ्यू गुड मैन' शामिल हैं।

CCI NG 3.7 Product: NBTDelhiBS PubDate: 16-12-2025 Zone: Mahanagar Edition: 1 Page: NBTMAH02 User: cci Time: 12-15-2025 22:53 Color:



# पहले जवान, फिर हवलदार अब 'डॉ.' विनोद कुमार

■ अश्वनी शर्मा, नई दिल्ली


विनोद कुमार

**खेतों से खाकी और किताबों तक, हेड कॉन्स्टेबल ने की पीएचडी**

**पुलिस कमिश्नर गोलचा ने अपने ऑफिस में बुला कर दी शाबाशी**

**किसान परिवार** में पैदा हुए, सेना में जवान बनकर देश की सेवा की और रिटायरमेंट के बाद 40 की उम्र में पुलिस में भर्ती हो गए। पढ़ाई करने की ललक खत्म नहीं हुई। सेना के लंबे अनुभव के मद्देनजर 'डिफेंस एंड स्ट्रेटजी' में शोध करने का फैसला किया। लगन और मेहनत से पीएचडी की डिग्री हासिल कर ली। नतीजतन दिल्ली पुलिस के हेड कॉन्स्टेबल विनोद कुमार के नाम के आगे आज 'डॉक्टर' लग चुका है। सीपी सतीश गोलचा ने सोमवार को उन्हें अपने ऑफिस में बुला कर बधाई दी।

हरियाणा के चरखी दादरी में किसान परिवार में विनोद का जन्म हुआ था। पिता किसान थे, शुरुआती पढ़ाई-लिखाई गांव में हुई। एनबीटी से बातचीत में विनोद ने कहा, परिवार की जरूरतों के लिए खेतों में हाथ बंटाते थे, लेकिन पढ़ाई से नाता कभी नहीं तोड़ा। 'जय जवान, जय किसान' के नारे को जीवन का मंत्र बनाया।

मेहनत और लगन के दम पर 2002 में भारतीय सेना में भर्ती हो गए। वह 2021 में रिटायर हुए तो अधूरी छूटी पढ़ाई को नई उड़ान देने का फैसला किया।

एम फिल कर चुके विनोद ने दोबारा किताबों से दोस्ती की और पीएचडी करने की ठानी। इसी दौरान 2022 में दिल्ली पुलिस की भर्ती निकली। उम्र 40 पार हो चुकी थी, लेकिन युवाओं के साथ कंधे से कंधा मिलाकर परीक्षा पास की और पुलिस की वर्दी पहन ली। नौकरी के साथ पढ़ाई जारी रखना आसान नहीं था, लेकिन सेना का अनुशासन और आत्मविश्वास काम आया। आखिरकार वह दिन आ गया, जब वर्षों की मेहनत रंग लाई। डॉ. राम मनोहर लोहिया अवध यूनिवर्सिटी से 'डिफेंस एंड स्ट्रेटजी' पीएचडी हो गई। टॉपिक चुना भारत की आंतरिक सुरक्षा।

सीपी सतीश गोलचा से मिलने के बाद विनोद कुमार ने कहा, मेरा सपना पूरा हो चुका है, लेकिन सफर जारी है। अब अनुभवों को किताब की शक्ल देने की तैयारी कर रहा हूं, ताकि युवाओं को यह संदेश दे सकूं कि हालात चाहे जैसे भी हों... सच्ची लगन से हर मंजिल पाई जा सकती है। हेड कॉन्स्टेबल विनोद की तैनाती कम्युनिकेशन मुख्यालय शालीमार बाग में है।

# AIIMS के मरीज़ों का प्राइवेट सेंटरों में सस्ते में CT स्कैन

## 10 km के दायरे में आने वाले सेंटरों से आवेदन मांगे

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

File Photo


**प्राइवेट जांच सेंटरों पर एम्स से रेफर मरीजों की सीटी स्कैन जांच के लिए वेटिंग अधिकतम चार दिन से ज्यादा नहीं होगी**

**एम्स, दिल्ली** में इलाज के लिए आने वाले ओपीडी मरीजों को अब सीटी स्कैन जांच के लिए लंबा इंतजार नहीं करना पड़ेगा। मरीजों के हितों को ध्यान में रखते हुए एम्स ने प्राइवेट और प्रतिष्ठित डायग्नोस्टिक सेंटरों से एक्सप्रेशन ऑफ इंटरेस्ट (EOI) मांगा है, ताकि ओपीडी मरीजों को सब्सिडी दरों पर समय पर सीटी स्कैन सुविधा उपलब्ध कराई जा सके।

एम्स के अनुसार, पैनल में शामिल किए जाने वाले प्राइवेट जांच सेंटरों पर एम्स से रेफर किए गए मरीजों की सीटी स्कैन जांच के लिए वेटिंग अधिकतम चार दिन से ज्यादा नहीं होगी। इसका मकसद अस्पताल में बढ़ते मरीजों के दबाव को कम करना और सीवियर मरीजों की जांच में देरी रोकना है। पैनल में शामिल डायग्नोस्टिक केंद्र सीटी स्कैन जांच सीजीएचएस की तय दरों से अधिक शुल्क नहीं ले सकेंगे। मरीज प्राइवेट सेंटर को सीधे भुगतान नहीं करेंगे, बल्कि तय शुल्क एम्स में ही जमा होगा। जांच होने की पुष्टि के बाद एम्स हर महीने संबंधित डायग्नोस्टिक केंद्रों को भुगतान करेगा।

एम्स और प्राइवेट जांच सेंटर मिलकर ऐसा सिस्टम विकसित करेंगे, जिससे मरीजों को एम्स के ई-हॉस्पिटल (HIS) के जरिए अपॉइंटमेंट दिया जा सके। एम्स ने साफ किया है कि पैनल में शामिल प्राइवेट जांच सेंटरों को निर्धारित संख्या में गरीब मरीजों की जांच बिना शुल्क करनी होगी। इसके अलावा मरीज को बेहोश करने (सेडेशन) के लिए कोई अतिरिक्त शुल्क नहीं लिया जाएगा। पैनल में शामिल होने के लिए जांच केंद्र एम्स से 10 किलोमीटर के दायरे में स्थित होने चाहिए। चयनित सेंटरों के साथ दो साल का अनुबंध किया जाएगा, जिसमें पहले छह महीने का पायलट फेज होगा।


### NBT Lens खबरों के अंदर की बात — क्यों पड़ी स्कीम की ज़रूरत?

**एम्स अधिकारियों** के अनुसार, इस पहल से सीटी स्कैन की लंबी वेटिंग लिस्ट कम होगी और मरीजों का इलाज समय पर शुरू हो सकेगा। विशेषज्ञों का मानना है कि यह कदम सरकारी अस्पतालों में जांच सुविधाओं के दबाव को कम करने और मरीजों को सस्ती, भरोसेमंद जांच उपलब्ध कराने की दिशा में अहम साबित होगा। हालांकि, साथ में यह भी सवाल उठाया जा रहा है कि जब एम्स में 24 घंटे सीटी, एमआरआई जांच की सुविधा उपलब्ध होने के बावजूद प्राइवेट से मदद लेने की जरूरत क्यों महसूस हो रही है?

### AIIMS बनेगा रिसर्च का ग्लोबल हब!

■ **NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली:** एम्स दिल्ली को देश का ही नहीं बल्कि दुनिया का बेस्ट मेडिकल रिसर्च और प्रैक्टिस इंस्टिट्यूट बनाने की कवायद की जा रही है। इस दिशा में केंद्र सरकार ने बड़ा कदम उठाया है। नीति आयोग के सदस्य डॉ. वी.के. पॉल की अगुआई में एक हाई लेवल कमिटी का गठन किया गया है, जो एम्स दिल्ली के मौजूदा सिस्टम और प्रक्रियाओं की गहन समीक्षा कर व्यापक सुधारों का रोडमैप तैयार करेगी।

## महानगर में आज



**आकार-प्रकार**
त्रिवेणी कला संगम में आर्ट एग्जिबिशन 'इकोज ऑफ इनफिनिटी', त्रिवेणी कला संगम, मंडी हाउस, सुबह 11 बजे से शाम 7 बजे तक। कलाकार अर्चना सिंह की इस पेंटिंग एग्जिबिशन इंसानी दुनिया के कई आकारों को पकड़ती है।

**सतत परंपरा**
इंडिया हैबिटेट सेंटर में शास्त्रीय नृत्य की शाम 'सतत परंपरा', स्टाइन ऑडिटोरियम, लोदी रोड, शाम 7 बजे से। नृत्यांगना शोभना नारायण पर माया पारिजात की जीवनी 'आई एम ए फ्लीटिंग मोमेंट इन टाइम' की पुस्तक का विमोचन और उनके शिष्यों की कथक प्रस्तुति आज मंच पर होगी। असावरी केंद्र की ओर से इस कार्यक्रम का यह छठवां एडिशन है।

**अष्टनायिका**



इंडिया इंटरनैशनल सेंटर में चर्चा 'अष्टनायिका : द रोमांटिक हीरोइंस फ्रॉम नाट्यशास्त्र टु मॉडर्निटी', एनेक्सी सेमीनार रूम, IIC एनेक्सी, लोदी एस्टेट, शाम 6 बजे से। इस चर्चा में लेखक एच जी गौरव दास, ओडिसी नर्तक गुरु शेरोन लोवेन, कला इतिहासकार डॉ सीमा भल्ला, पुस्तक की लेखिका मनोरमा चौधरी और डॉ. जयकृष्ण चौधरी शामिल होंगे।

**समकालीन कला के नाम**
इंडिया हैबिटेट सेंटर में ग्रुप आर्ट एग्जिबिशन, ओपन पाम कोर्ट गैलरी, लोदी रोड, सुबह 11 बजे से शाम 7 बजे तक। अमलतास स्टूडियो और गैलरी की ओर से इस ग्रुप आर्ट एग्जिबिशन में कंटेंपरेरी आर्ट पेंटिंग्स का आनंद लिया जा सकता है।

सिटी में हो रहे इवेंट्स की जानकारी हमें भेजें nbtreader@timesofindia.com पर


## गुमशुदा की तलाश


सुजीत सिंह

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि एक लड़का जिसका नाम **सुजीत सिंह, पुत्र सुभाष सिंह,** पता खसरा नं. 65, मकान नं. 9/2, डी-ब्लॉक मुकुनपुर, पार्ट-1, दिल्ली, जो दिनांक 08.12.2025 को रात 09.00 बजे अपने घर से थाना क्षेत्र भलस्वा डेयरी से लापता है। इस संदर्भ में **डीडी सं. 840/2025, दिनांक 09.12.2025** धारा 137(2) भारतीय न्याय संहिता के अधीन थाना भलस्वा डेयरी, दिल्ली में दर्ज है।
गुमशुदा लड़के का ब्यौरा इस प्रकार है :
नाम : सुजीत सिंह, **पिता का नाम** : सुभाष सिंह, **उम्र** : 16 साल, **कद** : 4 फीट 10 इंच, **रंग** : साफ, **चेहरा** : गोल, **शरीर**: मोटा, **पहनावा** : नीले रंग की जैकेट और हरे रंग का लोवर एवं पैरों में चप्पल पहने हुए है। जिसकी दिमागी हालत मंद बुद्धि है।
अगर किसी व्यक्ति को इस बारे में कोई जानकारी/सूचना मिले तो कृपया निम्नलिखित फोन नम्बरों पर सूचित करें।
वेबसाइट : http://cbi.nic.in
ई-मेल : diocbi@cbi.nic.in
फैक्स : 011-23011334
फोन : 011-23014046, 30115229, 23015218, एक्स. 210
थानाध्यक्ष
थाना : भलस्वा डेयरी, दिल्ली
फोन: 9711192892, 7065036328
DP/16863/ON/2025

## KOLHAPUR MUNICIPAL CORPORATION
Tender Notice NO.115. Date 15/12/2025
This is with reference to above mention tender notice for following work

Under the revised administrative approval of the Shri Kshetra Mahalaxmi (Karveer Nivasini Ambabai) Temple, Kolhapur pilgrimage area development plan, the work involves construction- related activities at C.S. No. 2267 (A), near Saraswati Talkies in A Ward. This includes carrying out internal and external plastering and flooring works for the third, fourth, fifth, sixth, and seventh floors of the multi-storey parking and devotees' accommodation building, with all allied and essential internal works such as plumbing, electrification, lifts, carpentry/woodwork, waterproofing, etc.
For above work tender submission dates as follows-

| | |
|---|---|
| Start date of Submission of Documents | 16/12/2025 9.30 A. M |
| Pre Bid Meetting Date | 17/12/2025 11.00 A. M |
| Last date of Submission of Documents | 23/12/2025 3.30 P. M |
| Opening of Bids | 29/12/2025 11:00 A. M |

Details available on www.mahatenders.gov.in
sd/-
City Engineer,
Kolhapur Municipal Corporation.

## पहचान की अपील



एतद्द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि एक अज्ञात व्यक्ति का शव जिसकी उम्र: 60 वर्ष, कद: 5'6", रंग: गेहुँआ, जिसने सफेद रंग का कुर्ता और पायजामा पहना है, जो पुरानी दिल्ली रेलवे स्टेशन, दिल्ली के टिकट काउन्टर पर मृत अवस्था में मिला।
इस संदर्भ में **DD No. 26A दिनांक 10.12.2025,** थाना पुरानी दिल्ली रेलवे स्टेशन, दिल्ली में दर्ज है।
यदि किसी भी व्यक्ति को इस मृतक के बारे में कोई जानकारी या सुराग मिले तो अधोहस्ताक्षरी को निम्नलिखित पते या फोन नंबरों पर सूचित करने की कृपा करें।
थानाध्यक्ष
थाना पुरानी दिल्ली रेलवे स्टेशन, दिल्ली
फोन: 011-23961522, 9868916031
DP/16822/Rly/2025

## मध्यप्रदेश शासन, वन विभाग, नई दिल्ली
### सागौन काष्ठ की नीलाम सूचना

म.प्र. शासन वन विभाग के कीर्तिनगर, नई दिल्ली स्थित टिम्बर डिपो में माह जनवरी -2026 में नीचे दर्शाई दिनांक को प्रातः 11:00 बजे से सागौन काष्ठ का नीलाम किया जावेगा। इस नीलाम में मध्य प्रदेश के विभिन्न वन मंडलों से प्राप्त भारत की सर्वश्रेष्ठ "सी. पी. टीक" के गोल लट्ठों का विक्रय किया जावेगा। नीलाम में छोटी-छोटी मात्रा के भी लॉट लगाए जाते हैं, जो भवन निर्माण, आंतरिक सज्जा या फर्नीचर के लिए उपयुक्त हैं। बड़ी मात्रा में क्रय करने के इच्छुक व्यापारियों के लिए भी पर्याप्त अवसर हैं।

| डिपो का नाम | वनोपज की अनुमानित मात्रा | वनोपज का अनुमानित मूल्य | नीलाम दिनांक एवं समय |
|---|---|---|---|
| मध्यप्रदेश टिम्बर डिपो, सी-1, डब्ल्यूएचएस, न्यू टिम्बर मार्केट नए थाने के पीछे, कीर्तिनगर, नई दिल्ली -110015 | सागौन काष्ठ के गोल लट्ठे घ.मी. = 525 (लगभग) | अवरोध मूल्य रु. =8,90,00,000 (आठ करोड़, नब्बे लाख) | 05.01.2026 (सोमवार) 11:00 प्रातः |

अधिक जानकारी के लिए दूरभाष क्रमांक :- 011-25939685, 8077873394 (डिपो कार्यालय) से कार्यालयीन समय में सम्पर्क किया जा सकता है। क्रेता अपना पेन - कार्ड तथा पते के पुष्टिकरण अभिलेख नीलाम के दिन प्रातः 10:00 बजे आवश्यक रूप से रजिस्ट्रेशन एवं अन्य औपचारिकताओं की पूर्ति हेतु साथ लावें।
Sd/-
विक्रय अधिकारी
कार्या. अपर प्रधान मुख्य वन संरक्षक (जन सम्पर्क एवं विक्रय)
विक्रय डिपो, मध्यप्रदेश शासन वन विभाग, नई दिल्ली
G-22796/25
मिलकर करें यही जतन, रहें सुरक्षित अपने वन


# ऑपरेशन चक्रव्यूह चला, काटे 24,000+ लोगों के चालान

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

**दिल्ली ट्रैफिक** पुलिस ने इस महीने की शुरुआत में पूरे शहर में चलाए गए ऑपरेशन चक्रव्यूह के तहत 24,000 से अधिक गाड़ियों के चालान काटे हैं। इतना ही नहीं, इस अभियान के तहत 144 गाड़ियों को जब्त भी किया गया। ट्रैफिक पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार यह दो सप्ताह का अभियान एक दिसंबर से दिल्ली पुलिस के ट्रैफिक मैनेजमेंट डिविजन ने लोकल पुलिस के अलावा पीसीआर यूनिट के सहयोग से चलाया।

**अभियान के तहत 144 गाड़ियों को जब्त भी किया गया है**

ट्रैफिक मैनेजमेंट डिविजन के डीसीपी शशांक जायसवाल ने बताया कि इस अभियान के तहत ट्रैफिक पुलिस और पुलिसकर्मियों को व्यस्त चौराहों, मार्केट्स और दुर्घटना संभावित सड़कों पर तैनात किया गया था। ट्रैफिक नियमों का उल्लंघन करने वाले लोगों को कार्रवाई से बचने से रोकने के लिए चिह्नित क्षेत्रों के सभी एंट्री और एग्जिट पॉइंट पर रोजाना लगभग दो घंटे तक टीमों की तैनाती की गई।

इस अभियान का उद्देश्य आदतन ट्रैफिक नियमों के उल्लंघन पर रोक लगाने और गंभीर और जानलेवा अपराधों के खिलाफ सख्त ऐक्शन के माध्यम से अनुशासित तरीके से गाड़ी चलाने को बढ़ावा देना था। बिना हेलमेट गाड़ी चलाने, ट्रिपल राइडिंग, नशे की हालत में ड्राइविंग, तेज और लापरवाही से ड्राइव, गाड़ी चलाते समय मोबाइल का उपयोग करने, ट्रैफिक सिग्नल तोड़ने आदि के चालान किए गए। कुल 24,841 चालान काटे गए।


SPOTLIGHT

# हरियाली से जल-प्रबंधन तक: दिल्ली सरकार की पहलें

**दिल्ली को एक सुरक्षित, हरित और टिकाऊ राजधानी बनाने की दिशा में सरकार ने एक साथ कई ऐतिहासिक कदम उठाए हैं। जहां एक ओर राजधानी की हरियाली को कानूनी संरक्षण देकर पर्यावरण को मजबूत आधार दिया गया है, वहीं बड़े पैमाने पर वृक्षारोपण अभियान की शुरुआत कर हरित क्रांति को नई गति मिली है। इसके साथ ही, बाढ़ की समस्या से स्थायी समाधान के लिए ड्रेनेज मास्टर प्लान 2025 तैयार किया गया है। ये तीनों पहल मिलकर दिल्ली के भविष्य को पर्यावरणीय संतुलन और बेहतर शहरी प्रबंधन की नई राह पर ले जा रही हैं।**

## दिल्ली की हरियाली को कानूनी सुरक्षा: रेखा सरकार का ऐतिहासिक फैसला




दिल्ली को प्रदूषण से राहत देने और पर्यावरण को स्थायी मजबूती प्रदान करने की दिशा में रेखा सरकार ने एक निर्णायक और दूरदर्शी कदम उठाया है। मुख्यमंत्री श्रीमती रेखा गुप्ता के नेतृत्व में दक्षिणी रिज क्षेत्र के लगभग 41 वर्ग किलोमीटर क्षेत्र को आरक्षित वन घोषित करने का ऐतिहासिक निर्णय लिया गया है। यह फैसला दिल्ली की हरित विरासत को संरक्षण देने और भविष्य की पीढ़ियों के लिए स्वच्छ हवा सुनिश्चित करने की मजबूत पहल है।



करीब दो दशकों तक उपेक्षित रहे रिज क्षेत्रों को अब कानूनी सुरक्षा मिलेगी। अतिक्रमण पर रोक लगेगी और प्राकृतिक हरियाली को संरक्षित व सघन किया जाएगा। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने स्पष्ट किया है कि सरकार की प्राथमिकता केवल संरक्षण नहीं, बल्कि फलदार वृक्षों के माध्यम से पर्यावरण संतुलन को पुनर्स्थापित करना है। नीम, पीपल, शीशम, आम, जामुन और इमली जैसे पेड़ न केवल हवा को शुद्ध करेंगे, बल्कि जैव विविधता और भूमि की उर्वरता को भी बढ़ाएंगे।

पर्यावरण मंत्री श्री मनजिंदर सिंह सिरसा ने इसे प्रदूषण नियंत्रण की दिशा में मील का पत्थर बताते हुए कहा कि यह निर्णय राजधानी की वायु गुणवत्ता सुधारने में प्रभावी भूमिका निभाएगा। यह पहल वैज्ञानिक दृष्टिकोण और भारतीय वन अधिनियम, 1927 के तहत की गई है।

रेखा सरकार का यह कदम स्पष्ट संदेश देता है कि पर्यावरण संरक्षण केवल नीति नहीं, बल्कि जीवन रक्षा की जिम्मेदारी है। दिल्ली अब हरित, संतुलित और स्वस्थ राजधानी बनने की ओर निर्णायक रूप से अग्रसर है।

**सरकार की प्राथमिकता केवल संरक्षण नहीं, बल्कि फलदार वृक्षों के माध्यम से पर्यावरण संतुलन को पुनर्स्थापित करना है। यह फैसला दिल्ली की हरित विरासत को संरक्षण देने और भविष्य की पीढ़ियों के लिए स्वच्छ हवा सुनिश्चित करने की मजबूत पहल है।**

## हरित क्रांति की ओर बढ़ा दिल्ली का ऐतिहासिक कदम: राजधानी में शुरू हुआ वृक्षारोपण अभियान



दिल्ली को स्वच्छ, हरित और स्वस्थ बनाने की दिशा में मुख्यमंत्री श्रीमती रेखा गुप्ता के नेतृत्व में दिल्ली सरकार ने "एक पेड़ माँ के नाम 2.0" के तहत वृक्षारोपण अभियान शुरू किया गया है। इस ऐतिहासिक पहल में राजधानी में पर्यावरण संरक्षण के लिए विभिन्न विभागों और प्रतिष्ठित दिग्गजों ने सक्रिय भागीदारी दिखाई है।

इस अभियान के तहत सभी ने अपनी माताओं के नाम पर पौधे लगाए। हर पौधा न केवल पर्यावरण के लिए, बल्कि मातृत्व, संवेदना और देशभक्ति का प्रतीक भी बना। केंद्रीय पर्यावरण मंत्री श्री भूपेन्द्र यादव, दिल्ली के पर्यावरण मंत्री श्री मनजिंदर सिंह सिरसा और अन्य वरिष्ठ अधिकारी और मंत्री भी इस अभियान का हिस्सा बने।

मुख्यमंत्री श्रीमती रेखा गुप्ता ने कहा कि यह अभियान केवल पौधारोपण नहीं, बल्कि वायु प्रदूषण के नियंत्रण के लिए दिल्लीवासियों का जन आंदोलन है। हर पौधा हरियाली, स्वच्छ हवा और जैव विविधता का संदेश लेकर आता है। दिल्ली का ग्रीन कवर अब 25% तक बढ़ चुका है और यह अभियान वैश्विक स्तर पर लोगों और देशों को मास प्लांटेशन और क्लाइमेट एक्शन के लिए जोड़ता है।

इस वृक्षारोपण अभियान ने सभी विभागों, स्कूलों, मोहल्लों और नागरिकों को एक मंच पर लाकर एक साझा जिम्मेदारी और जागरूकता की भावना पैदा की है। कार्यक्रम में लगाए गए हर पौधे के साथ डेलीगेट का नाम, मातृ नाम और पौधे की प्रजाति अंकित की गई।

इस अभियान ने प्रदूषण नियंत्रण, हरित वायु, जैव विविधता और स्थायी पर्यावरण संरक्षण पर जोर देते हुए मास प्लांटेशन को वैश्विक पहचान दिलाई। "एक पेड़ माँ के नाम 2.0" अब दिल्ली और वैश्विक स्तर पर पर्यावरण संरक्षण और हरित भविष्य का प्रतीक बन गया है, जहाँ हर पौधा जनता, प्रशासन और वैश्विक नेतृत्व के सामूहिक प्रयास की कहानी सुनाता है।

## दिल्ली को मिलेगा बाढ़-मुक्त भविष्य: सरकार ने तैयार किया नया ड्रेनेज मास्टर प्लान 2025

दिल्ली सरकार ने इतिहास रचते हुए 50 साल बाद नया ड्रेनेज मास्टर प्लान 2025 पेश किया, जो अगले 30 वर्षों तक राजधानी को बाढ़-मुक्त रखने का रोडमैप तैयार करता है। मुख्यमंत्री श्रीमती रेखा गुप्ता, केंद्रीय आवास एवं शहरी कार्य मंत्री श्री मनोहर लाल और पीडब्ल्यूडी मंत्री श्री प्रवेश साहिब सिंह ने इस ऐतिहासिक योजना का संयुक्त रूप से अनावरण किया है।

57,000 करोड़ रुपए के अनुमानित व्यय से तैयार यह योजना दिल्ली के पूरे 18,958 किमी ड्रेनेज नेटवर्क को कवर करेगी। नजफगढ़, बारापुल्ला और ट्रांस यमुना बेसिनों के लिए अलग-अलग मास्टर प्लांस के साथ, इसका लक्ष्य जलभराव को रोकना, सतही जल भंडारण सुधारना और मुख्य स्टॉर्मवॉटर चैनलों को अपग्रेड करना है।

इसके अंतर्गत पुराने और क्षतिग्रस्त सीवर नेटवर्क का आधुनिकीकरण और नए जल प्रबंधन समाधान भी शामिल है।

इस योजना के क्रियान्वयन के लिए सभी विभागों और एजेंसियों के बीच समन्वय स्थापित किया गया है। विस्तृत सर्वेक्षण और सटीक इंजीनियरिंग समाधानों के माध्यम से जलभराव के कारणों की पहचान कर दिल्ली को भविष्य-सक्षम बुनियादी ढांचे से लैस किया जाएगा।

नई दिल्ली अब केवल राजधानी नहीं, बल्कि सुरक्षित, स्मार्ट और बाढ़-मुक्त शहर बनने की दिशा में कदम बढ़ा रही है। यह ड्रेनेज मास्टर प्लान दिल्लीवासियों के जीवन स्तर में सुधार और शहर के दीर्घकालिक विकास का प्रतीक है।



DIP/Shabdarth/Advertorial/097/25-26

CCI NG 3.7 Product: NBTDelhiBS PubDate: 16-12-2025 Zone: Mahanagar Edition: 1 Page: NBTMAH03 User: pritambhara.prakash Time: 12-15-2025 22:44 Color:



# निकला दम : बिना पिए फूंक डालीं 40 सिगरेट

## नर्सरी से 5वीं तक की क्लासेज ऑनलाइन

### खतरनाक प्रदूषण के चलते दिल्ली सरकार ने लिया फैसला

Photos : PTI, AFP

Katyayani.Upreti@timesofindia.com



**हाइब्रिड मोड** 10वीं और 12वीं क्लास को छोड़कर बाकी के लिए हाइब्रिड मोड यानी ऑनलाइन और ऑफलाइन का ऑप्शन जारी है

■ **नई दिल्ली:** खतरनाक प्रदूषण के बीच दिल्ली के सभी सरकारी, प्राइवेट, सरकारी सहायता प्राप्त, NDMC, MCD, दिल्ली कैंट के स्कूलों को क्लास 5 तक के लिए बंद कर ऑनलाइन मोड में कर दिया गया है। 10वीं और 12वीं को छोड़कर बाकी के लिए हाइब्रिड मोड यानी ऑनलाइन और ऑफलाइन का ऑप्शन जारी है। बोर्ड क्लासों के लिए स्कूल खुले हैं। GRAP-4 शनिवार को लागू हुआ, शिक्षा निदेशालय ने स्कूलों को हाइब्रिड मोड पर कर दिया था। लेकिन, शिक्षा निदेशक ने सोमवार को आदेश जारी कर इसे बदलकर क्लास 5 तक के बच्चों को सिर्फ ऑनलाइन पढ़ाई करवाने का निर्देश दिया। इस मिली-जुली स्थिति के बीच पैरंट्स, स्टूडेंट्स और स्कूल सभी परेशान हैं। उनका कहना है कि सेहत से लेकर पढ़ाई तक के लिए प्रदूषण इमरजेंसी की स्थिति बन गई है मगर सरकार इसका परमानेंट सॉल्यूशन लाने के लिए जरा भी गंभीर नहीं है।

**मिली-जुली स्थिति के बीच पैरंट्स, और स्कूल परेशान**


सरकार ने स्कूलों को ऑनलाइन पढ़ाई का ऑप्शन दे तो दिया है मगर ज्यादातर स्टूडेंट्स स्कूल आने को मजबूर हैं। वे बिना मास्क स्कूल जा रहे हैं। दिल्ली गवर्नमेंट स्कूल्स प्रिंसिपल्स असोसिएशन के जनरल सेक्रेटरी पी. डी. शर्मा ने कहा कि कोविड 19 के साथ सरकारी स्कूलों का डिजिटल इंफ्रास्ट्रक्चर तो बेहतर हुआ है मगर अभी भी कई स्टूडेंट्स की ऑनलाइन क्लासों तक पहुंच नहीं है। सभी के पास मोबाइल नहीं या घर पर निगरानी के लिए कोई नहीं होता। अब 5वीं तक सभी क्लासों के लिए किया जाएगा और बाकी क्लासों को भी ऑनलाइन ऑप्शन देकर कवर किया जाएगा।

इंडियन स्कूल की प्रिंसिपल तान्या जोशी ने कहा कि हमने हाइब्रिड का ऑप्शन दिया मगर बच्चे स्कूल आना ही पसंद कर रहे हैं। हमने क्लासरूम्स में एयर प्यूरिफायर लगाए हैं। पैरंट्स भी चाहते हैं कि बच्चे स्कूल जाएं क्योंकि ऑनलाइन पढ़ाई उनका स्क्रीन टाइम बढ़ाती है।

### 'पल्यूशन हॉलिडे' कर दे सरकार


**दिल्ली पैरंट्स** असोसिएशन की प्रेसिडेंट अपराजिता गौतम ने कहा कि नवंबर-दिसंबर दिल्ली में प्रदूषण हिट करता है, तो सरकार कम से कम अकैडमिक सेशन को ही बदल दे। जब तक परमानेंट सॉल्यूशन पर काम नहीं होता, 'पल्यूशन हॉलिडे' ही मजबूरी है। CBSE को समझना होगा कि एग्जामिनेशन साइकिल ऐसी हो कि प्रदूषण में बोर्ड स्टूडेंट्स को स्कूल ना बुलाया जाए। ना ऑनलाइन क्लास ऑप्शन है, ना हाइब्रिड मोड क्योंकि स्कूल बच्चों को बुला ही रहे हैं। दूसरा, अभी ग्रैप-4 है फिर भी कई जगह कंस्ट्रक्शन चल रहा है, ना सड़कों की धूल साफ की जा रही है।

## 'सुप्रीम कोर्ट के आदेश की उड़ाई जा रहीं धज्जियां'



### प्रदूषण पर कोर्ट सलाहकार ने SC के सामने रखी असलियत

Rajesh.Choudhary@timesofindi.com



नवंबर-दिसंबर के दौरान स्कूलों में खेल पर लगाई थी रोक, फिर भी जारी लापरवाही

■ **नई दिल्ली :** दिल्ली में प्रदूषण के मामले में सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट को बताया गया कि दिल्ली और एनसीआर के कई स्कूल अदालत के उस निर्देश को दरकिनार करने के तरीके निकाल रहे हैं, जिसमें नवंबर-दिसंबर के दौरान ओपन में खेल गतिविधियां आयोजित न करने को कहा गया था। सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को कहा कि वह दिल्ली-एनसीआर में लगातार बिगड़ते वायु प्रदूषण के स्तर से संबंधित याचिका पर 17 दिसंबर को सुनवाई करेगा।

**सुप्रीम कोर्ट वायु प्रदूषण के मामले में 17 दिसंबर को करेगा अगली सुनवाई**

कोर्ट सलाहकार और अन्य ने सुप्रीम कोर्ट को बताया कि सुप्रीम कोर्ट के निर्देश के बावजूद प्रदूषण के दौरान खेल गतिविधियों को आयोजित करने के तरीके खोज लिए हैं। अब बच्चे भी इससे नहीं बचे हैं। जिन गतिविधियों पर सुप्रीम कोर्ट ने प्रतिबंध लगाया है, वही गतिविधियां हो रही हैं। CAQM ने भी खेल गतिविधियों पर रोक लगाने संबंधी एक अधिसूचना जारी की है। जिसमें कहा गया है कि सुप्रीम कोर्ट ने बच्चों के बाहर खेलने पर रोक लगाई है। लेकिन इसके बावजूद आदेशों को दरकिनार करने के तरीके निकाल लिए गए हैं।

कोर्ट ने कहा कि अगर समस्या है, तो व्यावहारिक समाधान क्या है और किस तरह के निर्देश दिए जा सकते हैं। हमें केवल वही निर्देश जारी करने चाहिए। अन्यथा, यह कहा जा सकता है कि अगर हम आदेश पारित करते हैं, तो या तो उनका पालन संभव नहीं है या लोग उनकी संवेदनशीलता को नहीं समझते। लोगों को उन परिस्थितियों के अनुरूप खुद को ढालना होगा। उन्हें अपनी जीवनशैली में बदलाव करना होगा। बड़े शहरों में लोगों की अपनी जीवनशैली होती है, जिसे बदलना कठिन होता है। चीफ जस्टिस ने यह भी कहा कि गरीब लोगों पर पड़ने वाले प्रभाव को भी देखना होगा।

एमिकस (कोर्ट सलाहकार) अपराजिता सिंह ने कोर्ट को बताया कि GRAP-IV उपायों के लागू होने के बाद कंस्ट्रक्शन वर्कर्स के पास अब काम नहीं बचा है। मामले की सुनवाई एम.सी. मेहता मामले में हो रही है, जो दिल्ली और एनसीआर से संबंधित प्रदूषण से संबंधित मामला है। मामले में आवेदन दायर करने वाले अन्य वकीलों से सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि वे अपने मुद्दे और सुझाव एमिकस (कोर्ट सलाहकार) के समक्ष रखें। उन्होंने कहा कि सिर्फ मीडिया में आने के उद्देश्य से आवेदन दाखिल करने की कोशिश न करें। अदालत का समय सीमित है। चीफ जस्टिस सूर्यकांत, जस्टिस जॉयमाल्य बागची और जस्टिस विपुल एम. पंचोली की बेंच ने वरिष्ठ अधिवक्ता अपराजिता सिंह की दलीलों पर ध्यान दिया। उन्होंने कहा कि हालांकि उपाय मौजूद हैं, लेकिन मुख्य समस्या संबंधित अथॉरिटीज द्वारा उनके खराब इंप्लिमेंटेशन की है। सिंह ने कहा कि जब तक यह अदालत कोई निर्देश नहीं देती, तब तक अथॉरिटीज पहले से मौजूद प्रोटोकॉल का पालन नहीं करते। इस पर चीफ जस्टिस ने कहा, 'यह मामला बुधवार को तीन जजों के सामने लिस्ट किया जाएगा।

### 'ऑनलाइन भी पेश हो सकते हैं'

■ चीफ जस्टिस सूर्यकांत ने मौजूदा मौसमी हालातों को देखते हुए बार के सदस्यों और खुद पैरवी करने वाले पक्षकारों को सुप्रीम कोर्ट में सूचीबद्ध मामलों में विडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से हाइब्रिड मोड में पेश होने की सलाह दी है। इस बारे में एक सर्कुलर में कहा गया है कि हाइब्रिड मोड अपना सकते हैं।

## लगातार तीसरे दिन सांसों को तरसे लोग

### 40 में से 28 इलाके रेड जोन में

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली



**लगातार तीसरे** दिन दिल्ली-एनसीआर के लोग सांस नहीं ले पाए। घना कोहरा, स्मॉग और प्रदूषण की इमरजेंसी ने लोगों का जीना मुहाल कर दिया। हालांकि सोमवार सुबह सात बजे के बाद हवाएं चलीं, जिससे प्रदूषण के स्तर में कुछ कमी दर्ज की गई। इसके बावजूद हवा सांस लेने लायक नहीं रही। एक्सपर्ट के अनुसार, बीते तीन दिनों से लोग रोज करीब 35 से 40 सिगरेट के बराबर धुआं अपने फेफड़ों में भर रहे हैं। सोमवार शाम पांच बजे तक 40 में से 28 जगह प्रदूषण रेड जोन में रहा।

**एक्सपर्ट बोले, रोज 35 से 40 सिगरेट जितना धुआं सोख रहे फेफड़े**

बाकी इलाकों में एक्यूआई 400 के नीचे दर्ज किया गया। एयर बुलेटिन के मुताबिक, दिल्ली का एक्यूआई 427, फरीदाबाद का 211, गाजियाबाद का 444, ग्रेटर नोएडा का 447, गुरुग्राम का 345 और नोएडा का 437 रहा। दिल्ली में आनंद विहार का एक्यूआई 462, अशोक विहार का 468, जहांगीरपुरी का 470, पंजाबी बाग का 467, विवेक विहार का 465 और वजीरपुर का 478 रिकॉर्ड किया गया।

सुबह सात बजे दिल्ली का एक्यूआई 454 था। आठ बजे यह घटकर 452 हुआ, दस बजे 451 पर पहुंचा। और दोपहर बारह बजे इमरजेंसी स्थिति से बाहर आई।

### आज तेज हवाएं, गिर सकता है प्रदूषण

पूर्वानुमान के अनुसार, मंगलवार को हवाएं तेज होंगी। इसकी वजह से 16 से 18 दिसंबर के बीच प्रदूषण का स्तर गंभीर से घटकर बेहद खराब श्रेणी में आ सकता है। इसके बाद अगले छह दिनों तक भी प्रदूषण बेहद खराब बना रहने का अनुमान है। सोमवार को हवाओं की रफ्तार 5 से 15 किलोमीटर प्रति घंटे रही। मंगलवार को यह बढ़कर 15 से 25 किलोमीटर प्रति घंटे हो सकती है।

इतनी तेज हवाओं से प्रदूषण में काफी कमी आने की उम्मीद है। 17 दिसंबर को हवाओं की गति 8 से 15 किलोमीटर प्रति घंटे और 18 दिसंबर को भी 8 से 15 किलोमीटर प्रति घंटे रहने का अनुमान है।

## आज कोहरे का येलो अलर्ट

■ **NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली :** कोहरे और स्मॉग की वजह से परेशानियां बढ़ती जा रही हैं। मंगलवार को भी मध्यम से घना कोहरा रहेगा। मौसम विभाग ने कोहरे को लेकर येलो अलर्ट जारी किया है। इस सीजन में पहली बार कोहरे का येलो अलर्ट जारी किया गया है।

सोमवार को सीजन में घने कोहरे की शुरुआत हो गई। इससे पूर्व बीते शनिवार और रविवार को मध्यम दर्जे का कोहरा रहा था। आईएमडी के अनुसार रात करीब तीन बजे से लेकर सात बजे तक विजिबिलिटी महज 50 मीटर रही। सुबह 9 बजे तक यह बढ़कर 100 मीटर हो गई। इसके बाद इसमें सुधार हुआ, लेकिन दिन भर यह 800 मीटर से कम बनी रही। मंगलवार को भी कई जगहों पर मध्यम तो कुछ जगहों पर घना कोहरा रहेगा।


**विजिबिलिटी 50 मीटर से भी कम रही**

सोमवार को न्यूनतम तापमान में इजाफा हुआ, इसके विपरीत अधिकतम तापमान में गिरावट हुई। न्यूनतम तापमान 10 डिग्री रहा। यह सामान्य से 1.4 डिग्री अधिक रहा। वहीं अधिकतम तापमान 23.7 डिग्री रहा।

## प्रदूषण का प्रेशर : ओपीडी ही नहीं, एडमिशन में भी 20% तक इज़ाफा

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

AI image



**प्रदूषण के** कारण जुकाम, एलर्जी के साथ साथ चेस्ट इन्फेक्शन के मामलों में इजाफा हुआ है। इतना ही नहीं, पहले से हार्ट की बीमारी से जूझ रहे मरीज भी हार्ट फेल्योर की स्थिति में अस्पताल पहुंच रहे हैं। शहर के डॉक्टरों का कहना है कि ओपीडी ही नहीं, बल्कि एडमिशन में भी इजाफा हुआ है और इसका सीधा संबंध प्रदूषण से है। आरएमएल के सीनियर एक्सपर्ट डॉक्टर सुभाष गिरी ने बताया कि उनके वॉर्ड में 20 पर्सेंट तक एडमिशन बढ़ गए हैं और ओपीडी में भी मरीजों की संख्या में बड़ा इजाफा हुआ है। सर्दी के दिनों में खून की नलियां सख्त हो जाती हैं, जिसकी वजह से ब्लड प्रेशर बढ़ता है। इसके चलते शुगर लेवल भी बढ़ सकता है। जब बीपी बढ़ता है तो कोरोनरी हार्ट अटैक के साथ साथ हार्ट फेल्योर के मामले भी बढ़ने लगते हैं।

**दिल और फेफड़े सबसे ज्यादा प्रभावित, खतरा बढ़ा**

डॉक्टर गिरी ने बताया कि कई लोग पहले से हार्ट के मरीज होते हैं। कुछ को पहले से टीबी होती है या लंग्स खराब होते हैं। ऐसे मरीजों में जब प्रदूषण बढ़ता है तो उसका असर तुरंत दिखता है। इसमें राइट साइड के हार्ट पर असर पड़ता है और कुछ मरीजों में हार्ट फेल्योर की स्थिति बन जाती है। इन दिनों ऐसे मरीज आ रहे हैं। समय पर इलाज न मिलने पर उनकी बीमारी और गंभीर हो सकती है। उन्होंने कहा कि प्रदूषण का तुरंत असर एलर्जी, चेस्ट इन्फेक्शन और अपर रेस्पिरेटरी इन्फेक्शन के रूप में सामने आ रहा है, जबकि इसका लॉन्ग टर्म असर कैंसर, डिमेंशिया और साइकाइट्रिक डिसऑर्डर के रूप में हो सकता है।

**'दवा लेने के बाद भी जल्दी आराम नहीं':** वहीं, आकाश हॉस्पिटल के लंग्स स्पेशलिस्ट डॉक्टर अक्षय बुद्धराज ने बताया कि अक्टूबर की तुलना में इन दिनों सांस की बीमारी और प्रदूषण से जुड़ी दिक्कतों के चलते मरीजों की संख्या में दोगुना इजाफा हुआ है। प्रदूषण की वजह से मरीज पहले से ज्यादा तकलीफ के साथ अस्पताल पहुंच रहे हैं। बच्चों को ठीक होने में ज्यादा समय लग रहा है और दवा लेने के बाद भी जल्दी आराम नहीं मिल रहा है। जो पहले से बीमार हैं, खासकर अस्थमा या सांस के मरीज, उन्हें ज्यादा परेशानी हो रही है। ऐसे लोगों के लिए बचाव ही एकमात्र तरीका है। उन्हें घर से बाहर निकलने से बचना चाहिए, मास्क का इस्तेमाल करना चाहिए और जब तक धूप न निकले, मॉर्निंग वॉक पर नहीं जाना चाहिए।

## GRAP-4 के बाद सड़कों पर पानी का छिड़काव, PWD ने जारी किया SOP



डस्ट पल्यूशन हटाने के साथ पीडब्ल्यूडी की मेंटिनेंस वैन को अब फुटपाथ की सफाई भी करनी होगी, मलबा भी तुरंत हटाना होगा

■ **NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली :** ग्रैप-4 लागू होने के बाद पीडब्ल्यूडी ने सड़कों पर पानी छिड़काव और सफाई के लिए नया एसओपी जारी किया है। पीडब्ल्यूडी की मेंटिनेंस वैन पर काम करने वाले कर्मचारियों को नई वर्दी उपलब्ध कराई गई है और सभी कर्मचारियों को रोजाना इसी वर्दी में ड्यूटी पर रहने के निर्देश दिए गए हैं। पीडब्ल्यूडी इंजीनियरों के अनुसार, डस्ट पल्यूशन हटाने के साथ फुटपाथ की सफाई भी करनी होगी। अगर फुटपाथ पर घास उगी है, तो उसी समय हटाना होगा। मलबा भी तुरंत हटाने के आदेश दिए गए हैं। किसी रोड पर अगर मैनहोल का ढक्कन नहीं है, तो सूचना संबंधित डिविजन के इंजीनियरों को देनी होगी। जलभराव की स्थिति में भी मेंटिनेंस वैन कर्मचारियों को इसकी जानकारी देनी होगी। सर्दियों में विजिबिलिटी कम होने के चलते कई बार ये वैन दिखाई नहीं देती थीं, इसी वजह से कुछ महीने पहले वैन का रंग नारंगी कर दिया गया।

## कचरा उठाने वालों के लिए वर्कशॉप

■ **NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली:** रीसाइक्लिंग और वेस्ट मैनेजमेंट प्रणाली की रीढ़ माने जाने वाले कचरा संग्राहक (वेस्ट पिकर्स) रोजाना अत्यधिक प्रदूषित वातावरण में काम कर रहे हैं। इसके बावजूद उनके स्वास्थ्य और सुरक्षा पर अब भी बहुत कम ध्यान दिया जाता है। प्रदूषण का सबसे अधिक और सीधा असर इन्हीं फ्रंटलाइन कर्मियों पर पड़ता है। इसी को देखते हुए चिंतन एन्वायरनमेंटल रिसर्च एंड एक्शन ग्रुप ने कनाडा फंड फॉर लोकल इनिशिएटिव (CFLI) के सहयोग से राजधानी के 70 से अधिक वेस्ट पिकर्स के लिए प्रदूषण पर एक विशेष वर्कशॉप का आयोजन किया।

**70 से अधिक वेस्ट पिकर्स हुए शामिल**

दो घंटे का यह इंटरैक्टिव प्रशिक्षण प्रदूषण, स्वास्थ्य पर पड़ने वाले उसके प्रभाव और दैनिक काम के दौरान कम लागत और व्यावहारिक तरीकों के जरिए खुद को सुरक्षित रखने के तरीकों पर केंद्रित रहा। इस सेशन में प्रैक्टिकल तरीके से प्रतिभागियों को बताया गया कि वह कैसे प्रदूषण की विभिन्न स्थितियों की पहचान सकते हैं।



## प्रदूषण अलर्ट सिस्टम सुधारना ज़रूरी : एक्सपर्ट

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

**प्रदूषण के** इमरजेंसी स्तर पर पहुंचने के पूर्वानुमान में एक बार फिर एयर क्वॉलिटी अर्ली वार्निंग सिस्टम फेल रहा। यह सिस्टम पूर्वानुमान नहीं कर सका कि एक्यूआई 450 से भी ऊपर पहुंच जाएगा। ऐसे में सीएक्यूएम) GRAP के तहत हवा के इमरजेंसी स्तर में पहुंचने से तीन दिन पूर्व इसे लागू नहीं कर पाई।

**इस बार भी इमरजेंसी स्तर की वार्निंग में फेल रहा सिस्टम**

बीते शनिवार की सुबह प्रदूषण का स्तर गंभीर पहुंच गया और इसी शाम इसने 450 के स्तर को पार कर लिया। जबकि शनिवार को भी प्रदूषण का स्तर बेहद खराब रहने का पूर्वानुमान था। रविवार को भी प्रदूषण स्तर कम होकर बेहद खराब होने का पूर्वानुमान ही दिया गया था।

एक्सपर्ट के अनुसार, एयर क्वॉलिटी अर्ली वार्निंग सिस्टम में इस समय बड़े सुधार की जरूरत है। यह सिस्टम अक्टूबर 2018 से काम कर रहा है। सीएक्यूएम GRAP के विभिन्न चरणों को इसी सिस्टम के पूर्वानुमान पर लागू करता है। नोटिफिकेशन के अनुसार पूर्वानुमान के आधार पर GRAP-2, 3 और 4 तीन दिन एडवांस में लागू किए जाते हैं। ऐसा इसलिए किया जाता है कि तीन दिन पहले से ही लोकल सोर्स से होने वाले प्रदूषण को कम किया जा सके और जब हवाएं कम हो तो लोकल प्रदूषण कम से कम रहे।

### 'GRAP के चरण समय पर लागू हों, यह बेहद जरूरी'

**थिंक टैंक** एनवायरोकैटलिस्ट्स के फाउंडर सुनील दहिया ने बताया कि इस अर्ली वार्निंग सिस्टम में सुधार की जरूरत है। GRAP के विभिन्न चरण समय पर लागू हों यह बेहद जरूरी है। लेकिन कई मौकों पर बदतर होने के बाद GRAP लगाना पड़ रहा है। ऐसा एक बार नहीं बल्कि हर सीजन में कई बार हो रहा है। बीते नवंबर में भी तीन दिन 11 से 13 नवंबर तक प्रदूषण का स्तर गंभीर रहा था, जबकि यह सिस्टम पूर्वानुमान में फेल रहा। सीपीसीबी के पूर्व एयर लैब हेड दीपांकर साहा ने बताया कि अर्ली वार्निंग सिस्टम को चेक करने की जरूरत है।





सोमवार सुबह सात बजे दिल्ली का एक्यूआई 454 था

## वकीलों-वादियों को हाइब्रिड मोड पर सुनवाई की छूट

■ **NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली :** लगातार बढ़ रहे एयर पल्यूशन के मद्देनजर दिल्ली हाई कोर्ट ने सोमवार को दो अहम आदेश जारी किए। हाई कोर्ट ने वकीलों, वादियों और पक्षकारों को अपने यहां और जिला अदालतों में लगे मामलों में हाइब्रिड मोड के जरिए सुनवाई की सुविधा के इस्तेमाल की छूट दी। दिल्ली में सोमवार को धुंध छाई रही और एयर क्वॉलिटी इंडेक्स 498 रहा जो 'गंभीर' श्रेणी में आता है। दिल्ली हाई कोर्ट के रजिस्ट्रार जनरल अरुण भारद्वाज ने सोमवार को दो सर्कुलर जारी किए।

**बढ़ते प्रदूषण के मद्देनजर जारी किया सर्कुलर**

## गाड़ियों के प्रदूषण को कम करने के लिए बनी कमिटी की पहली मीटिंग

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

**दिल्ली-NCR** में गाड़ियों से होने वाले पल्यूशन को कम करने के लिए CAQM की ओर से गठित एक्सपर्ट कमिटी ने सोमवार को अपनी पहली मीटिंग की। इस कमिटी का मकसद गाड़ियों द्वारा किए जा रहे पल्यूशन को कम करने के लिए ठोस और असरदार सुझाव देना है। कमिटी को दो महीने के भीतर अपनी रिपोर्ट CAQM को सौंपनी है।

**कमिटी को दो महीने के भीतर रिपोर्ट CAQM को सौंपनी है**

मीटिंग की अध्यक्षता कमिटी के चेयरपर्सन प्रफेसर अशोक झुनझुनवाला और को-चेयरपर्सन डॉ. रणदीप गुलेरिया ने की। बैठक के दौरान गाड़ियों से होने वाले पल्यूशन की हिस्सेदारी, अलग-अलग सेगमेंट की गाड़ियों का आकलन, उनसे जुड़े पल्यूशन के जोखिम, इलेक्ट्रिक गाड़ियों के लिए तैयारियों और जरूरी इंफ्रास्ट्रक्चर पर मंथन किया गया।

कमिटी की अगली मीटिंग में सभी एक्सपर्ट अपने-अपने सुझाव रखेंगे। इसके बाद कमिटी एक कंप्लीट रिपोर्ट तैयार कर CAQM को देगी। इसमें यह बताया जाएगा कि दिल्ली-NCR में गाड़ियों से होने वाले पल्यूशन को किस तरह प्रभावी तरीके से कम किया जा सकता है।

# क्यों विशेष है पौष मास की अमावस्या?

**हिंदू पंचांग में अमावस्या विशेष आध्यात्मिक तिथि मानी जाती है, जब चंद्रमा पूर्णतः अदृश्य रहता है और सूर्य के साथ एक ही राशि में स्थित होता है। वैदिक और पौराणिक ग्रंथों के अनुसार, अमावस्या आत्मचिंतन, तर्पण, दान और पितृ स्मरण के लिए सर्वोत्तम मानी गई है। वर्ष भर में कुल 12 अमावस्याएं होती हैं और अधिकमास पड़ने पर 13 भी हो सकती हैं, किंतु इन सभी में पौष मास की अमावस्या विशेष है।**

Mrityunjay.Tripathi
@timesofindia.com

**ज्योतिष और** वेदों के अनुसार, जब चंद्रमा की कलाएं पूर्ण रूप से क्षीण हो जाती हैं और वह सूर्य के समीप होता है, तो उस तिथि को अमावस्या कहा जाता है। अथर्ववेद और तैत्तिरीय ब्राह्मण में चंद्रमा को मन का कारक माना गया है। अमावस्या का समय मन की शुद्धि, संयम और तप के लिए श्रेष्ठ माना गया है। यही कारण है कि इस दिन श्राद्ध, तर्पण और दान जैसे कर्म किए जाते हैं। इसमें भी अमावस्या पौष मास की हो तो वह और भी विशेष हो जाती है। पौष मास शीत ऋतु का चरम काल होता है। इस समय सूर्य धनु राशि में होते हैं और 'खरमास' प्रारंभ होता है। इस काल में वैसे तो मांगलिक कार्य वर्जित माने गए हैं, लेकिन दान, तप और पितृ कर्म को अत्यंत पुण्यकारी बताया गया है।

## मिनी पितृपक्ष है पौष मास

पं. दयाशंकर पराशर बताते हैं कि गरुड़ पुराण और श्राद्धकल्प में बताया गया है कि चार मास आश्विन, कार्तिक, पौष और चैत्र में पितरों के लिए किए गए कर्म शीघ्र फलदायी होते हैं। इनमें से कार्तिक, पौष और चैत्र को लोग 'मिनी पितृपक्ष' भी कहते हैं।

## पितरों के लिए खास तिथि मानी जाती है अमावस्या

आचार्य दिनेश कुमार त्रिपाठी कहते हैं कि अमावस्या को पितृ तिथि मानते हैं। साल में पितरों के लिए जैसे पितृ पक्ष होता है, वैसे ही हर मास में अमावस्या की तिथि होती है। इनमें भी कार्तिक, माघ और पौष की अमावस्या को पितरों के लिए श्राद्ध विशेष महत्व रखता है।




आचार्य दिनेश कुमार त्रिपाठी

पं. दयाशंकर पराशर के अनुसार, विशेष रूप से पौष कृष्ण पक्ष की अमावस्या को पितरों की तृप्ति के लिए अत्यंत प्रभावशाली माना गया है। मान्यता है कि इस दिन किया गया तर्पण पितरों को मोक्ष मार्ग की ओर अग्रसर करता है। वैसे तो अमावस्या को श्राद्ध का आयोजन कहीं भी नदी किनारे किया जा सकता है, किंतु बिहार के गयाजी में पिंडदान करने के लिए लोग बड़ी संख्या में इस तिथि को जुटते हैं। गयाजी का उल्लेख वायु पुराण और गरुड़ पुराण में भी मिलता है। इस तिथि को स्नान-दान का विशेष महत्व है। स्कंद पुराण, पद्म पुराण और मत्स्य पुराण में पौष अमावस्या के दिन पवित्र नदियों में स्नान, तिल दान और सूर्य अर्घ्य को सहस्र गोदान के तुल्य फलदायी बताया गया है।

पद्म पुराण के अनुसार, एक बार देवर्षि नारद ने भगवान विष्णु से पूछा कि शीत ऋतु में कौन-सा दान सबसे श्रेष्ठ है। तब विष्णु जी ने कहा कि पौष अमावस्या पर तिल, वस्त्र, अन्न और घी का दान करने से पितृ और देव दोनों प्रसन्न होते हैं। पं. दयाशंकर पराशर कहते हैं कि इसी कारण इसे 'पितृ प्रसन्नता की अमावस्या' भी कहा जाता है।

### पितृ दोष निवारण के लिए क्या करना चाहिए?

पं. दयाशंकर पराशर कहते हैं कि लोगों के जीवन में अधिकतर समस्याएं पितृ दोष से होती हैं और उन्हीं की कृपा से दूर भी होती हैं। पौष मास की अमावस्या केवल एक तिथि नहीं है, बल्कि करुणा, कर्तव्य और कृतज्ञता का पर्व है। हमें अपने पितरों के लिए कृतज्ञ होना चाहिए, जिनसे हमारा जीवन और भरण-पोषण संभव हुआ है। वेद और पुराण स्पष्ट रूप से बताते हैं कि इस तिथि पर किया गया दान, तर्पण और स्मरण पितरों को तृप्त करता है और उनके आशीर्वाद से जीवन में सुख, शांति और समृद्धि आती है। इस दिन पितृ शांति और पितृ स्थापना की जाती है। लोग पितरों के लिए स्मारक स्मृति-स्तंभ का निर्माण करवाते हैं।

**क्या करना चाहिए?**
- प्रातःकाल पवित्र नदी, सरोवर या घर पर ही स्नान कर सूर्य को जल अर्पित करें।
- काले तिल से पितरों का तर्पण करें।
- तिल, कंबल, वस्त्र, अन्न और घी का दान करें।
- पितरों के नाम से ब्राह्मण, गरीबों को भोजन कराएं।
- शाम के समय पीपल वृक्ष या नदी तट पर दीपक जलाएं।
- विष्णु सहस्रनाम या पितृ सूक्त का पाठ करें।

**क्या नहीं करना चाहिए?**
- झूठ, छल, क्रोध और तामसिक आचरण से बचें।
- मांस, मदिरा और नशे से दूर रहें।
- नए मांगलिक कार्य, विवाह या गृह प्रवेश न करें।
- पितरों के प्रति अपमानजनक या उपेक्षापूर्ण व्यवहार न करें।


**अमावस्या कब?**
19 दिसंबर
सुबह 4:36 बजे से
20 दिसंबर
सुबह 6:37 बजे तक।
*(जैसा कि आचार्य दिनेश कुमार त्रिपाठी ने बताया)*

---

सत्संग

डॉ. सुरक्षित गोस्वामी
योग गुरु

## 'हर क्षण सजग रहना ही ध्यान है'

AI Image


**ना**थ योग परंपरा में ध्यान का अर्थ केवल किसी एक आसन में बैठकर आंखें बंद कर लेना नहीं है। यहां ध्यान जीवन से अलग कोई साधना नहीं, बल्कि जीवन के हर क्षण में सजग रहना। गुरु गोरखनाथ कहते हैं - "ऊठत बैठत, सवत सुइत, नाथ निरंतर ध्यान धरे।" यानी हमें उठते-बैठते, चलते-फिरते, सोते-जागते हर समय चेतन बना रहना चाहिए। "ऊठत-बैठत ध्यान" का मतलब है कि साधक ध्यान को किसी एक समय, स्थान या क्रिया तक न बांध दें। बल्कि जब हम चल रहे हों या भोजन कर रहे हों, काम कर रहे हों या किसी से बात कर रहे हों, तब भी भीतर अपने स्वरूप की याद और सजगता बनी रहनी चाहिए। ध्यान केवल एक क्रिया नहीं बल्कि जीवन की निरंतर धारा बननी चाहिए। यह ध्यान आत्म-स्मृति का मार्ग है। बाहरी संसार से भागना नहीं, बल्कि संसार में रहते हुए भीतर की जागरूकता बनाए रखना है।


**ध्यान का मतलब संसार में रहते हुए अपने भीतर की जागरूकता बनाए रखना है**

आज जिसे Mindfulness या Continuous Awareness कहा जाता है, वही नाथ योग का ऊठत-बैठत ध्यान है। न्यूरोसाइंस के अनुसार, जब व्यक्ति किसी भी कार्य को पूर्ण चेतना से करता है, तो मस्तिष्क के Prefrontal Cortex की सक्रियता बढ़ती है, जिससे विवेक और निर्णय-क्षमता मजबूत होती है। वहीं तनाव और भय दूर होकर मन शांत, स्थिर और संतुलित हो जाता है। बस चलते समय प्रत्येक कदम को अनुभव कीजिए, भोजन करते समय स्वाद और कृतज्ञता को महसूस कीजिए, बोलते समय शब्दों की मर्यादा का ध्यान रखिए और काम करते समय पूरी एकाग्रता बनाए रखिए। फिर यह प्रैक्टिस जीवन को आनंद से भर देगी।

**ऐसे भेजें अपने सवाल**
आपके भी मन में है धर्म-कर्म से संबंधित कोई सवाल, कोई उलझन, जिसका चाहते हैं जवाब तो हमें nbtreader@timesofindia.com पर लिखकर भेजें। अपने नाम, शहर/गांव का भी जिक्र करें। सब्जेक्ट में 'Dharma Karma' लिखें।

---

ई-मेल करें
**मंदिर वाली सेल्फी**


आनंद मोहन ने पेरुमाला मंदिर, मदुरई से भेजी फोटो

**ऐसे भेजें अपनी सेल्फी**
nbtreader@timesofindia.com पर अपने और शहर/गांव के नाम के साथ व्हट्सऐप करें। मंदिर के बारे में भी जरूर लिखें। एक 'लकी विनर' का नाम और तस्वीर हम अगले अंक में छापेंगे। सब्जेक्ट में लिखें- **Dharma Karma Selfie**

---

सप्ताह के **व्रत और त्योहार**
डॉ. अश्विनी शास्त्री
**(16 दिसंबर से 22 दिसंबर 2025 तक)**

***इस सप्ताह के बारे में विशेष:*** *इस सप्ताह के बारे में विशेष: वर्तमान सप्ताह का शुभारंभ पौष मास के कृष्ण पक्ष की द्वादशी तिथि और स्वाति नक्षत्र के साथ हो रहा है। वर्तमान कृष्ण पक्ष 20 दिसंबर, शनिवार को समाप्त हो जाएगा और अगले दिन यानी 21 दिसंबर, रविवार से पौष मास का ही शुक्ल पक्ष आरंभ हो जाएगा। इस सप्ताह प्रदोष व्रत, मासिक शिवरात्रि, दर्श अमावस्या, पौष अमावस्या, चंद्र दर्शन आदि का आयोजन किया जाएगा।*

# शिवत्व की अनुभूति का अवसर है मासिक शिवरात्रि

**■ प्रदोष व्रत** (17 दिसंबर, बुधवार)
सनातन परंपरा में प्रदोष व्रत का विशेष स्थान है। यह व्रत प्रत्येक पक्ष की त्रयोदशी तिथि को सूर्यास्त के बाद, संध्या काल में भगवान शिव और माता पार्वती की आराधना के लिए किया जाता है।



शास्त्रों में संध्या समय को देवताओं और मनुष्यों के बीच सेतु का काल माना गया है और इसी कारण प्रदोष काल को अत्यंत पुण्यकारी कहा गया है। स्कंद पुराण के अनुसार इसी समय भगवान शिव कैलाश पर्वत पर नृत्य करते हुए समस्त लोकों को आनंद और शांति प्रदान करते हैं। मान्यता है कि समुद्र मंथन के उपरांत उत्पन्न विष के प्रभाव से जब सृष्टि व्याकुल हुई, तब शिव ने संध्या समय ही हलाहल का पान कर जगत की रक्षा की। इसलिए प्रदोष व्रत को संकटों के शमन और जीवन की नकारात्मकता से मुक्ति का व्रत माना जाता है।

**■ मासिक शिवरात्रि** (18 दिसंबर, गुरुवार)
मासिक शिवरात्रि प्रत्येक महीने कृष्ण पक्ष की चतुर्दशी तिथि को मनाई जाती है। यह पर्व आत्मचिंतन, संयम और शिवत्व की अनुभूति का अवसर है। शिवपुराण और लिंगपुराण में मासिक शिवरात्रि को शिव साधना के लिए अत्यंत उपयुक्त बताया गया है। पौराणिक ग्रंथों में कहा गया है कि इसी तिथि की रात्रि में भगवान शिव योगनिद्रा में लीन होकर सृष्टि के संतुलन का संचालन करते हैं। शिवरात्रि में जागरण का विशेष महत्व है, क्योंकि यह आत्मा को अज्ञानरूपी अंधकार से बाहर निकालने का संकेत देता है। मासिक शिवरात्रि का व्रत विशेष रूप से उन लोगों के लिए फलदायी माना गया है, जो जीवन में स्थिरता, वैराग्य और मानसिक शांति की तलाश में हैं। इस दिन व्रत, रुद्राभिषेक और महामृत्युंजय का जप किया जाता है।



**■ दर्श अमावस्या** (19 दिसंबर, शुक्रवार)
दर्श अमावस्या का हिंदू पंचांग में विशेष महत्व है। यह वह अमावस्या है, जब चंद्रमा पूर्ण रूप से अदृश्य होता है और आकाश एक गहन शून्यता का बोध कराता है। मनुस्मृति और गरुड़ पुराण में दर्श अमावस्या को पितरों की तृप्ति और कुल परंपरा के स्मरण का दिन बताया गया है। पौराणिक मान्यता के अनुसार इस तिथि को पितृलोक और मृत्युलोक के बीच संपर्क सशक्त हो जाता है। इसलिए तर्पण, श्राद्ध और दान का विशेष महत्व है। कहा जाता है कि दर्श अमावस्या को किया गया जल-तर्पण पितरों तक सीधे पहुंचता है और वे संतुष्ट होकर वंशजों को आशीर्वाद देते हैं।

**■ चंद्र दर्शन** (21 दिसंबर, रविवार)
अमावस्या के बाद जब पहली बार चंद्रमा के दर्शन होते हैं, तब उसे शुभ संकेत माना जाता है। श्रीमद्भागवत और ब्रह्मवैवर्त पुराण में चंद्रमा को मन और भावनाओं का स्वामी बताया गया है। पौराणिक कथा के अनुसार चंद्रमा सोम का प्रतीक है, जो देवताओं को अमृत प्रदान करता है। चंद्र दर्शन से मन की चंचलता शांत होती है और भावनात्मक संतुलन स्थापित होता है। विशेष पर्वों के बाद चंद्र दर्शन करने की परंपरा इसी कारण से जुड़ी है।



---

**दिल्ली : महानगर : महाकवरेज**

# डिफेसमेंट मामले में कोर्ट के आदेश पर केस दर्ज

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली




**डिफेसमेंट की** शिकायत पर कोर्ट के आदेश पर दिल्ली पुलिस ने एक एफआईआर दर्ज की है। पुलिस ने राउज एवेन्यू की एक मैजिस्ट्रेट कोर्ट के आदेश पर यह कार्रवाई की। पुलिस ने 12 दिसंबर को अडिशनल चीफ जुडिशल मैजिस्ट्रेट पारस दलाल के समक्ष उनके आदेश के अनुपालन की रिपोर्ट पेश की। इसे आईपी एस्टेट पुलिस थाने के एसआई राहुल धामा ने तैयार किया और थाना प्रभारी के जरिए अदालत में पेश किया गया। रिपोर्ट में पुलिस ने कहा कि उसने अदालत के आदेश के अनुपालन में 11 दिसंबर को DPDP एक्ट की धारा 3 के तहत एफआईआर दर्ज की है, जिसमें आरोपी 'अज्ञात' है।

पुलिस ने यह रिपोर्ट शिव कुमार सक्सेना की शिकायत के संबंध में दायर की। इसमें शिकायतकर्ता ने कहा कि आरोपी व्यक्तियों ने प्रिवेंशन ऑफ डिफेसमेंट ऑफ पब्लिक प्रॉपर्टी एक्ट के तहत अपराध किए हैं क्योंकि वे सार्वजनिक जगहों पर लगे अवैध होर्डिंग्स और दीवारों पर लिखावट में शामिल थे और ऐसी अवैधता को बढ़ावा देने में सक्रियता रही। पुलिस ने अदालत से कहा था कि उसे डिफेसमेंट की शिकायत में कोई संज्ञेय अपराध नहीं मिला।

# मनाया गया कल्याणक महोत्सव

■ NBT न्यूज, नई दिल्ली

**तीर्थंकर जन्मकल्याणक** समारोह समिति द्वारा श्री चंद्रप्रभु दिगंबर जैन चैत्यालय धर्मपुरा में सोमवार को भगवान चंद्रप्रभु जी के जन्म व तप कल्याणक पर अभिषेक, पूजन, शांतिधारा, भजन कीर्तन आयोजित किया गया। अनिल जैन लिल्ली ने सभी का स्वागत किया। श्री दि. जैन पंचायती मंदिर मस्जिद खजूर में अहिंसा जैन ने भजन संध्या पेश की। समिति के अध्यक्ष कुलदीप जैन ने सभी का स्वागत किया। इस मौके पर नरेश जैन, राजीव जैन, दीपक जैन आदि मौजूद रहे। श्री दिगंबर जैन मंदिर डी-33 शकरपुर में भी चालीसा पाठ कर पालना झुलाया गया।

**मस्तकाभिषेक:** श्री दि. जैन मंदिर रामनगर शाहदरा में उपाध्याय श्री गुप्तिसागरजी के सान्निध्य में कल्याण मंदिर विधान, 108 कलशों से मस्तकाभिषेक तथा श्रीशांतिविधान आयोजित किया गया। भजन संध्या भी हुई। वहीं आचार्य श्री प्रसन्नसागरजी महाराज ससंघ का सोमवार को दिगंबर जैन मंदिर बाहुबली एन्क्लेव आगमन पर समाज ने भव्य स्वागत किया। श्री दिगंबर जैन मंदिर न्यू रोहतक रोड में पंडित नेमिचंद जैन के संयोजन में सोमवार को श्री कल्याण मंदिर स्तोत्र विधान आयोजित किया गया।

**रामकथा:** दिव्य ज्योति जागृति संस्थान द्वारा रामलीला ग्राउंड सेक्टर-21 रोहिणी में आयोजित रामकथा में साध्वी श्रेया भारती ने कहा कि राम जन्म और उनकी लीलाएं दोनों ही दिव्य हैं, वे तो सृष्टि के कण-कण में रमण करते हैं। बस उसकी अनुभूति करने की जरूरत है।

**सत्संग:** बटुक भैरव शक्तिपीठ मंदिर नेहरू पार्क, चाणक्यपुरी में सत्संग के अवसर पर पुरोहित राजेंद्र कुमार शर्मा ने कहा कि समय रहते अपने धन का सदा सदुपयोग कर लेना चाहिए। धन की तीन गति होती है, दान, उपभोग तथा विनाश।

# जिम्मेदारी से भाग रही है दिल्ली सरकार: कांग्रेस

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली: दिल्ली प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष देवेंद्र यादव ने कहा कि राजधानी दुनिया का सबसे प्रदूषित शहर बन गया है। एक तरफ दिल्ली के 40 एक्यूआई स्टेशनों में से 39 पर एक्यूआई 401 से अधिक रेड जोन में रहा और प्रदूषण नॉन स्टॉप बढ़ रहा है, लेकिन दिल्ली में बीजेपी की सरकार दिल्ली की सांसों को बचाने की बजाय प्रदूषण का तुलनात्मक आकलन कर, बचने की कोशिश कर रही है।

**राजधानी दुनिया का सबसे प्रदूषित शहर: देवेन्द्र यादव**

सरकार 2024 की तुलना में अब तक इस साल कम प्रदूषण बता रही है। बीजेपी सरकार को लोगों के स्वास्थ्य की जगह अपनी रिपोर्ट कार्ड की चिंता है, जबकि 14 दिसंबर को साल का सबसे अधिक एक्यूआई दर्ज हुआ है।

देवेन्द्र यादव ने कहा कि जब दिल्ली छोड़कर लोग दूसरे शहरों का रुख कर रहे हैं और पर्यावरणविद् लोगों को सलाह दे रहे हैं कि राजधानी की जहरीली हवा रहने लायक नहीं है। इसके लिए बीजेपी की रेखा गुप्ता सरकार जिम्मेदार है।

# एक ही दिन में पेंशनरों की शिकायतों का निपटारा

■ **NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली :** नॉर्दन रेलवे ने रिटायर्ड कर्मचारियों को बड़ी राहत देते हुए सोमवार को सभी मंडलों के साथ-साथ मुख्यालय में भी पेंशन अदालत का आयोजन किया। इसमें कुल 160 शिकायतें मिलीं और सभी 160 मामलों का निपटारा भी कर दिया गया। इन मामलों के समाधान के बाद पेंशनरों को कुल 1605510 रुपये की राशि का भुगतान किया गया। वहीं, लंबित मामलों के समाधान से पेंशनरों ने गहरा संतोष और प्रसन्नता व्यक्त की। कई पेंशनरों ने कहा कि इस तरह के शिविरों से उन्हें बिना किसी परेशानी के त्वरित न्याय और राहत मिलती है।


**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय,**
**एन०आर०ई०पी०,खूँटी**

**शुद्धि–पत्र**

पी.आर.सं०–368229(NREP)2025–26(D) के द्वारा प्रकाशित इस कार्यालय के अल्पकालीन ई. निविदा आमंत्रण सूचना संख्या– NREP/KHUNTI/F.-8/2025-26 दिनांक–08.12.2025 के द्वारा प्रकाशित में अपरिहार्य कारणों से निम्न प्रकार तिथि संशोधित किया जाता है:–

| | |
|---|---|
| वेबसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथि | 17.12.2025 2PM |
| ई–निविदा को अंतिम तिथि एवं समय | 27.12.2025 5PM |
| ई–निविदा की परिमाण विपत्र एवं एवं अग्रधन की राशि ऑनलाईन जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय | 27.12.2025 5PM |
| निविदा खोलने की तिथि–29.12.2025 को अपराह्न 1:00 बजे। | 29.12.2025 1PM |

निविदा की शेष शर्तें यथावत रहेगा।

कार्यपालक अभियंता,
एन०आर०ई०पी०,खूँटी।

PR 368642 (NREP) 25-26 (D)

**MCF नगर निगम फरीदाबाद**

**सीवर एवं वाटर सप्लाई कनेक्शन हेतु प्लंबर सूचीबद्ध विज्ञापन**

नगर निगम फरीदाबाद द्वारा **प्लंबर सूचीबद्ध** करने हेतु योग्य एवं अनुभवी व्यक्तियों / टीम से आवेदन आमंत्रित किए जाने हैं।

इच्छुक उम्मीदवार अपने आवेदन पत्र एवं आवश्यक दस्तावेज नगर निगम फरीदाबाद कार्यालय, बी.के. चौक, फरीदाबाद, हरियाणा के कार्यालय अवधि में जमा करा सकते हैं।

**अधिक जानकारी के लिए कृपया इस नंबर पर संपर्क करें। श्री नाजिम, जूनियर इंजीनियर +918375866768**

**कार्यकारी अभियंता ( मुख्यालय ),**
RO No.41160 **नगर निगम फरीदाबाद**

**दिल्ली राज्य नागरिक आपूर्ति निगम लिमिटेड**
**आपूर्ति भवन 7–9, आराम बाग, नई दिल्ली–110055**
**(एनसीटी की दिल्ली सरकार के अधीन संस्था)**

**ई प्रोक्योरमेंट निविदा सूचना**
**निविदा आई.डी संख्या**
**2025_डी.एस.सी.एस.सी_ 282680_1**

अग्रणी ठेकेदारों से दिल्ली / नई दिल्ली में स्थित लिकर वेंडस के खाली कार्टूनों की बिक्री / उठान के लिए 1 वर्ष के लिए निविदाएं आमंत्रित की जाती है। निविदा दस्तावेज वेबसाइट से **http://govtprocurement.delhi.gov.in** दिनांक 24.12.2025 दोपहर 11:30 तक डाउनलोड किये जा सकते है।

निविदा जमा करने की अंतिम तिथि व समय :
24-12-2025 को दोपहर 11:30 बजे तक

तकनीकी निविदा खुलने की तिथि व समय :
24-12-2025 को दोपहर 03:00 बजे तक

वित्तीय निविदा खुलने की तिथि व समय :
24-12-2025 को दोपहर 03:00 बजे तक

**एसडी /-**
**महा प्रबंधक**

DIP/Shabdarth/Classified/0372/25-26

**आरईसी पावर डेवलपमेंट एंड कंसल्टेंसी लिमिटेड**
(आरईसी लिमिटेड की पूर्ण स्वामित्व की सहायक कंपनी)

वैश्विक आमंत्रण (इलेक्ट्रॉनिक बोली के माध्यम से)

www.recindia.nic.in www.recpdcl.in

| क्र. सं. | परियोजना का नाम | स्पष्टीकरण मांगने की अंतिम तिथि | आरएफपी के उत्तर में प्रस्ताव जमा की अंतिम तिथि | आरएफपी प्रस्ताव खोलने का विवरण |
|---|---|---|---|---|
| 1. | 400 / 220 / 132 केवी एआईएस सबस्टेशन [illegible] की स्थापना | 08.01.2026 | 17.02.2026 1500 बजे तक (भा.मा.स) | 17.02.2026 को 1530 बजे (भा.मा.स) |

बोली प्रक्रिया समन्वयक: REC Power Development आरईसी पावर डेवलपमेंट एंड कंसल्टेंसी लिमिटेड
महाराष्ट्र सरकार
राज्य पारेषण उपक्रम महाराष्ट्र

ऊर्जा ही जीवन है, इसे बचाएं।
Give a missed call on toll free number 18002003004 to get our Apps

**REMEMBRANCE**
SHARING MEMORIES



3rd Death Anniversary
**MISS RENU SINHA**
16.12.2022

D/o Lt. Sh. & Smt. Paras Nath Sinha. People will forget, what U said & what U did. But peoples will never forget, how U made them feel, during many lives U touched at Jeewan Vigyaan Academy & The Heritage, when you alive. Remember : Sanjay (Brother), Batuk (Nephew) and Others.

**TIMES TRIBUTES**
**RATE CARD**

| Publications | Rates per sq. cms |
|---|---|
| TOID Capital + NBT (Delhi+NCR) | 1295 |
| TOID Full Run ## + NBT (Delhi+NCR) | 1360 |
| THE TIMES OF INDIA (Delhi+NCR) | 780 |
| THE TIMES OF INDIA (Delhi) Full Run## | 900 |
| NAVBHARAT TIMES (Delhi+NCR) | 595 |
| THE ECONOMIC TIMES (Delhi+NCR) | 715 |
| SANDHYA TIMES (Delhi) | 100 |

Rates effective 5th June 2019

▸ *Placement on specified obit pages only. ▸ This rate benefit is extended up till the size of 320 sq. cm only. ▸ ## Full run includes Delhi City + NCR (Including Gurgaon + Noida) + Chandigarh + Western U.P. + Uttarakhand ▸ TOI Capital (Delhi & NCR) Includes TOI Gurgaon & TOI Noida.

To place an Obituary announcement or Remembrance message please call
**Vinod: 9958992088**
**Pankaj : 8130604727**

**"HONOUR. COURAGE. BRAVERY.** Three words that you taught us. Three words that help us cope with your loss".

The silent joy of remembering a loved one.
The moments you shared together.
Little moments that make life beautiful.

Share them. With Friends. Relatives. Neighbours. Colleagues. With all those whose lives the departed Soul has touched. Because while life goes on, when you share memories, they stay on forever.

| Publications | Total Outlay |
|---|---|
| The Times of India Delhi/NCR | 5,600 |
| TOI+NBT (Delhi/NCR) | 8,800 |
| TOI+ET (Delhi/NCR) | 6,600 |

**REMEMBRANCE**
SHARING MEMORIES

For any information call
**Vinod : 9958992088**
**Pankaj : 8130604727**

CCI NG 3.7 Product: NBTDelhiBS PubDate: 16-12-2025 Zone: Mahanagar Edition: 2 Page: NBTMAFL1 User: cci Time: 12-15-2025 23:21 Color:



# केमिकल की बढ़ेगी निगरानी, खाद बेचने वालों पर नज़र

## लाल किला ब्लास्ट के बाद गृह विभाग ने दिया आदेश

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

**लाल किला** के पास हुए विस्फोट के बाद दिल्ली सरकार ने सार्वजनिक सुरक्षा को लेकर सख्त कदम उठाए है। गृह विभाग ने विकास विभाग के कृषि विंग को राजधानी मे लाइसेंस प्राप्त सभी कृषि खाद विक्रेताओं की जानकारी जुटाने के आदेश दिए है। यह कदम कृषि खाद की बिक्री, भंडारण और उपयोग के डेटा-आधारित निगरानी को लेकर उठाया गया है।

दरअसल कृषि खाद के निर्माण मे इस्तेमाल होने वाले कई रसायनों मे अमोनियम नाइट्रेट भी शामिल है, जो एक संवेदनशील रसायन माना जाता है। लाल किला ब्लास्ट मे इसका इस्तेमाल हुआ था। ब्लास्ट के बाद दिल्ली के LG वी.के. सक्सेना ने भी अधिकारियों को निर्देश दिए थे कि एक तय सीमा से अधिक मात्रा मे अमोनियम नाइट्रेट की खरीद-बिक्री करने वाली सभी इकाइयों का डिजिटल रिकॉर्ड रखा जाए। इस रिकॉर्ड मे संबंधित संस्थाओं की तस्वीरें और अन्य जरूरी जानकारियां भी शामिल होंगी।

एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि एकत्र किया गया यह डेटा भविष्य मे सार्वजनिक सुरक्षा के हित मे ठोस कदम उठाने के लिए इस्तेमाल किया जाएगा। अधिकारी के अनुसार, डेटा का किस तरह उपयोग किया जाएगा, यह पूरी रिपोर्ट आने के बाद किया जाएगा।

इस पहल को सार्वजनिक सुरक्षा के लिहाज से अहम माना जा रहा है, क्योंकि इससे खतरनाक रसायनों के दुरुपयोग को शुरुआती स्तर पर पहचान कर उसे रोका जा सकेगा।

### लाल किला ब्लास्ट : दो आरोपियों की रिमांड बढ़ी

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली: पटियाला हाउस कोर्ट मे स्थित विशेष NIA अदालत ने फरीदाबाद निवासी शोएब और जम्मू कश्मीर के बारामूला जिले के निवासी डॉ. नसीर बिलाल मल्ला की रिमांड और चार दिनों के लिए बढ़ा दी। शोएब पर लाल किले के पास कार मे विस्फोट करने वाले उमर-उन-नबी को पनाह देने का आरोप है।

जांच एजेंसी ने सोमवार को कड़ी सुरक्षा के बीच शोएब को पटियाला हाउस कोर्ट मे पेश किया। NIA ने नसीर की सात दिन की रिमांड अवधि खत्म होने के बाद उसे अदालत मे पेश किया गया। आरोपियों को प्रिंसिपल डिस्ट्रिक्ट एंड सेशन जज अंजू बजाज चांदना के समक्ष पेश किया गया, जिन्होंने जांच एजेंसी को शोएब और नसीर से चार और दिनों तक रिमांड मे पूछताछ करने की इजाजत दी। डॉ. नसीर NIA द्वारा गिरफ्तार किया गया आठवां आरोपी है।



जांच एजेंसी ने कड़ी सुरक्षा के बीच पटियाला हाउस कोर्ट मे पेश किया

### आज से पब्लिक के लिए खुलेगा लाल किला


■ **NBT रिपोर्ट, लाल किला :** लाल किला मंगलवार से आम जनता के लिए खुल रहा है। यूनेस्को के 'अमूर्त सांस्कृतिक विरासत की सुरक्षा' के 20वें सत्र का आयोजन लाल किला मे 5 से 14 तारीख तक हुआ था। आर्कियोलॉजिकल सर्वे ऑफ इंडिया दिल्ली सर्कल के सुपरिटेंडेंट आर्कियोलॉजिस्ट (SA) डॉ. आरके पटेल ने कहा कि लाल किले मे '1857 आजादी', 'नेताजी सुभाष चंद्र बोस' और याद-ए- जलियां सहित 4 म्यूजियम भी पब्लिक के लिए मंगलवार से खुलने जा रहे है। ये मरम्मत कार्यों के कारण पिछले दो महीने से बंद थे।

# हवाला से विदेश रकम भेज रहा था सिंडिकेट, एक अरेस्ट

## ड्रग्स से जुड़े आरोपी भी हुए अरेस्ट

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

AI Image



**कई राज्यों** मे साइबर ठगी करने के बाद रकम को हवाला के जरिए विदेश भेजने वाले सिंडिकेट से जुड़े एक मेंबर को क्राइम ब्रांच ने गिरफ्तार किया है। इसकी शिनाख्त दीपांशु के तौर पर हुई है, जो लखनऊ के मोहनलाल गंज का रहने वाला है। पुलिस ने इसका फोन जब्त कर फरेंसिक जांच के लिए भेज दिया है। इस ऑपरेशन के दौरान पुलिस के हत्थे नशे के केस मे वॉन्टेड आरोपी ऋषभ सिंह भी चढ़ गया। जांच मे खुलासा हुआ कि दीपांशु जिस मकान मे फरारी काट रहा था, उसे ऋषभ ने किराए पर लिया था।

**61 साल के बुजुर्ग ने ठगी की ऑनलाइन दी थी शिकायत**

DCP (क्राइम) आदित्य गौतम के मुताबिक, 61 साल के बुजुर्ग ने इन्वेस्टमेंट के नाम पर 33 लाख 10 हजार रुपये की ठगी की ऑनलाइन शिकायत दी थी। साइबर सेल ने तफ्तीश के बाद कई राज्यों मे सक्रिय साइबर-हवाला सिंडिकेट का पता लगाया, जिसके तार विदेश से जुड़े है। टेक्निकल और फाइनैंशल छानबीन मे ठगी की रकम कई बैंक खातों मे भेजने का खुलासा हुआ। शेल कंपनियां खोली गई थी, जिसमे बेलब्रेन्ट इंडिया प्राइवेट लिमिटेड के खाते मे 10 लाख 68 हजार गए थे। शुरुआती जांच के बाद पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार किया था। इनसे पूछताछ मे साइबर-हवाला सिंडिकेट के प्रमुख ऑपरेटर दीपांशु का नाम सामने आया। ACP अनिल शर्मा की देखरेख मे इंस्पेक्टर अशोक, SI भगवती, HC प्रवीण, रजत और हितेन की टीम को इसके लखनऊ मे छिपे होने की जानकारी मिली। पुलिस ने आधी रात को रेड कर इसे मोहनलालगंज से दबोच लिया।

### नशे के केस में वॉन्टेड भी चढ़ गया हत्थे

**पुलिस अफसरों** के मुताबिक, लखनऊ के मोहनलालगंज एरिया मे लगातार निगरानी के दौरान स्पेशल सेल मे इस साल दर्ज NDPS के केस मे वॉन्टेड अपराधी ऋषभ सिंह की मौजूदगी का भी पता चला। यह भी खुलासा हुआ कि यह गिरफ्तारी से बच रहा था और वहीं से अपने धंधे को ऑपरेट कर रहा था। पुलिस ने आरोपी दीपांशु के साथ ही ऋषभ को भी दबोच लिया।

### अज्ञात महिला का मिला शव

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली: यमुना ब्रिज के पास 25 साल की एक महिला का शव मिला। उसके चेहरे और पैर पर चोट के निशान है। आशंका है कि कोहरे की वजह से ट्रेन की चपेट मे आने से उनकी मौत हुई है। महिला के पास से कोई दस्तावेज नहीं मिला है जिससे उसकी पहचान हो सके। पुलिस ने महिला की पहचान के लिए दिल्ली के सभी थानों के अलावा हरियाणा और यूपी पुलिस को शव मिलने की जानकारी दे दी है।

**यमुना ब्रिज के पास मिला**


### रिटायर्ड फौजी की एक्सिडेंट मे मौत

■ **NBT न्यूज, द्वारका:** द्वारका नॉर्थ थाना इलाके मे 13 दिसंबर को एक्सिडेंट मे रिटायर्ड फौजी की मौत हो गई। उनकी पहचान इंद्रपाल (76) के रूप मे हुई है। वह राजस्थान अपार्टमेंट, द्वारका सेक्टर-4 मे रहते थे।

# किडनैपिंग के बाद दोस्त ने की हत्या, नहर में फेंका

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

AI Image



**रोहिणी स्थित** हैदरपुर वॉटर ट्रीटमेंट प्लांट मे 21 साल के युवक का शव मिला। युवक के हाथ पांव बांधकर हत्या की गई थी। शव को नहर मे लाकर फेंका गया। केएन काटजू पुलिस ने मर्डर का केस दर्ज कर युवक की पहचान करने की कोशिश की। इस बीच सोनीपत जिले की पुलिस ने शव की पहचान की और हत्या के केस को सुलझा दिया।

**पैसों के लेनदेन को लेकर दोस्तों के बीच हुई थी कहासुनी**

डीसीपी रोहिणी राजीव रंजन के मुताबिक, 11 दिसंबर की देर रात करीब 10 बजे केएन काटजू थाने को कॉलर ने बताया कि हैदरपुर नहर वॉटर ट्रीटमेंट प्लांट मे एक यंग लड़के की डेड बॉडी फंसी है। इस सूचना पर तुरंत मौके पर पुलिस पहुंची। कॉलर और प्लांट के स्टाफ ने बॉडी को पहले ही बाहर निकाल लिया था। जांच मे युवक की पहचान गांव गोपला खुर्द, थाना बरोली, जिला सोनीपत निवासी 21 वर्षीय आदित्य के तौर पर की। सोनीपत पुलिस को तफ्तीश मे मालूम चला कि आदित्य की हत्या 20 हजार की लेनदेन मे दोस्त ने की थी जिसे पकड़ लिया गया।

### घर के बाहर पिस्टल लहराता बदमाश CCTV में हुआ कैद

■ **NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली:** संगम विहार इलाके मे देर रात एक शख्स के घर के बाहर पिस्टल लहराते दो बदमाश CCTV कैमरे मे कैद हो गए। पीड़ित का आरोप है कि पड़ोस मे रहने वाले शख्स ने ही बदमाशों को उस पर हमला करने के मकसद से बुलाया था। पुलिस ने इस मामले मे केस दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है।

पुलिस को दी शिकायत मे राधेश्याम ने बताया कि वह संगम विहार मे सर्वोदय विद्यालय के पास परिवार के साथ रहते है। उन्होंने कहा कि वह अपने प्लॉट का एक हिस्सा बेचना चाहते थे। इसी दौरान पड़ोस मे रहने वाला शख्स इसे खरीदना चाहता था लेकिन उन्होंने किसी दूसरे को बेच दिया। इसी बात से पड़ोसी नाराज हो गया और उन्हें धमकियां देने लगा। धमकियों से परेशान होकर राधेश्याम ने घर के बाहर CCTV कैमरा लगवा लिया। उन्होंने बताया कि 14 दिसंबर की रात करीब 2 बजे अचानक शोर सुनकर जब उन्होंने CCTV फुटेज देखी तो दो युवक घर के बाहर खड़े दिखाई दिए। इनमे से एक के हाथ मे पिस्टल थी और वह उनके घर की तरफ निशाना साध रहा था।

**पुलिस ने आरोपियों की तलाश शुरू की**

### DDA पार्क के पास मिला महिला का शव

■ **NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली :** साउथ डिस्ट्रिक्ट के मालवीय नगर इलाके मे स्थित डीडीए पार्क के पास एक महिला का शव मिला है। चेहरे पर चोट के निशान है। पुलिस के अनुसार मृतका की उम्र 30 से 35 साल के बीच है। पुलिस के अनुसार 13 दिसंबर की सुबह पुलिस को सूचना मिली थी कि मालवीय नगर स्थित डीडीए पार्क के पास एक महिला का शव पड़ा है। पुलिस मौके पर पहुंची और घटना की जानकारी वरिष्ठ अधिकारियों को दी। इसके बाद क्राइम और फरेंसिक टीम को बुलाया गया। टीम ने साक्ष्य जुटाए। पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए मोर्चरी मे भेज दिया है और पहचान की कोशिश कर रही है। महिला के सिर पर गंभीर चोट के निशान पाए गए है। पुलिस सूत्रों का कहना है कि चोटों को देखकर आशंका जताई जा रही है कि महिला को किसी मवेशी ने काटा हो। हालांकि सही कारण पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट आने के बाद ही पता चलेगा।

**मृतका की उम्र 30 से 35 साल के बीच है**

# लैप्स पॉलिसी के नाम चला रहे थे कॉल सेंटर, 32 पकड़े

■ NBT रिपोर्ट, सराय रोहिल्ला

AI Image



**बीमा पॉलिसी** स्कीम के फायदे और एजेंट कमिशन के रिफंड का लालच देकर ठगी करने वाले एक फर्जी कॉल सेंटर का भंडाफोड़ किया है। पुलिस ने 3 मास्टरमाइंड आरोपियों को गिरफ्तार किया है। साथ मे 29 टेली-कॉलर को पूछताछ के लिए हिरासत मे लिया है। पुलिस ने पकड़े गए मास्टरमाइंड आरोपियों की पहचान नजर अब्बास, रवि और विकी ठाकुर के रूप मे हुई है। पुलिस ने इनके पास से 45 मोबाइल, लैपटॉप, भारी मात्रा मे कस्टमर रिकॉर्ड और 3.5 लाख रुपये कैश बरामद किया है। पुलिस आरोपियों से पूछताछ कर मामले की छानबीन कर रही है।

**पुलिस ने 45 मोबाइल, लैपटॉप, 3.5 लाख रुपये बरामद किए**

नॉर्थ जिला डीसीपी राजा बांठिया के मुताबिक, 9 दिसंबर को सराय रोहिल्ला थाना पुलिस को गुप्त सूचना मिली कि दिल्ली के शास्त्री नगर मे एक फर्जी कॉल सेंटर चल रहा है। सूचना मिलते ही SHO विकास राणा और उनकी टीम पहुंची। टीम ने कॉल सेंटर के बारे मे जानकारी जुटाई और शास्त्री नगर इलाके के एक घर मे छापा मारा। यहां टीम को बड़ी संख्या मे लोग ग्राहकों से फोन पर बात करते हुए मिले। कॉल सेंटर के मालिक की पहचान नजर अब्बास के रूप मे हुई। पुलिस ने उससे कॉल सेंटर के दस्तावेज मांगे, लेकिन वह दस्तावेज नहीं दिखा पाया।


## दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेसवे, EPE, DME और NH-9 पर हादसों में कई घायल

# 40+ गाड़ियां भिड़ीं, 3 मौतें

■ NBT न्यूज, नूंह


**जिले में** पिनगवां थाना क्षेत्र के गांव रनियाला के पास दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेसवे पर घने कोहरे के चलते एक के बाद एक दर्जनों वाहन आपस में भिड़ गए। इस हादसे दो लोगों की दर्दनाक मौत हो गई। वहीं, 2 दर्जन से अधिक लोग घायल हो गए। हादसे के बाद मौके पर चीख पुकार मच गई। सूचना पर मौके पर पहुंचे NHAI कर्मचारी और पुलिस की टीम ने घायलों को गाड़ी से निकाला और अस्पताल पहुंचाया। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, हादसा सुबह करीब साढ़े 5 बजे हुआ, लेकिन पुलिस और हाइवे की टीम करीब 8 बजे घटनास्थल पर पहुंची।

जानकारी के मुताबिक, सोमवार सुबह अधिक धुंध होने से दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेसवे पर अलवर की तरफ से आ रहे दो डंपर गांव रनियाला पटाकपुर के पास हादसे का शिकार हो गए। जिसके बाद वे सड़क पर खड़े हो गए। इसके कुछ देर बाद ही एक के बाद एक गाड़ियां पीछे से टकराने लगीं। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि हाइवे पर 20 गाड़ियां आपस में टकराने से बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गईं। हादसे में CISF के एक इंस्पेक्टर और एक बिजनेसमैन की मौत हो गई। वहीं दो दर्जन से अधिक लोग घायल हो गए। CISF इंस्पेक्टर की मौत की खबर सुनते ही उनकी बटालियन के दर्जनों जवान नलहड़ मेडिकल कॉलेज पहुंच गए और उनका पोस्टमॉर्टम कराया। डीएसपी ने बताया कि परिजनों की शिकायत के आधार पर कार्रवाई की जा रही है।




सबसे पहले दो डंपर भिड़े, फिर बाकी गाड़ियां

### ट्रक में घुसी इंस्पेक्टर की कार



इंस्पेक्टर हरीश शर्मा (CISF) की गई जान

डीएसपी अभिमन्यु लोहान के मुताबिक, राजस्थान के अलवर जिले के अंबेडकर नगर निवासी CISF इंस्पेक्टर हरीश शर्मा (46) अपनी कार से ड्यूटी पर दिल्ली जा रहे थे। जब वह गांव रनियाला पटाकपुर के समीप पहुंचे तो घने कोहरे के कारण उनकी गाड़ी सामने खड़े ट्रक में घुस गई। जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई।




### एक्सप्रेसवे-NH पर भिड़ीं 20+ गाड़ियां

■ **NBT रिपोर्ट, गाजियाबाद:** हापुड़ के धौलाना क्षेत्र में सोमवार देर रात धुंध की वजह से कंटेनर ने बाइक में टक्कर मार दी। इसमें एक युवक की मौत हो गई जबकि तीन घायल हो गए। वहीं, सोमवार सुबह गाजियाबाद के वेव सिटी एरिया में ईस्टर्न पेरिफेरल एक्सप्रेसवे (**EPE**) पर 10 वाहन आपस में टकरा गए। उधर मेरठ एक्सप्रेसवे (**DME**) और **NH-9** पर 10 से ज्यादा गाड़ियां टकराईं। हादसे में महिला समेत तीन लोग घायल हो गए।


# मैनहोल के सफाईकर्मियों की सुरक्षा होगी पुख्ता, SOP जारी

## एक करोड़ रुपये तक का इंश्योरेंस होगा जरूरी

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

**दिल्ली में** सीवर लाइन और मैनहोल की सफाई के दौरान होने वाले हादसों को रोकने के लिए दिल्ली सरकार ने कुछ कड़े कदम उठाए हैं। PWD ने मैनहोल की सफाई और सड़क की मरम्मत जैसे कामों के लिए एक विस्तृत एसओपी जारी की है। इसके तहत अब मजदूरों को बिना सुरक्षा इंतजामों के मैनहोल में उतरने की अनुमति नहीं होगी। इतना ही नहीं, SOP के तहत ठेकेदारों के लिए बीमा पॉलिसी लेना भी अनिवार्य कर दिया गया है। इसमें सामग्री, सार्वजनिक देयता, थर्ड पार्टी देयता और श्रमिक मुआवजा शामिल होगा। बीमे की न्यूनतम राशि एक करोड़ रुपये तय की गई है।

**बिना सुरक्षा इंतजाम मैनहोल में उतरने की नहीं होगी इजाजत**



File Photo

SOP के अनुसार, मैनहोल में काम शुरू करने से पहले अंदर की हवा की जांच करना अनिवार्य होगा। मीथेन जैसी ज्वलनशील और हाइड्रोजन सल्फाइड व कार्बन मोनोऑक्साइड जैसी जहरीली गैसों की मौजूदगी पाए जाने पर काम तुरंत रोका जाएगा। मैनहोल के भीतर ऑक्सीजन का स्तर कम से कम 19.5 प्रतिशत होना जरूरी होगा। मैनहोल को पहले पूरी तरह वेंटिलेट किया जाएगा और कार्यस्थल के आस-पास के इलाके को घेराबंदी करके सुरक्षित किया जाएगा। काम में शामिल मजदूरों को हेलमेट, दस्ताने, सेफ्टी हार्नेस और जरूरत पड़ने पर ब्रीदिंग एपरेटस सहित सभी आवश्यक सामग्री और पीपीई किट भी ठेकेदारों को उपलब्ध करानी होगी। मैनहोल में काम केवल उन्हीं वर्करों से कराया जाएगा, जिन्हें बंद सीमित जगह में काम करने और रेस्क्यू की विशेष ट्रेनिंग मिली हो। हर काम के लिए परमिट टू वर्क सिस्टम लागू किया जाएगा और मौके पर एक प्रशिक्षित सेफ्टी ऑफिसर की मौजूदगी भी अनिवार्य होगी।

सुरक्षा व्यवस्था को और मजबूत करने के लिए मैनहोल में हमेशा दो मजदूरों के एक साथ काम करने का प्रावधान किया गया है, ताकि आपात स्थिति में तुरंत मदद मिल सके। इसके साथ ही अंदर और बाहर मौजूद कर्मचारियों के बीच संपर्क बनाए रखने के लिए टू-वे रेडियो कम्युनिकेशन उपकरणों की भी व्यवस्था करनी होगी। मैनहोल के भीतर पर्याप्त रोशनी का इंतजाम भी करना होगा।

## 'एक्स्ट्रा मैरिटल अफेयर आत्महत्या का आधार नहीं'

■ **NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली:** दिल्ली हाई कोर्ट ने पत्नी की आत्महत्या के मामले में एक व्यक्ति को निचली अदालत द्वारा बरी करने के फैसले को यह कहते हुए बरकरार रखा है कि पति का एक्स्ट्रामैरिटल अफेयर होना मात्र अपराध के लिए कसूरवार ठहराने के लिए काफी नहीं है। कोर्ट ने गौर किया कि दंपती सुखी जीवन जी रहा था, इसलिए दहेज की मांग का आरोप उसे न तो मरोसेमंद लगा और न ही अभियोजन पक्ष द्वारा किसी भी तरह से साबित हुआ था। जस्टिस विवेक चौधरी और जस्टिस मनोज जैन की बेंच ने 12 दिसंबर के अपने फैसले में, अभियोजन पक्ष की अपील को खारिज कर दिया, जिसमें हामिद के बरी होने को चुनौती दी गई थी। उसकी पत्नी ने नवंबर 2010 में खुदकुशी कर ली थी और हामिद पर उसे आत्महत्या के लिए उकसाने का आरोप था।



AI Image

## एडमिशन को लेकर दिशा-निर्देश जारी

■ **NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली:** दिल्ली सरकार ने अकैडमिक सेशन 2026-27 के लिए सभी प्राइवेट स्कूलों से कहा है कि वो नर्सरी, केजी और क्लास-1 में प्रवेश कोटे की सीटों की जानकारी 20 दिसंबर तक दें। इकनॉमिकली वीकर सेक्शन/डिसएडवांटेज ग्रुप/चिल्ड्रन विद स्पेशल नीड्स (EWS/DG/CWSN) श्रेणी के तहत प्रवेश प्रक्रिया को लेकर दिल्ली शिक्षा निदेशालय ने दिशा-निर्देश जारी किए हैं। यह प्रक्रिया प्राइवेट स्कूलों (अल्पसंख्यक स्कूलों को छोड़कर) में नर्सरी, केजी और क्लास-1 के प्रवेश के लिए लागू होगी।

**EWS/DG/CWSN कैटिगरी के एडमिशन का मामला**

निर्देशों के अनुसार, किसी भी क्लास में EWS/DG कैटिगरी की सीटें कुल सीटों में से कम से कम 25 प्रतिशत होंगी। यह संख्या पिछले तीन अकैडमिक सेशन में घोषित सबसे अधिक सीटों से कम नहीं होनी चाहिए। शिक्षा निदेशालय ने सभी जिलों के डिप्टी एजुकेशन डायरेक्टर (डीडीई) को स्कूलों की सही जीपीएस लोकेशन उपलब्ध कराने के निर्देश दिए हैं, जिससे स्कूल अलॉट करने में दूरी से जुड़ी किसी तरह की समस्या न हो।

# दवाओं के अवैध कारोबार पर की 'सर्जिकल स्ट्राइक'

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

**नकली और** अवैध ड्रग्स कारोबार के खिलाफ दिल्ली सरकार के ड्रग्स कंट्रोल डिपार्टमेंट ने सोमवार को भागीरथ पैलेस में स्पेशल इंस्पेक्शन और एनफोर्समेंट ड्राइव चलाई। 27 ठिकानों पर छापेमारी की गई। 10 से ज्यादा दवा फर्म नियमों का उल्लंघन करते पाए गए। इस दौरान 204 सैंपल उठाए गए हैं। जिन्हें जांच के लिए भेज दिया गया है। दिल्ली सरकार के अनुसार जो दवा फर्म नियमों का उल्लंघन करते पाए गए, उनके खिलाफ ड्रग्स एंड कॉस्मेटिक्स एक्ट और रूल्स के कड़े प्रावधानों के अंतर्गत कार्रवाई शुरू कर दी गई है।

**27 ठिकानों पर छापेमारी, 204 सैंपल उठाए गए**

जानकारी के अनुसार, एक दुकान पर बिना वैध लाइसेंस के मेडिकल डिवाइस और सर्जिकल आइटम बेचे जा रहे थे। संबंधित फर्म के खिलाफ केस दर्ज कर नियमानुसार कार्रवाई की जा रही है। इससे पहले क्राइम ब्रांच के साइबर सेल से मिली जानकारी के आधार पर ड्रग्स कंट्रोल डिपार्टमेंट और दिल्ली पुलिस की जॉइंट टीम ने सदर बाजार के तेलीवाड़ा में एक दवा ट्रेडिंग बिल्डिंग पर देर रात छापा मारा। इस ऑपरेशन में एक दवा व्यापारी के पास से बड़ी मात्रा में नकली और मिलावटी दवाएं और एंटी-फंगल क्रीम की बड़ी खेप बरामद की गई। जांच में पाया गया कि यह जगह बिना वैध ड्रग लाइसेंस के चलाई जा रही थी। इसका इंचार्ज कोई भी खरीद या बिक्री का वैध रिकॉर्ड पेश नहीं कर सका। फिजिकल वेरिफिकेशन में बिक्री और डिस्ट्रीब्यूशन के लिए बड़ी मात्रा में नकली ब्रैंडेड टॉपिकल फॉर्मूलेशन्स के बड़े स्टॉक भी मिले। स्वास्थ्य मंत्री डॉक्टर पंकज कुमार सिंह ने कहा कि शहर भर में ऐसे अभियान जारी रहेंगे।



AI Image

# एप्लिकेशन फॉर्म जमा करने के बाद उसमें सुधार की इजाज़त नहीं : HC

Prachi.Yadav@timesofindia.com

■ **NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली:** दिल्ली पुलिस में कॉन्स्टेबल (एग्जीक्यूटिव) के पद के लिए मंगाए गए आवेदन में सुधार करने की कैंडिडेट को इजाजत देने से दिल्ली हाई कोर्ट ने इनकार कर दिया। कोर्ट ने कहा कि किसी भी एग्जाम के उम्मीदवार से यह उम्मीद की जाती है कि वह ऑनलाइन आवेदन जमा करने से पहले डिटेल्स को वेरिफाई करे और जरूरी सुधार करे। किसी उम्मीदवार को यह कहते हुए कोर्ट में आने की इजाजत नहीं दी जा सकती कि उसे अपनी गलती का अहसास तब हुआ जब वह क्वालिफाई नहीं कर पाया।



AI Image

जस्टिस नवीन चावला और जस्टिस मधु जैन की बेंच को निशा खान की याचिका में कोई मेरिट नजर नहीं आया। खान ने कैट के आदेश को यहां चुनौती दी थी, जिसने उनके आवेदन को 2023 में खारिज कर दिया था। SSC ने 2020 को दिल्ली पुलिस में कॉन्स्टेबल (एग्जीक्यूटिव) पुरुष/महिला के पद पर भर्ती के लिए ऑनलाइन आवेदन मंगाए थे। याचिकाकर्ता के मुताबिक, उसने साइबर कैफे से फॉर्म भरा था। नेटवर्क की भी समस्या थी। उसने गलती से कॉलम नंबर 15 में 'नहीं' के बजाय 'हां' और कॉलम नंबर 16 में 'हां' के बजाय 'नहीं' लिख दिया। PEMT के दौरान, याचिकाकर्ता ने दौड़, लंबी कूद और ऊंची कूद इवेंट्स में क्वॉलिफाई किया। हालांकि, उसकी ऊंचाई 154.5 cm आई, जो 157 cm की मानक ऊंचाई से कम थी, हालांकि, पुलिसकर्मी की बेटी होने की वजह से उसे ऊंचाई में छूट देकर योग्य घोषित किया गया। लेकिन, उसी दिन उसे दिल्ली पुलिस के अधिकारियों ने बताया कि उसने अपने आवेदन में दो कॉलम गलत भरे हैं। लिहाजा, 2021 में उसे ऊंचाई कम होने के आधार अयोग्य घोषित कर दिया गया।

## बीच सड़क कॉन्स्टेबल ने बदमाश को दबोचा

■ **NBT न्यूज, कीर्ति नगर:** जिस वॉन्टेड बदमाश ऋषि की तलाश शालीमार बाग, मौर्य नगर, मायापुरी सहित कई टीमें को थी, उसको कीर्ति नगर थाना के एक कॉन्स्टेबल नवीन ने अकेले बीच सड़क पर दबोचकर जेल पहुंचा दिया है। कोर्ट में पेश करने के बाद उसे न्यायिक हिरासत में तिहाड़ भेज दिया गया। गिरफ्तार वॉन्टेड बदमाश ऋषि अब तक दिल्ली के 16 थाना इलाकों में 40 से ज्यादा वारदात को अंजाम दे चुका है। डीसीपी वेस्ट शरद भास्कर के अनुसार, सड़कों पर फर्राटा भरने वाली चोरी की KTM बाइक सहित 2 टू व्हीलर बरामद किए गए हैं।

**बदमाश 40 से ज्यादा वारदात को अंजाम दे चुका है**

## मेसी ने स्पेनिश में किया दोबारा मिलने का वादा

# 'ग्रासियस दिल्ली, जल्द मिलते हैं...'

(Gracias: Spanish for Thank you)

Rupesh.Singh@timesofindia.com

Photos: Sunil Kataria, PTI

■ **नई दिल्ली:** लियोनेल मेसी के बहुप्रतीक्षित 'GOAT इंडिया टूर' की शुरुआत भले ही अव्यवस्थित ढंग से हुई हो लेकिन इसका समापन दिल्ली में शानदार तरीके से हुआ। खराब मौसम ने मेसी की उड़ान में हुई देरी ने उनकी झलक पाने के लिए दोपहर से स्टेडियम में बैठे फैंस का इंतजार बढ़ाया।

मेसी ने स्पेनिश भाषा में अपने संक्षिप्त संबोधन में कहा, 'ग्रासियस दिल्ली! हास्ता प्रोंतो (धन्यवाद दिल्ली, जल्द मिलते हैं)'। स्टेडियम में मौजूद अधिकांश लोग स्पेनिश भाषा को नहीं समझते थे लेकिन इसके बावजूद मेसी के इन शब्दों ने दर्शकों में एक ऐसी ललक और उत्साह पैदा कर दिया जो पहले शायद ही कभी देखा गया हो।

**क्रिकेट स्टेडियम में फुटबॉल की गूंज:** आज तक जो स्टेडियम अपने क्रिकेट स्टार्स के नारों से महकता रहा था वह अरुण जेटली क्रिकेट स्टेडियम मेसी..मेसी के शोर में डूबा रहा। मेसी का दीदार करने उमड़ी हजारों की भीड़ के साथ ही मैदान के अंदर मौजूद कुछ भारतीय हस्तियां और गणमान्य व्यक्ति फुटबॉल के मौजूदा दौर के सबसे बड़े सितारे की मेजबानी के उत्साह में सराबोर थे।

**लोगों ने देखी लेफ्ट फुट की ताकत:** स्टेडियम पहुंचने के बाद मेसी ने फुटबॉल जर्सी में वहां मौजूद जूनियर फुटबॉलर्स के साथ कुछ वक्त गुजारा और फिर स्टेडियम का चक्कर लगाने लगे। मेसी और इंटर मियामी टीम उनके साथी लुइस सुआरेज और रोड्रिगो डी पॉल ने स्टेडियम का चक्कर लगाते-लगाते कुल 12 बॉल दर्शकों की तरफ दागे। उनके एक किक पर जब गेंद स्टेडियम के दूसरे टीयर पर चली गई तो लोग उनके लेफ्ट फुट की ताकत देख दंग रह गए। मेसी ने खिलाड़ियों के मैच को भी देखा और बच्चों के साथ थोड़ी देर फुटबॉल भी खेली। मेसी ने इस दौरान मिनर्वा अकैडमी फुटबॉल टीम का भी सम्मान किया। मेसी करीब 30 मिनट मैदान पर मौजूद रहे, लेकिन यह तय है कि उनके ये 30 मिनट दिल्ली के क्रिकेट/फुटबॉल फैंस के जहन में ताउम्र ताजा रहेंगे।




**क्रिकेट स्टेडियम में फुटबॉल का जादू:** मेसी के आते ही मानो क्रिकेट स्टेडियम के आसपास की सड़कें फुटबॉल फेस्टिवल में बदल गई हों। सबकी आंखें अर्जेंटीना के इस महान खिलाड़ी के इंतजार में थीं।



मेसी करीब 30 मिनट मैदान पर मौजूद रहे और इस बीच उन्होंने कुल 12 बॉल दर्शकों की तरफ उछाली



CM रेखा गुप्ता, ICC चेयरमैन जय शाह ने क्रिकेट बैट देकर किया मेसी का स्वागत



**जाम से परेशानी:** स्टेडियम के अंदर मेसी के कार्यक्रम खत्म होने के बाद दर्शकों के बाहर निकलते ही हालात और भी खराब हो गए थे।

## मेसी के दीवानों की भीड़, कई जगह लगा जाम

■ **NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली:** दिल्ली NCR में रहने वाले लोग अपने चहेते फुटबॉलर लियोनेल मेसी की एक झलक पाने के लिए बड़ी संख्या में फिरोजशाह कोटला ग्राउंड में अरुण जेटली स्टेडियम पहुंच गए। भीड़ की वजह से दोपहर बाद से देर शाम तक दिल्ली गेट, कोटला ग्राउंड के आसपास की सड़कों के साथ आईटीओ और राजघाट इलाके में ट्रैफिक की रफ्तार थम सी गई। ट्रैफिक पुलिस ने पहले से ही कई सड़कों पर ट्रैफिक डायवर्जन लागू कर रखा था और कुछ रास्तों पर गाड़ियों की एंट्री बंद की गई थी। स्टेडियम के अंदर कार्यक्रम खत्म होने के बाद दर्शकों के बाहर निकलते ही हालात और भी खराब हो गए। पार्किंग तक पहुंचने के बाद लोगों को काफी देर तक अपनी गाड़ियों में ही बैठकर इंतजार करना पड़ा। मेसी के कार्यक्रम के चलते सोमवार शाम वायलेट लाइन के दिल्ली गेट और ITO मेट्रो स्टेशन पर यात्रियों की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। यात्रियों को काफी देर तक कतार में खड़ा रहना पड़ा।



## मेसी का जुनून, फैन्स का हुजूम

Abhishek.Gautam1
@timesofindia.com

■ **नई दिल्ली :** सुबह अभी पूरी तरह से हुई भी नहीं थी, लेकिन दिल्ली की सड़कों पर जोश पूरी तरह जाग चुका था। हर तरफ एक ही नाम मेसी मेसी मेसी। अरुण जेटली स्टेडियम के बाहर सुबह से फैंस का हुजूम लगना शुरू हो गया है। कोई खुद की गाड़ी से पहुंचा तो कोई मेट्रो के जरिए। जोश का पारा इतना हाई था कि स्टेडियम के आसपास की सड़कें मानो फुटबॉल फेस्टिवल में बदल गई हों। कोई हाथों में पोस्टर लेकर पहुंचा तो कोई मेसी के नंबर-10 वाली टी-शर्ट पहने पहुंचा।

लियोनेल मेसी 'GOAT टूर इंडिया 2025' के आखिरी चरण में सोमवार को दिल्ली पहुंचे। उनकी एक झलक के लिए सुबह से ही अरुण जेटली स्टेडियम में फैंस की कतारें लग गई थीं। स्थिति यह थी कि कोई डीटीसी की बस से कई किलोमीटर दूर से आया तो कोई फ्लाइट से एक दिन पहले ही दिल्ली पहुंच गया। मणिपुर से आए गुलशन ने बताया कि वह मेसी के बहुत बड़े फैन हैं। उनकी एक झलक के लिए वह मणिपुर से बाकायदा फ्लाइट लेकर दिल्ली पहुंचे। वह अपने दोस्त के साथ आए। उन्होंने बताया कि मेसी को देखने के लिए करीब 40 हजार रुपये खर्च किए हैं। रोहिणी के रहने वाले लव की उम्र 15 साल है। वह फुटबॉल प्लेयर हैं। उन्होंने बताया कि वह मेसी को देखने के लिए स्कूल और ट्यूशन से बंक मारा है।



मेसी की एक झलक के लिए सुबह से ही स्टेडियम के बाहर लगी फैंस की कतारें


### स्टेडियम के बाहर ब्लैक में खूब बिके टिकट

*मेसी को देखने के लिए हर उम्र के लोग उत्साहित नजर आए, लेकिन कई ऐसे लोग भी स्टेडियम पहुंचे, जिनके पास टिकट नहीं था। फिर भी उनका जोश कम नहीं था। इस दौरान स्टेडियम के बाहर कई लोग ब्लैक में टिकट बेचते हुए भी नजर आए। रोहिणी के लव बताते हैं कि उनके पास कई लोग आए जो ब्लैक में टिकट की कीमत 2000 से 3000 रुपये बता रहे थे।*

A FAIRFAX Company Thomas Cook

कैलाश मानसरोवर

मन को शांति देने वाली अद्भुत यात्रा



थॉमस कुक एडवांटेज

तीर्थ यात्राएं

वीआईपी दर्शन और प्रायोरिटी एक्सेस* | हेलिकॉप्टर द्वारा यात्रा | मंगलकारी अनुष्ठान

एक्सपर्ट मार्गदर्शन | ₹ 16 000.00* तक डिस्काउंट्स

14 दिन ओवरलैंड वाया बस ₹ 2 42 000.00 | 10 दिन वाया लखनऊ ₹ 2 87 000.00 | 11 दिन वाया काठमांडू ₹ 3 07 000.00

यह भी उपलब्ध: चार धाम यात्रा हेलिकॉप्टर द्वारा 6 दिन @ ₹ 2 32 500.00 (एक्स-देहरादून)


समावेशन: होटल्स, भोजन, दर्शन असिस्टेंस और हमारे अनुभवी मैनेजर की सेवाएं.

यात्रा के लिए अधिकतम आयु 70 वर्ष है.

अपने नज़दीकी स्टोर को कॉल कीजिए

Connaught Place: 9619471251
GK 2 M Block: 9167685180
Punjabi Bagh: 8291226157
Laxmi Nagar: 9167433568
South Extension Part 2: 8879229851
Netaji Subhash Place: 8291458224
Rohini: 8291283717
Noida - Sec 18: 8291224852
Ghaziabad: RDC: 9619605891
Greater Noida West: 9619628133

## 17 साल बाद खेती की ज़मीन का सर्कल रेट आठ गुना बढ़ाने जा रही सरकार



Brijesh.singh@timesofindia.com

■ **नई दिल्ली:** दिल्ली सरकार 17 साल बाद कृषि भूमि (एग्रीकल्चर लैंड) के सर्कल रेट बढ़ाने की तैयारी में है। आधिकारिक सूत्रों के मुताबिक, बीते दिनों इसे लेकर एक बैठक भी हो चुकी है। सब कुछ ठीक रहा तो कृषि भूमि का सर्कल रेट मौजूदा दरों से आठ गुना तक बढ़ाया जा सकता है। इससे जमीन की दरें पांच करोड़ रुपये प्रति एकड़ तक पहुंच सकती हैं।

आधिकारिक सूत्रों के अनुसार हाल ही में एग्रीकल्चर लैंड की सर्कल रेट को लेकर जो प्रस्ताव तैयार किया गया है, उसमें पूरी दिल्ली के गांवों के लिए एक समान सर्कल रेट लागू करने का प्रस्ताव नहीं है। गांवों और इलाकों के हिसाब से भूमि के सर्कल रेट अलग-अलग होंगे। यह दर अधिकतम 5 करोड़ रुपये प्रति एकड़ तक हो सकती है। जिन एग्रीकल्चर लैंड पर अब आवासीय इलाके बस चुके हैं, वहां सर्किल रेट अपेक्षाकृत कम रखे जाएंगे। प्रस्ताव में इस बार सर्कल रेट बढ़ाने के साथ-साथ एक निश्चित समय अंतराल के बाद उसमें कुछ प्रतिशत बढ़ोतरी के भी प्रावधान का सुझाव है, जिससे नई दरों के लिए 17 साल तक इंतजार न करना पड़े। राजस्व विभाग के एक अनुमान के मुताबिक, दिल्ली के 200 से अधिक गांवों में आज भी 50 हजार एकड़ से अधिक कृषि भूमि है, जिस पर किसान खेती करते हैं। वर्तमान में दिल्ली में कृषि भूमि का सर्कल रेट 53 लाख रुपये प्रति एकड़ है।

### तैयार किया प्रस्ताव

- राजस्व विभाग ने कृषि संगठनों, किसानों समेत अन्य स्टेकहोल्डर्स के साथ बैठक के बाद तैयार किया प्रस्ताव
- पांच करोड़ रुपये प्रति एकड़ तक पहुंच सकती है जमीन की दरें, अभी है 53 लाख
- गांवों के हिसाब से जमीन के सर्कल रेट अलग-अलग होंगे
- 50,000 एकड़ से अधिक जमीन पर दिल्ली में अभी हो रही खेती

### खेती वाले गांव

छिलीपुर, खामपुर, हमिदपुर, झंगोला, बांकनेर, भोरगढ़, लामपुर, बख्तावरपुर, दरियापुर कलां, नजफगढ़, बिजवासन, ढिचाऊं कलां समेत अन्य गांव।

## झाग से घिरी यमुना, परिंदों का ठिकाना उजड़ा

### जनवरी में होने वाले एशियन वॉटरबर्ड सेंसस-2026 के दौरान पक्षी दिखने की उम्मीदें कम

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

**यमुना में** झाग और प्रदूषण की स्थिति के चलते इस समय यहां नजर आने वाले पक्षियों की संख्या काफी कम है। हालात ऐसे हैं कि हर जनवरी में होने वाले एशियन वॉटरबर्ड सेंसस (एडब्ल्यूसी)-2026 में भी पक्षियों के बढ़ने की संभावना कम लग रही है। इसे लेकर पक्षी प्रेमियों और इकोलॉजिस्ट्स में चिंता दिखाई दे रही है।

**नवंबर-दिसंबर में भी प्रवासी पंछियों की चहचहाहट नहीं**

दिल्ली में 22 किलोमीटर लंबी यमुना बहती है। किसी समय सर्दियों में मीलों दूर से सफर कर आने वाले विदेशी पक्षी यहां ठहरते थे। इकोलॉजिस्ट टी.के. रॉय के अनुसार, इस समय यमुना सबसे प्रदूषित नदी बन चुकी है। कई नालों से नदी में सीवर का पानी जा रहा है। लोग भी बड़ी मात्रा में कूड़ा डाल रहे हैं। मानवीय दखल की वजह से रिवर बेड सूख चुका है और उसपर अवैध खेती हो रही है। इस साल अच्छी बारिश हुई, लेकिन मॉनसून के देर से जाने के कारण सर्दियां भी देर से शुरू हुईं। इस समय यमुना में विदेशी पक्षियों की संख्या बेहद कम है।

टी.के. रॉय ने बताया कि आम तौर पर नवंबर और दिसंबर में नदी विदेशी पक्षियों से भरी रहती है, लेकिन इस सीजन में यह संख्या काफी घट गई है। एडब्ल्यूसी के दिल्ली स्टेट कोऑर्डिनेटर टी.के. रॉय ने कहा कि जनवरी में भी स्थिति में खास बदलाव की उम्मीद नहीं है। एशियन वॉटरबर्ड सेंसस-2026 जनवरी में होना है, लेकिन पक्षियों की संख्या यहां काफी कम है। यह सेंसस पूरे एशिया में जनवरी में किया जाता है, जिसमें जलीय पक्षियों और उनकी प्रजातियों को रिकॉर्ड किया जाता है।

यमुना दिल्ली में वजीराबाद बैराज से आती है और ओखला बैराज से यूपी में दाखिल होती है। वजीराबाद और ओखला बैराज में गंदा सफेद झाग पानी की सतह पर बहता नजर आता है। इसके अलावा, यमुना के आसपास नहाना, नाव से मछली पकड़ना जैसी गतिविधियों से भी पक्षी डिस्टर्ब हो रहे हैं।



### रेजिडेंट बर्ड्स

रेजिडेंट पक्षियों में ग्रे हेरॉन, लिटिल कॉरमोरेंट, ब्लैक-विंग्ड स्टिल्ट, भारतीय पोंड हेरॉन, रिवर लैपविंग, व्हाइट-ब्रेस्टेड किंगफिशर, ईग्रेट्स और रेड-वॉटल्ड लैपविंग कम संख्या में दिख रहे हैं।

### विदेशी पक्षी

विदेशी पक्षियों में ब्लैक-हेडेड गुल, ग्रेट कॉरमोरेंट, कॉमन सैंडपाइपर और येलो वागटेल नजर आ रहे हैं।

## 'इंटरनैशनल शेम' है मेसी के कार्यक्रम में AQI के नारे: AAP

■ **NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली:** दिल्ली में बढ़ते वायु प्रदूषण के बीच आम आदमी पार्टी ने कहा है कि अर्जेंटीना के फुटबॉलर लियोनेल मेसी के कार्यक्रम में जश्न की जगह प्रदूषण को लेकर नारे गूंजना, अंतरराष्ट्रीय स्तर पर शर्मनाक स्थिति है। 'आप' के दिल्ली प्रदेश संयोजक सौरभ भारद्वाज ने यह कहते हुए कहा कि यह दर्शाता है और यह साफ संकेत है कि दिल्ली की जनता स्वच्छ हवा चाहती है।

**प्रदूषण खतरनाक स्तर पर पहुंच चुका है: केजरीवाल**

आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने कहा कि राजधानी में प्रदूषण खतरनाक स्तर पर पहुंच चुका है, लेकिन इसके बावजूद केंद्र सरकार की ओर से कोई ठोस और गंभीर प्रयास दिखाई नहीं दे रहा है।

इस स्थिति में दिल्ली सरकार के साथ-साथ खासतौर पर केंद्र सरकार को संवेदनशील और जिम्मेदार रवैया अपनाना चाहिए। भारद्वाज ने कहा कि दिल्ली में मेसी को लेकर आयोजन किया गया था, वह प्रदूषण के खिलाफ जन-प्रदर्शन में बदल गया। उन्होंने बताया कि जैसे ही दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता कार्यक्रम स्थल पर पहुंचीं, वहां मौजूद लोग 'AQI, AQI' के नारे लगाने लगे और कुछ लोगों ने यह तक पूछा कि वह यहां क्यों आई हैं।

## BJP के नए राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष का दिल्ली में स्वागत

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

**बीजेपी के** नवनियुक्त राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष नितिन नबीन के दिल्ली आगमन पर मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने बीजेपी के अन्य नेताओं के साथ उनका स्वागत किया। दिल्ली सरकार के मंत्रियों ने भी उनसे मुलाकात करके उन्हें राष्ट्रीय अध्यक्ष की जिम्मेदारी मिलने पर बधाई दी। इस दौरान रेखा गुप्ता ने नितिन नबीन को नई जिम्मेदारी के लिए हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए कहा कि उनकी नियुक्ति से भाजपा संगठन को नई ऊर्जा और नई दिशा मिलेगी।

**सीएम रेखा गुप्ता ने नई जिम्मेदारी के लिए दी बधाई**

सीएम रेखा गुप्ता ने कहा कि नितिन नबीन का संगठनात्मक अनुभव, कार्यशैली और जमीनी कार्यकर्ताओं से निरंतर संवाद पार्टी को और अधिक सशक्त, अनुशासित एवं गतिशील बनाएगा। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष जैसे महत्वपूर्ण दायित्व पर उनकी नियुक्ति पार्टी नेतृत्व के युवा नेतृत्व पर विश्वास और भरोसे का प्रतीक है। छात्र राजनीति से लेकर संगठन के विभिन्न दायित्वों का सफल निर्वहन करते हुए उन्होंने बिहार की राजनीति में अपनी मजबूत पहचान बनाई है। वह जमीनी कार्यकर्ताओं से सीधे संवाद में विश्वास रखते हैं।



वीरेंद्र सचदेवा ने नितिन नबीन से की मुलाकात

### आप नेता अंतरराष्ट्रीय मसलों पर बयानबाजी ना करें: सचदेवा

■ **NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली:** बीजेपी ने आप नेता सौरभ भारद्वाज द्वारा सिंगापुर हाई कमिशन की ओर से प्रदूषण को लेकर जारी एडवाइजरी पर दिए बयान पर कहा कि आप नेताओं की बयानबाजी ओछी राजनीति है। उन्होंने आप नेताओं को सलाह दी है कि वह अंतरराष्ट्रीय मसलों पर राजनीतिक बयानबाजी से बचें। उन्होंने कहा कि अक्सर किसी भी देश या शहर का मौसम खराब होने पर दूसरे देशों की सरकारें वहां रह रहे अपने नागरिकों के लिए एडवाइजरी जारी करते हैं।

CCI NG 3.7 Product: NBTDelhiBS PubDate: 16-12-2025 Zone: Mahanagar Edition: 1 Page: NBTMA6 User: vivek.kumar4 Time: 12-15-2025 22:10 Color:



# प्रदेश को मिली नई पहचान
# प्रगति के पथ पर राजस्थान

## महिलाओं को शक्ति, बालिकाओं को प्रोत्साहन

- रसोई गैस सब्सिडी योजना में गरीब परिवार की महिलाओं को घरेलू गैस सिलेण्डर 450 रुपए में उपलब्ध, 867 करोड़ रुपए की सब्सिडी
- कृषि अध्ययन हेतु 58,397 छात्राओं को 103 करोड़ रुपए की प्रोत्साहन राशि
- लाडो प्रोत्साहन योजना में 1.50 लाख रुपए सेवा बॉण्ड से 4.60 लाख बालिकाओं को मिला लाभ
- 12 लाख महिलाएं बनी लखपति दीदी, नारी शक्ति उद्यम प्रोत्साहन योजना में 216 करोड़ रुपए के ऋण
- प्रधानमंत्री मातृ वंदन योजना में 9.92 लाख गर्भवती महिलाओं को 531 करोड़ रुपए की सहायता
- 1.22 करोड़ महिलाओं एवं बालिकाओं को प्रतिमाह 12 नि:शुल्क सैनेटरी नैपकिन
- 65 एन्टी रोमियो स्क्वॉड का गठन, 500 स्कूटियों से निगरानी
- तीन महिला बटालियनों के लिए 2,216 पद, 500 कालिका पेट्रोलिंग यूनिट का गठन
- 1.37 लाख स्वयं सहायता समूहों को 669 करोड़ रुपए आजीविका संवर्धन राशि, 2.21 लाख स्वयं सहायता समूहों को 5,271 करोड़ रुपए का ऋण
- महिला अपराधों में 12 प्रतिशत की कमी





श्री भजनलाल शर्मा
माननीय मुख्यमंत्री, राजस्थान

श्री नरेन्द्र मोदी
माननीय प्रधानमंत्री

## युवा उम्मीदों को लगे पंख

- 92,000 से अधिक पदों पर नियुक्तियां, 1.53 लाख पदों पर नई भर्तियां
- एसआईटी गठन से डमी अभ्यर्थी, फर्जी डिग्री व भर्ती परीक्षा सम्बन्धी अन्य अनियमितताओं पर रोक
- 65 i-Start लॉन्चपैड नेस्ट स्थापित, 658 स्टार्टअप्स को 22.48 करोड़ रुपए की सहायता
- मुख्यमंत्री युवा संबल योजना में 4.13 लाख लाभार्थियों को 1,155 करोड़ रुपए का वितरण, 1.91 लाख युवाओं को इंटर्नशिप
- मुख्यमंत्री अनुप्रति कोचिंग योजना में 213 करोड़ रुपए से 31,127 विद्यार्थी लाभान्वित
- 3.37 लाख युवाओं को कौशल प्रशिक्षण, 410 रोजगार सहायता शिविरों में 1.11 लाख युवा लाभान्वित
- 1,754 खिलाडियों को 39.57 करोड़ रुपए की सहायता

## अन्त्योदय का संकल्प

- खाद्य सुरक्षा योजना में 70 लाख नए नाम जोड़े
- घुमंतू, अर्ध घुमंतू एवं विमुक्त परिवारों को 22,323 पट्टे आवंटित
- सामाजिक सुरक्षा के तहत विभिन्न योजनाओं में 91.61 लाख लाभार्थियों को 25,851 करोड़ रुपए की पेंशन
- 7.22 लाख श्रमिकों को 806 करोड़ रुपए हस्तांतरित
- 17.41 लाख श्रमिक ई-श्रम पोर्टल पर पंजीकृत
- 1,443 नए कारखाने पंजीकृत
- श्रमिकों की न्यूनतम मजदूरी 26 रुपए प्रतिदिन बढ़ाई
- पीएम स्वनिधि योजना में 87 हजार फेरी एवं ठेले वालों को सहायता
- प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के अन्तर्गत 1.36 लाख एवं शहरी में 68,738 आवास कार्य पूर्ण
- विशेष योग्यजनों को 15 हजार कृत्रिम उपकरण एवं 3,030 स्कूटियों का वितरण

## ऊर्जा क्रांति की ओर बढ़ता राजस्थान

- ऊर्जा उत्पादन को 28 प्रतिशत (6,839 मेगावाट) बढ़ाया
- ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में बिजली सेवाएँ सुदृढ़
- 33 केवी के 333 सब-स्टेशन स्थापित
- 9.19 लाख नए घरेलू बिजली कनेक्शन जारी
- 22 जिलों के 2-2 ब्लॉक में किसानों को दिन में बिजली
- ग्रीन एनर्जी ढांचा मजबूत करने हेतु 132 केवी एवं उच्च क्षमता के 45 GSS स्थापित
- राजस्थान सौर एवं अक्षय ऊर्जा क्षमता में देश में प्रथम स्थान पर
- पीएम सूर्य घर योजना में 1.05 लाख रूफटॉप सोलर संयंत्र स्थापित
- 20,000 करोड़ रुपए की लागत से 2,450 मेगावाट के सोलर पार्क विकसित
- 41 गीगावाट क्षमता वाली अक्षय ऊर्जा परियोजनाएँ
- पीएम-कुसुम योजना में 2,272 मेगावाट क्षमता के 1,019 प्रोजेक्ट स्थापित

## सशक्त खेती, समृद्ध किसान

- किसान सम्मान निधि में 76.18 लाख किसानों को 10,432 करोड़ रुपए की सहायता, सहायता राशि 6,000 रुपए से बढ़ाकर 9,000 रुपए प्रतिवर्ष
- 44,355 करोड़ रुपए का ब्याज मुक्त अल्पकालीन फसली ऋण
- गोपाल क्रेडिट कार्ड योजना के अंतर्गत 84,604 परिवारों को 634 करोड़ रुपए का ब्याज मुक्त ऋण
- बिजली बिलों पर 44,558 करोड़ रुपए का अनुदान
- प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना में 6,207 करोड़ रुपए के बीमा क्लेम जारी
- 2.66 लाख किसानों से 33.42 लाख टन गेहूँ की समर्थन मूल्य पर सरकारी खरीद, 471.16 करोड़ रुपए बोनस
- 5 लाख किसानों से 12.60 लाख मी. टन दलहन एवं तिलहन की समर्थन मूल्य खरीद पर 8,191 करोड़ रुपए का भुगतान
- 1.86 लाख नए कृषि विद्युत कनेक्शन, प्रतिदिन 260 नए कनेक्शन हो रहे
- पीएम कुसुम बी में 53,571 सोलर पम्प पर 822 करोड़ रुपए की सहायता

## शिक्षा में नई उड़ान

- स्कूटी योजना में छात्राओं को 39,664 स्कूटियां वितरित
- 21 नए राजकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज
- 629 पीएमश्री बाल वाटिकाएं, 500 पीएमश्री विद्यालयों में डिजिटल लाइब्रेरी, 142 पीएमश्री विद्यालयों में ओ - लैब
- 4,010 विद्यालयों में 8,020 स्मार्ट क्लास
- विद्यार्थियों को यूनिफॉर्म व बैग हेतु 800 रुपए DBT, 41.25 लाख बच्चों को 330.06 करोड़ रुपए
- छात्राओं को 10.51 लाख साइकिलें, मेधावी विद्यार्थियों को 88,724 टैबलेट
- विभिन्न योजनाओं में 4.14 लाख छात्राओं को 181 करोड़ रुपए की आर्थिक सहायता

## प्रदेश में बढ़ा निवेश

- ग्लोबल इन्वेस्टमेंट समिट में 35 लाख करोड़ रुपए के एमओयू
- 8 लाख करोड़ रुपए के निवेश के कार्य प्रारम्भ
- खनन से रिकॉर्ड राजस्व 17,633 करोड़ रुपए
- हर 7 दिन में नया औद्योगिक क्षेत्र एवं हर दिन 7 औद्योगिक भूखंडों का आवंटन
- एमएसएमई, हस्तशिल्प और स्टार्टअप में 7,186 को 1,946.84 करोड़ रुपए वितरित
- राजस्थान एक्सपोर्ट प्रमोशन पॉलिसी 2024
- प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना में 21.73 लाख पंजीकरण, 2.14 लाख लाभार्थियों को प्रशिक्षण, 50,111 को ऋण
- 26 नवीन नीतियां जारी, 37 नए औद्योगिक क्षेत्र खोले
- पहली बार राजस्थानी प्रवासी दिवस का आयोजन
- मैंगनीज़, चूना पत्थर ग्रेफाइट, सीसा, जस्ता, तांबा, टंगस्टन, आर.ई.ई., क्रिटिकल एवं स्ट्रेटेजिक मिनरल की नीलामी

## आंकड़े सच बोलते हैं

5 साल 2018-2023 बनाम 2 साल 2024 - नवम्बर, 2025

| | नहरी तंत्र से सृजित सिंचाई सुविधा | फार्म पौण्ड (खेत तलाई) | ओडीएफ प्लस गाँव | निर्मित नवीन सड़कों की लम्बाई | सड़कों से जोड़े गए गाँव | नवीकरणीय ऊर्जा परियोजनाओं हेतु आवंटित भूमि (हैक्टेयर) | बिजली उत्पादन क्षमता में वृद्धि (मेगावाट) | कुसुम A के तहत एलओए (मेगावाट) | कुसुम C के तहत एलओए (मेगावाट) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| पहले | 52,182 | 29,430 | 1,478 | 13,160 | 1,104 | 22,597 | 3,952 | 595 | 114 |
| अब | 84,592 | 35,368 | 41,000 | 16,430 | 1,698 | 98,894 | 6,839 | 5,318 | 5,287 |
| | **स्कूली विद्यार्थियों को टैबलेट / लेपटॉप वितरण** | **छात्राओं को स्कूटी वितरित** | **राजकीय पॉलिटेक्निक महाविद्यालयों की स्थापना** | **राजकीय महाविद्यालयों के भवन निर्माण** | **स्कूली विद्यार्थियों को साइकिल वितरण (लाख)** | **नवीन राजस्व ग्रामों का सृजन** | **सैटेलाइट अस्पताल की स्थापना** | **कौशल प्रशिक्षण (लाख)** | **गौशालाओं को सहायता राशि (करोड़ रुपए)** |
| पहले | 986 | 21,136 | 5 | 57 | 10.36 | 1,517 | 10 | 2.35 | 3,117 |
| अब | 88,724 | 39,664 | 21 | 178 | 10.51 | 2,281 | 14 | 3.37 | 3,433 |

सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, राजस्थान

CCI NG 3.7 Product: NBTDelhiBS PubDate: 16-12-2025 Zone: Mahanagar Edition: 1 Page: NBTMA6 User: vivek.kumar4 Time: 12-15-2025 22:10 Color:




राजस्थान सरकार

# प्रदेश को मिली नई पहचान
# प्रगति के पथ पर राजस्थान



श्री भजनलाल शर्मा
माननीय मुख्यमंत्री, राजस्थान

श्री नरेन्द्र मोदी
माननीय प्रधानमंत्री

## महिलाओं को शक्ति, बालिकाओं को प्रोत्साहन

- रसोई गैस सब्सिडी योजना में गरीब परिवार की महिलाओं को घरेलू गैस सिलेंडर 450 रुपए में उपलब्ध, 867 करोड़ रुपए की सब्सिडी
- कृषि अध्ययन हेतु 58,397 छात्राओं को 103 करोड़ रुपए की प्रोत्साहन राशि
- लाडो प्रोत्साहन योजना में 1.50 लाख रुपए सेवा बॉण्ड से 4.60 लाख बालिकाओं को मिला लाभ
- 12 लाख महिलाएं बनी लखपति दीदी, नारी शक्ति उद्यम प्रोत्साहन योजना में 216 करोड़ रुपए के ऋण
- प्रधानमंत्री मातृ वंदन योजना में 9.92 लाख गर्भवती महिलाओं को 531 करोड़ रुपए की सहायता
- 1.22 करोड़ महिलाओं एवं बालिकाओं को प्रतिमाह 12 निःशुल्क सैनेटरी नैपकिन
- 65 एन्टी रोमियो स्क्वॉड का गठन, 500 स्कूटियों से निगरानी
- तीन महिला बटालियनों के लिए 2,216 पद, 500 कालिका पेट्रोलिंग यूनिट का गठन
- 1.37 लाख स्वयं सहायता समूहों को 669 करोड़ रुपए आजीविका संवर्धन राशि, 2.21 लाख स्वयं सहायता समूहों को 5,271 करोड़ रुपए का ऋण
- महिला अपराधों में 12 प्रतिशत की कमी

## युवा उम्मीदों को लगे पंख

- 92,000 से अधिक पदों पर नियुक्तियां, 1.53 लाख पदों पर नई भर्तियां
- एसआईटी गठन से डमी अभ्यर्थी, फर्जी डिग्री व भर्ती परीक्षा सम्बन्धी अन्य अनियमितताओं पर रोक
- 65 i-Start लॉन्चपैड नेस्ट स्थापित, 658 स्टार्टअप्स को 22.48 करोड़ रुपए की सहायता
- मुख्यमंत्री युवा संबल योजना में 4.13 लाख लाभार्थियों को 1,155 करोड़ रुपए का वितरण, 1.91 लाख युवाओं को इंटर्नशिप
- मुख्यमंत्री अनुप्रति कोचिंग योजना में 213 करोड़ रुपए से 31,127 विद्यार्थी लाभान्वित
- 3.37 लाख युवाओं को कौशल प्रशिक्षण, 410 रोजगार सहायता शिविरों में 1.11 लाख युवा लाभान्वित
- 1,754 खिलाड़ियों को 39.57 करोड़ रुपए की सहायता

## अन्त्योदय का संकल्प

- खाद्य सुरक्षा योजना में 70 लाख नए नाम जोड़े
- घुमंतु, अर्ध घुमंतु एवं विमुक्त परिवारों को 22,323 पट्टे आवंटित
- सामाजिक सुरक्षा के तहत विभिन्न योजनाओं में 91.61 लाख लाभार्थियों को 25,851 करोड़ रुपए की पेंशन
- 7.22 लाख श्रमिकों को 806 करोड़ रुपए हस्तांतरित
- 17.41 लाख श्रमिक ई-श्रम पोर्टल पर पंजीकृत
- 1,443 नए कारखाने पंजीकृत
- श्रमिकों की न्यूनतम मजदूरी 26 रुपए प्रतिदिन बढ़ाई
- पीएम स्वनिधि योजना में 87 हजार फेरी एवं ठेले वालों को सहायता
- प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के अन्तर्गत 1.36 लाख एवं शहरी में 68,738 आवास कार्य पूर्ण
- विशेष योग्यजनों को 15 हजार कृत्रिम उपकरण एवं 3,030 स्कूटियों का वितरण




## ऊर्जा क्रांति की ओर बढ़ता राजस्थान

- ऊर्जा उत्पादन को 28 प्रतिशत (6,839 मेगावाट) बढ़ाया
- ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में बिजली सेवाएँ सुदृढ़
- 33 केवी के 333 सब-स्टेशन स्थापित
- 9.19 लाख नए घरेलू बिजली कनेक्शन जारी
- 22 जिलों के 2-2 ब्लॉक में किसानों को दिन में बिजली
- ग्रीन एनर्जी ढांचा मजबूत करने हेतु 132 केवी एवं उच्च क्षमता के 45 GSS स्थापित
- राजस्थान सौर एवं अक्षय ऊर्जा क्षमता में देश में प्रथम स्थान पर
- पीएम सूर्य घर योजना में 1.05 लाख रूफटॉप सोलर संयंत्र स्थापित
- 20,000 करोड़ रुपए की लागत से 2,450 मेगावाट के सोलर पार्क विकसित
- 41 गीगावाट क्षमता वाली अक्षय ऊर्जा परियोजनाएँ
- पीएम-कुसुम योजना में 2,272 मेगावाट क्षमता के 1,019 प्रोजेक्ट स्थापित

## सशक्त खेती, समृद्ध किसान

- किसान सम्मान निधि में 76.18 लाख किसानों को 10,432 करोड़ रुपए की सहायता, सहायता राशि 6,000 रुपए से बढ़ाकर 9,000 रुपए प्रतिवर्ष
- 44,355 करोड़ रुपए का ब्याज मुक्त अल्पकालीन फसली ऋण
- गोपाल क्रेडिट कार्ड योजना के अंतर्गत 84,604 परिवारों को 634 करोड़ रुपए का ब्याज मुक्त ऋण
- बिजली बिलों पर 44,558 करोड़ रुपए का अनुदान
- प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना में 6,207 करोड़ रुपए के बीमा क्लेम जारी
- 2.66 लाख किसानों से 33.42 लाख टन गेहूँ की समर्थन मूल्य पर सरकारी खरीद, 471.16 करोड़ रुपए बोनस
- 5 लाख किसानों से 12.60 लाख मी. टन दलहन एवं तिलहन की समर्थन मूल्य खरीद पर 8,191 करोड़ रुपए का भुगतान
- 1.86 लाख नए कृषि विद्युत कनेक्शन, प्रतिदिन 260 नए कनेक्शन हो रहे
- पीएम कुसुम बी में 53,571 सोलर पम्प पर 822 करोड़ रुपए की सहायता

## शिक्षा में नई उड़ान

- स्कूटी योजना में छात्राओं को 39,664 स्कूटियां वितरित
- 21 नए राजकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज
- 629 पीएमश्री बाल वाटिकाएं, 500 पीएमश्री विद्यालयों में डिजिटल लाइब्रेरी, 142 पीएमश्री विद्यालयों में ओ-लैब
- 4,010 विद्यालयों में 8,020 स्मार्ट क्लास
- विद्यार्थियों को यूनिफॉर्म व बैग हेतु 800 रुपए DBT, 41.25 लाख बच्चों को 330.06 करोड़ रुपए
- छात्राओं को 10.51 लाख साइकिलें, मेधावी विद्यार्थियों को 88,724 टैबलेट
- विभिन्न योजनाओं में 4.14 लाख छात्राओं को 181 करोड़ रुपए की आर्थिक सहायता

## प्रदेश में बढ़ा निवेश

- ग्लोबल इन्वेस्टमेंट समिट में 35 लाख करोड़ रुपए के एमओयू
- 8 लाख करोड़ रुपए के निवेश के कार्य प्रारम्भ
- खनन से रिकॉर्ड राजस्व 17,633 करोड़ रुपए
- हर 7 दिन में नया औद्योगिक क्षेत्र एवं हर दिन 7 औद्योगिक भूखंडों का आवंटन
- एमएसएमई, हस्तशिल्प और स्टार्टअप में 7,186 को 1,946.84 करोड़ रुपए वितरित
- राजस्थान एक्सपोर्ट प्रमोशन पॉलिसी 2024
- प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना में 21.73 लाख पंजीकरण, 2.14 लाख लाभार्थियों को प्रशिक्षण, 50,111 को ऋण
- 26 नवीन नीतियां जारी, 37 नए औद्योगिक क्षेत्र खोले
- पहली बार राजस्थानी प्रवासी दिवस का आयोजन
- मैंगनीज़, चूना पत्थर ग्रेफाइट, सीसा, जस्ता, तांबा, टंगस्टन, आर.ई.ई., क्रिटिकल एवं स्ट्रेटेजिक मिनरल की नीलामी

## आंकड़े सच बोलते हैं

5 साल 2018-2023 बनाम 2 साल 2024 - नवम्बर, 2025

| | नहरी तंत्र से सृजित सिंचाई सुविधा | फार्म पौण्ड (खेत तलाई) | ओडीएफ प्लस गाँव | निर्मित नवीन सड़कों की लम्बाई | सड़कों से जोड़े गए गाँव | नवीकरणीय ऊर्जा परियोजनाओं हेतु आवंटित भूमि (हैक्टेयर) | बिजली उत्पादन क्षमता में वृद्धि (मेगावाट) | कुसुम A के तहत एलओए (मेगावाट) | कुसुम C के तहत एलओए (मेगावाट) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| पहले | 52,182 | 29,430 | 1,478 | 13,160 | 1,104 | 22,597 | 3,952 | 595 | 114 |
| अब | 84,592 | 35,368 | 41,000 | 16,430 | 1,698 | 98,894 | 6,839 | 5,318 | 5,287 |

| | स्कूली विद्यार्थियों को टैबलेट / लेपटॉप वितरण | छात्राओं को स्कूटी वितरित | राजकीय पॉलिटेक्निक महाविद्यालयों की स्थापना | राजकीय महाविद्यालयों के भवन निर्माण | स्कूली विद्यार्थियों को साइकिल वितरण (लाख) | नवीन राजस्व ग्रामों का सृजन | सैटेलाइट अस्पताल की स्थापना | कौशल प्रशिक्षण (लाख) | गौशालाओं को सहायता राशि (करोड़ रुपए) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| पहले | 986 | 21,136 | 5 | 57 | 10.36 | 1,517 | 10 | 2.35 | 3,117 |
| अब | 88,724 | 39,664 | 21 | 178 | 10.51 | 2,281 | 14 | 3.37 | 3,433 |

राजस्थान संवाद

सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, राजस्थान

**NOTE : -**

**[ : राजस्थान पत्रिका , दैनिक जागरण delhi, नवभारत टाइम्स delhi, अमर उजाला delhi, हिन्दुस्तान delhi, Pioneer hindi delhi, जनसत्ता delhi, ]**

**English NEWSPAPERS**
**[ Times Of India delhi, Indian Express delhi, The Hindu delhi, Financial Express delhi, economic times delhi , the Pioneer english delhi , the tribune delhi ] ETC.**

We are providing all news paper pdf hindi and English want to read daily newspapers by pdf please msg me on telegram

2. आकाशवाणी (AUDIO)

**whatsapp Group ka link pane ke liye Newspaper_pdf_bot par jaye.**

**Click here to contact:-https://t.me/Newspaper_pdf_bot**
**Or type in Search box of Telegram**
@Newspaper_pdf_bot And you will find a channel
**BACKUP GROUP LINK**
**https://t.me/joinchat/5P9EL1JaqoYzNTI1**

# Hindi-English News Paper Website:- onlineftp.in